

हिन्दी दैनिक

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना,गुरूवार | 28 नवम्बर 2024 | वर्ष : 02 अंक :192 | पृष्ठ -14 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## ब्रीफ न्यूज

### जानिए कौन हैं बल्लीमारान से विधायक इमरान हुसैन , जो आतिशी की कैबिनेट में संभाल रहे हैं मंत्रीपद की जिम्मेदारी



एजेंसी

**नई दिल्ली:**कुछ समय पहले आतिशी के साथ ही पांच कैबिनेट मंत्रियों ने भी शपथ ली है। जिसमें एक मुस्लिम चेहरा इमरान हुसैन भी शामिल हैं। इमरान हुसैन दिल्ली की राजनीति में एक प्रमुख नाम हैं। वे आम आदमी पार्टी (अअढ) के सदस्य हैं और वर्तमान में दिल्ली की 7वीं विधानसभा के सदस्य हैं। इमरान हुसैन चांदनी चौक के बल्लीमारान क्षेत्र से दो बार विधायक चुने गए। इमरान हुसैन का जन्म 21 मई 1981 को नई दिल्ली में हुआ था। उन्होंने जामिया मिलिया इस्लामिया से बैचलर ऑफ बिजनेस स्टडीज की डिग्री हासिल की थी।इमरान हुसैन का जन्म नई दिल्ली में हुआ था। वे दिल्ली के चारदीवारी क्षेत्र से आते हैं ।उन्होंने दरियागंज के क्रिसेंट स्कूल से पढ़ाई की। उन्होंने जामिया मिलिया इस्लामिया में दाखिला लिया और बैचलर ऑफ बिजनेस स्टडीज की डिग्री हासिल की।

## आनंद मोहन और चिराग पासवान का झगड़ा बढ़ा,

# केंद्रीय मंत्री ने बाहुबली को याद दिलाई नीतीश की कृपा

**जीतनराम मांझी की बहू दीपा मांझी के लिए इमामगंज में प्रचार न करने पर आनंद मोहन ने चिराग पासवान पर सवाल उठाए। इसके बाद चिराग ने आनंद मोहन को याद दिलाया कि वह नीतीश कुमार की कृपा से ही जेल से बाहर आए।**

एजेंसी


**पटना :**बिहार में विधानसभा उपचुनाव के बाद केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। राजपूत समाज से आने वाले आनंद मोहन ने गया जिले की एससी आरक्षित सीट इमामगंज सीट पर लोजपा रामविलास के मुखिया चिराग पासवान के उपचुनाव में प्रचार नहीं करने पर सवाल उठाए।इसके बाद चिराग ने पूर्व सांसद को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कृपा याद दिला दी। उन्होंने कहा कि आनंद मोहन नीतीश की बदौलत ही जेल से बाहर आ पाए और सीएम की वजह से उनके परिवार के सदस्य राजनीति में हैं।चिराग पासवान ने बुधवार को मीडिया से बताचीत में पूर्व सांसद आनंद मोहन के आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, ह्ववो (आनंद मोहन) सक्रिय राजनीति से नहीं जुड़े हुए हैं।उनकी बात पर किसी तरह की प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं है। हालांकि, उनके परिवार के कई सदस्य





सक्रिय राजनीति में हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कृपा पर वे जेल से बाहर आए हैं।संगीन आरोपों की वजह से वे जेल में थे। अब उसी समाज (दलित) के लोगों पर फिर से वे उंगली उठा रहे हैं।ह्व बता दें कि चिराग लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक दिवंगत रामविलास पासवान के बेटे हैं।उनकी पार्टी दलितों को केंद्र में रखकर राजनीति करती है।इससे पहले विधानसभा उपचुनाव के दौरान गया जिले की इमामगंज सीट पर एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार न करने को लेकर आनंद मोहन ने चिराग को घेरा था।दो दिन पहले आनंद मोहन ने एक बयान में कहा कि इमामगंज से केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की बहू (दीपा मांझी) के लिए चिराग प्रचार करने नहीं गए। इस सीट पर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के कैंडिडेट जितेंद्र पासवान 37 हजार वोट ले आए। यह चिराग पासवान के ऊपर सवालिया निशान हैं।पूर्व सांसद ने कहा कि चिराग एनडीए में हैं भी या नहीं? वह पासवानों के नेता हैं या नहीं? इस पर सवाल खड़ा होता है। उन्हें तय करना होगा कि वह किस पक्ष में हैं। अगर एनडीए में हैं तो इमामगंज में उनकी जाति का एक नौजवान एनडीए प्रत्याशी के खिलाफ इतने वोट कैसे ला सकता है।इसके बाद आनंद मोहन के बेटे एवं विधायक चेतन आनंद ने भी चिराग पासवान को आड़े हाथों लिया। चेतन ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा कि इमामगंज जैसी प्रतिष्ठा वाली एनडीए की सीट फंसी हुई थी। वहां पर आप (चिराग पासवान) प्रचार करने नहीं गए। वह जीतनराम मांझी को उनके घर में ही नीचा दिखाना चाहते थे,

## अमित शाह करेंगे महाराष्ट्र के नए सीएम के नाम पर फैसला



### नई दिल्ली में महायुति की बड़ी बैठक कल

एजेंसी

**नई दिल्ली:**पूर्व सीएम एकनाथ शिंदे ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महायुति गठबंधन गुरुवार को अगली महाराष्ट्र सरकार और मुख्यमंत्री पर फैसला लेने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि तीन सहयोगी दल शिवसेना शिंदे, राकांपा अजित पवार और भाजपा- इस मामले पर चर्चा के लिए गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में बैठक करेंगे। बताया जा रहा है कि अमित शाह के साथ ये बैठक होगी। कार्यवाहक सीएम ने ठाणे में अपने घर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आपके मन में कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि बीजेपी जो भी फैसला करेगी, शिवसेना उसका समर्थन करती है, कल हम दिल्ली में अमित शाह के साथ सरकार गठन पर फैसला करेंगे।पूर्व सीएम एकनाथ शिंदे ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महायुति गठबंधन गुरुवार को अगली महाराष्ट्र सरकार और मुख्यमंत्री पर फैसला लेने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि तीन सहयोगी दल शिवसेना शिंदे, राकांपा अजित पवार और भाजपा- इस मामले पर चर्चा के लिए गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में बैठक करेंगे। बताया जा रहा है कि अमित शाह के साथ ये बैठक होगी। कार्यवाहक सीएम ने ठाणे में अपने घर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आपके मन में कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि बीजेपी जो भी फैसला करेगी, शिवसेना उसका समर्थन करती है, कल हम दिल्ली में अमित शाह के साथ सरकार गठन पर फैसला करेंगे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार से भड़का पवन कल्याण का गुस्सा, दे डाली बड़ी चेतावनी



एजेंसी

**नई दिल्ली:**बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर भारत की चिंता बढ़ती जा रही है। भारत सरकार ने बांग्लादेश की सरकार से कहा है कि वह अल्पसंख्यक हिंदुओं की रक्षा करे। इस बीच कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिये बने असुरक्षा के माहौल पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए भारत सरकार से मांग की है कि वह बांग्लादेश सरकार पर आवश्यक कदम उठाने और अल्पसंख्यकों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव डालें।वहीं आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने भी बांग्लादेश में इस्कॉन के एक पुजारी की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए एकजुटता का आह्वान किया है। पवन कल्याण ने पड़ोसी देश के अंतरिम प्रमुख और नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस से ह्वबांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचारह्व को रोकने के लिए कदम उठाने का आग्रह भी किया है। पवन कल्याण ने कहा, आइए, हम सब मिलकर बांग्लादेश पुलिस द्वारा इस्कॉन के पुजारी ह्वचिन्मय कृष्ण दास को हिरासत में लिये जाने की घटना की निंदा करें।

## सीएम पद की कल शपथ लेंगे हेमंत सोरेन, राहुल गांधी और केजरीवाल सहित ये नेता होंगे शामिल

एजेंसी

**झारखंड:**झारखंड के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को शपथ ले सकते हैं।विपक्ष के नेता राहुल गांधी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शपथ ग्रहण में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस के राहुल गांधी और राजद के तेजस्वी यादव सहित इंडिया गुट के शीर्ष नेता 28 नवंबर को हेमंत सोरेन सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं। शानदार वापसी करते हुए, हेमंत सोरेन के झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन शनिवार को झारखंड में लगातार दूसरी बार सत्ता में आया। 81 सदस्यीय विधानसभा में गठबंधन ने 56 सीटें जीती।भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के सभी प्रयासों के बावजूद, जो



केवल 24 सीट हासिल कर सकी। सोरेन ने भाजपा के गमलियाल हेम्ब्रोम को 39,791 मतों के अंतर से हराकर बरहेट सीट बरकरार रखी। इस बीच शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां चल रही हैं। राज्य में इंडिया ब्लॉक के नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से उन्हें विधायक दल का नेता चुने जाने के तुरंत बाद सोरेन ने रविवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया।राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से एक दिन पहले सोरेन अपनी पत्नी कल्पना के साथ अपने दादा सोबरन सोरेन को उनकी 67वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए रामगढ़ जिले में अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। सोरेन ने अपने गांव वालों को रांची के मोरहाबादी मैदान में होने वाले अपनी सरकार के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया। नेमरा के लुकैयाटांड में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार के गठन का काम जारी है।सोरेन ने ग्रामीणों से कहा, ह्वह्वकल से ह्वअबुआ सरकार (हमारी सरकार) की नयी पारी शुरू होगी।

## बिहार से निकलकर दिल्ली की राजनीति में सक्रिय हैं सजीव झा, बुराड़ी से लगातार तीन बार जीत चुके हैं चुनाव

एजेंसी

**पटना:**विधायक संजीव झा आम आदमी पार्टी से जुड़े एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं।वे बुराड़ी निर्वाचन क्षेत्र से दिल्ली विधानसभा के सदस्य हैं। इसके साथ ही संजीव छत्तीसगढ़ के प्रभारी और आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता भी हैं।2018 में उन्होंने दिल्ली विधानसभा द्वारा जिला विकास समिति,लोक लेखा समिति, शिक्षा पर स्थायी समिति के अध्यक्ष के साथ-साथ जनवरी 2020 तक विधानसभा में सत्तारूढ़ पार्टी के महासचिव के रूप में भी काम किया था। बाद में उन्हें



राज्य परिवहन प्राधिकरण का सदस्य नियुक्त किया गया और उत्तरी एमसीडी का सदस्य नामित किया गया।2020 के दिल्ली विधान सभा चुनाव में उन्होंने फिर से जेडीयू उम्मीदवार शैलेंद्र कुमार को हराया।

प्रारंभिक जीवन और शिक्षासंजीव झा का जन्म 1 अगस्त 1979 को बिहार के मधुबनी जिले के एक गांव सुंदरपुर भिट्ठी में हुआ था। वे सुशील झा और गायत्री देवी के छह बच्चों में से चौथे थे।झा का परिवार बिहार से था।उनके पिता भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के कर्मचारी थे। संजीव ने मधुबनी के शंभुआर के एमवाईएन हाई स्कूल में अपनी स्कूली शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने 2001 में बीए (ऑनर्स) की पढ़ाई के लिए मधुबनी जिले के आरके कॉलेज में दाखिला लिया।

## महाराष्ट्र में ईवीएम के खिलाफ अभियान शुरू करेगी कांग्रेस, कागजी मतपत्रों की वापसी की मांग

एजेंसी

**महाराष्ट्र:**महाराष्ट्र कांग्रेस चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के इस्तेमाल के विरोध में राज्य भर में हस्ताक्षर अभियान शुरू करने की तैयारी कर रही है।पार्टी पारंपरिक पेपर बैलेट प्रणाली की वापसी की वकालत कर रही है।पार्टी नेताओं ने ईवीएम की पारदर्शिता और विश्वसनीयता के बारे में चिंता जताई है, सुझाव दिया है कि कागजी मतपत्रों पर लौटने से चुनावी प्रक्रिया में विश्वास बहाल होगा। अभियान का लक्ष्य इस मांग के लिए व्यापक जन समर्थन जुटाना है।



उम्मीद है कि कांग्रेस नेता अभियान के हिस्से के रूप में रैलियों और कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे, जिसमें लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं के विश्वास के महत्व पर जोर दिया जाएगा। अभियान की समय-सीमा और रणनीति पर अधिक जानकारी आने वाले दिनों में मिलने की उम्मीद है। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि कमजोर तबकों का वोट जाया हो रहा है और ऐसे में मतपत्रों के जरिए मतदान होना चाहिए तथा इस मांग को लेकर ह्वभारत जोड़ो यात्राह्व की तरह एक मुहिम शुरू करनी है।उन्होंने कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों की ओर से आयोजित ह्वसंविधान रक्षक अभियानह्व कार्यक्रम में यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जाति जनगणना कराने से डरते हैं क्योंकि इन्हें लगता है कि ऐसा करने से सभी वर्ग अपनी हिस्सेदारी मांगने लगेंगे।

## संभल: बीजेपी समर्थकों की भी जारी करें तस्वीरें..., अखिलेश का योगी सरकार पर पलटवार



एजेंसी

**उत्तर पेदेश:**समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को संभल हिंसा में शामिल प्रदर्शनकारियों से सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान की कीमत वसूलने की उत्तर प्रदेश सरकार की योजना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उसे कथित तौर पर नारे लगाने वाले भाजपा समर्थकों की तस्वीरें भी जारी करनी चाहिए। संभल में रविवार को मुगलकालीन मस्जिद के सर्वे को लेकर भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय अदालत ने एक याचिका के जवाब में सर्वेक्षण का आदेश दिया था जिसमें दावा किया गया था कि मस्जिद का निर्माण एक हिंदू मंदिर के विनाश के बाद किया गया था।अखिलेश ने कहा कि जिस तरह से उन्होंने (भाजपा) अधिकारियों पर दबाव डालकर चुनाव जीता है और इसलिए उन्होंने लोगों का ध्यान भटकाने के लिए (संभल में) यह दंगा कराया है। अगर सरकार तस्वीरें जारी कर रही है तो उन्हें उन बीजेपी समर्थकों की तस्वीरें भी जारी करनी चाहिए जो सर्वे के दौरान वहां मौजूद थे और नारे लगाए थे।

## विपक्ष के साथ खड़े हुए भाजपा सांसद, वक्फ बिल पर JPC के लिए मांगा और समय,

एजेंसी

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद निशिकांत दुबे ने बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से और समय मांगा। उन्होंने विपक्षी सांसदों के विचारों को दोहराया क्योंकि उन्होंने भी विस्तार की मांग की थी। दुबे ने बुधवार को जेपीसी की बैठक के दौरान एक प्रस्ताव पेश किया। जेपीसी के विस्तार का प्रस्ताव कल संसद में आने की संभावना है। झारखंड के गोड्डा निर्वाचन क्षेत्र के सांसद ने बुधवार को संसदीय पैनल की बैठक के दौरान एक प्रस्ताव पेश किया।बीजेपी सांसद और वक्फ जेपीसी चेयरमैन जगदंबिका पाल ने कहा कि आज बैठक में हमने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय से सवाल पूछे. वे उन सवालों का जवाब देंगे. हमारे कुछ सवाल थे कि दिल्ली में 1911 से पहले की भारत सरकार की 123 संपत्तियां हैं। बाद में वक्फ बोर्ड ने उन संपत्तियों पर अपना दावा किया।इसलिए उस पर स्पष्टीकरण के लिए शहरी विकास मंत्रालय और डीडीए को बुलाना होगा।



इसी तरह, ओडिशा, यूपी, एमपी, राजस्थान, बिहार कुल 6 राज्य हैं जहां सरकारी संपत्तियों पर वक्फ का दावा किया जा रहा है।उन्होंने आगे कहा कि हमने आज मंत्रालय के सचिव से पूछा कि हमें इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।इसलिए, हमें राज्यों के मुख्य सचिवों या राज्यों में अल्पसंख्यक मामलों के सचिवों को भी बुलाना होगा। पाल ने यह भी कहा कि आज निशिकांत दुबे और अन्य सदस्यों ने उठाया कि हमें कुछ अन्य हितधारकों, राज्य के अधिकारियों को आमंत्रित करना होगा और सुनना होगा। इसलिए, हमें लगता है कि हमें विस्तार करना चाहिए। मैं इस पर विचार करूंगा और फिर हम कल या परसों लोकसभा के समक्ष एक प्रस्ताव लाएंगे। बीजेपी सांसद और वक्फ जेपीसी सदस्य अपराजिता सारंगी ने कहा कि वक्फ बैठक में आज जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी सदस्यों ने बहिर्गमन किया और सत्ता पक्ष के कई सदस्य उनसे आकर विचार-विमर्श में शामिल होने का अनुरोध करने के लिए कमरे से बाहर चले गए। आज अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की सुनवाई हुई और वक्फ संशोधन विधेयक 2024 में प्रस्तावित विभिन्न संशोधनों पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि हंगामा मूल रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करने के संबंध में उनके अनुरोध से उत्पन्न हुआ। तो इस बात को लेकर काफी बहस भी हुई. उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के सदस्यों को भी लगा कि किसी तरह का विस्तार होना चाहिए।

# संगठनात्मक गतिविधियों के दौरान किसी भी पहलू को अनदेखा नहीं किया जाएगा : डॉ. दिलीप जायसवाल

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

- 30 नवंबर तक बूथ अध्यक्ष का होगा गठन,1 से 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष और 15 से 30 दिसंबर तक जिलाध्यक्ष का हो जायेगा चुनाव : डॉ. दिलीप जायसवाल




**पटना,** 27 नवंबर। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज पार्टी की आगामी कार्ययोजनाओं एवं विभिन्न संगठनात्मक विषयों को लेकर बैठक को आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से सक्रिय सदस्यता और संगठनात्मक चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया।
इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया सहित सभी जिला अध्यक्ष , चुनाव अधिकारी और चुनाव से जुड़े प्रदेश पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों के दौरान किसी भी पहलू को अनदेखा नहीं किया जाएगा। हर स्तर पर पार्टी को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रयास निरंतर जारी रहेगा।बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने साफ लहजे में कहा कि 15 से 30 दिसंबर तक प्रत्येक जिला को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि दो बार जिला की जिम्मेदारी संभालने वालों को भी संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि 30 नवंबर तक बूथ अध्यक्ष का गठन होगा और 1 से 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष का चुनाव करा लिया जाएगा। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने यह भी कहा कि संगठन विस्तार को लेकर जिम्मेदारियां सभी को सौंपी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण है और अभी से ही इसमें लगने की जरूरत है। कार्यक्रम पर विस्तारपूर्वक चर्चा प्रदेश महामंत्री सह प्रदेश चुनाव अधिकारी राजेश वर्मा ने किया। इस बैठक में जीवेश मिश्रा, सजल झा, राधामोहन शर्मा एवं अन्य सम्मानीयजन उपस्थित रहे।

# मधुबनी समाहरणालय सभाकक्ष में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की हुई शुरूआत

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो.अबु बकर सिद्दीकी**



मधुबनी समाहरणालय सभाकक्ष में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हुआ आयोजन अपर समाहर्ता शैलेश कुमार ने दिलाई शपथ। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम जिलास्तरीय पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। बाल विवाह जैसे कुरीति को रोकने के उद्देश्य से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सशक्त बनाने हेतु इसकी शुरूआत दिनांक 27-11-24 से की जा रही है। इस अवसर पर जिला समाहरणालय सभागार में बाल विवाह उन्मूलन हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया, जिसमें जिला स्तरीय पदाधिकारी ने भाग लिया। अपर समाहर्ता शैलेश कुमार द्वारा बाल विवाह के विरुद्ध निम्न शपथ ग्रहण दिलाई गई। मैं बाल विवाह के खिलाफ हर संभव प्रयास करूंगा। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मेरे परिवार, पड़ोस और समुदाय में किसी बालिका की बाल विवाह नहीं हो ।मैं बाल विवाह के किसी भी प्रयास की सूचना पंचायत और सरकार को दूंगा। मैं सभी बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए भी अपनी आवाज बुलंद करूंगा और बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण करूंगा ।इसके पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से जिलास्तरीय पदाधिकारियों ने भी भाग लिया ।गौरतलब हो कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए जिले में महिला हेल्पलाइन नंबर 181 कार्यरत हैं जिस पर महिलाओं को सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जाती है। महिलाओं को किसी भी प्रकार की सहायता के लिए जिला अंतर्गत एसडीएम जो बाल विवाह प्रतितोष पदाधिकारी होते हैं उनसे संपर्क किया जा सकता है ।बाल विवाह रोकथाम हेतु जिले में महिला विकास निगम अंतर्गत जन जागरूक अभियान जैसे नुक्कड़ नाटक एवं जन जागरूकता रथ चलाया जा रहा है ।बाल विवाह की सूचना मिलते ही पुलिस की सहायता लेने हेतु 112 नंबर पर कॉल किया जा सकता है ।कार्यक्रम में उप निर्देशक जनसम्पर्क परिमल कुमार, प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा हेमंत कुमार, वरीय उपसमाहर्ता मयंक सिंह ,जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकमेसी बाजार मैं शिक्षक अपार कार्ड बनाने में व्यस्त बच्चे पढ़े बगैर ही घर लौट जाते हैं



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबेर**

**समस्तीपुर :** जिले के विभिन्न विद्यालयों में नामांकित छात्र छात्राओं का अपार आईडी कार्ड बनाने मे शिक्षक से काम लिया जरा हा है ऐसे मे शिक्षक से पढ़े बिना ही छात्र छात्राएं घर लौट जारहे है रहे हैं यह मामला कल्याणपुर प्रखंड के चकमेहसी पंचायत में चल रहे उत्क्रमित मध्य विद्यालय और उच्च माध्यमिक विद्यालय चकमेंहसी सी के शिक्षक को अपार कार्ड बनाते हुए देखा जा रहा है स्कूल में 11 शिक्षक है 600 छात्र-छात्रा हैं इनमें से चार शिक्षक ऑपरेटर के साथ दिनभर बच्चों का अपार कार्ड बनाने में व्यस्त रहते हैं ऐसे में बच्चों की पढ़ाई क्या होगी यह बात आप भी जान रहे है हालांकि जिला शिक्षा पदाधिकारी से इस संदर्भ में बात हुई तो उन्होंने कहां के अभी जिले के विभिन्न स्कूलों में यह काम तेजी से चल रहा है और जहां जैसे जरूरत पड़ती है वैसे ऑपरेटर आपार कार्ड बनाया जा रहा है बताते चलें के आपार कार्ड समीक्षोपरान्त डीपीओ एसएसए मानवेंद्र कुमार राय ने इसे गंभीरतापूर्वक लेते हुए विभूतिपुर, कल्याणपुर, समस्तीपुर, सरायरंजन, सिंघिया, मोहिउद्दीननगर, हसनपुर, ताजपुर व दलसिंहसराय के बीईओ, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, लेखा सहायक व डाटा इंट्री ऑपरेटर से स्पष्टीकरण पूछा है. डीपीओ एसएसए ने बताया कि बार-बार निर्देश दिया जा रहा है, बावजूद अपार आईडी बनाने की गति भी धीमी है. जिले के 3490 विद्यालयों में नामांकित 6,43,924 छात्रों में से 23362 का ही अपार आईडी जनरेट हुआ है.भारत सरकार के निर्देश के अनुसार सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा एक से 12वीं तक पढ़ने वाले बच्चों की अपार आईडी बनाई जानी है. ये आईडी यू-डायस पोर्टल पर बनाई जानी है. इसके लिए समय निर्धारित किया गया था. इस आईडी में छात्र-छात्राओं की सभी जानकारी अपलोड की जानी है. लेकिन, जिले के सरकारी और निजी स्कूलों में अपार आईडी बनाने में लापरवाही की जा रही है. सरकारी स्कूलों में स्थिति और ज्यादा खराब है. इस योजना के तहत विद्यार्थियों को हर वर्ष परीक्षा के बाद विषय के अनुसार क्रेडिट प्वाइंट्स भी दिए जायेंगे.यदि किसी विषय में विद्यार्थी की अभिनय उससे पिछले वर्ष की अपेक्षा ठीक नहीं होने पर भी विद्यार्थी उसी विषय को लेकर अपनी शिक्षा आगे जारी रख सकेगा. यह आईडी भी विद्यार्थियों को विद्यालय से कॉलेज जाने और उसके बाद उच्च शिक्षा के लिए दाखिला लेने में आसानी देगी. दाखिला देने से पहले संस्थान उसके उस विषय के क्रेडिट प्वाइंट को देखकर दाखिला दिया जा सकेगा.

# मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के अलोक में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र मधुबनी के द्वारा संचालित योजनाओं



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो.अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के अलोक में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र मधुबनी के द्वारा संचालित योजनाओं यथा बिहार स्टूडेंट काक्रेडिट कार्ड योजना,कुशल युवा कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना के व्यापक प्रसार -प्रसार एवं काउंसलिंग कार्य आज मादणेश्वर नाथ रंल्लर'१३ उड्ढ'ीी ेंल्लिीर२ँ६१ मधुबनी में किया गया । कार्यक्रम में 110-छात्र/छात्राओ ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में अ्रछ्वउ र्टौं४ुंल्ल्र के कर्मी- प्रवीण कुमार( २ ) रामपुर ठाकुर कुमार, (रहड) के द्वारा विस्तार योजना के लाभ सहित आवेदन की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गई। उक्त जानकारी प्रबंधक,डीआरसीसी मधुबानी अखिलेश कुमार भारती ने दी।

# 8समस्तीपुर के अनिल ज्वेलर्स लूट मामले में पुलिस ने दो को उठाया.



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

**समस्तीपुर** के अनिल ज्वेलर्स में हुए करोड़ों की लूटकांड की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जांच में इस घटना में वैशाली जिले के बदमाशों की संलिप्तता सामने आई है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है और लूट का पूरा सच सामने लाने के लिए छापेमारी तेज कर दी है ।पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसआईटी ने वैशाली जिले से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पूछताछ के दौरान लूट की पूरी योजना का खुलासा किया। हालांकि, लूटे गए सोने की बरामदगी अब भी बाकी है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में कुल सात से आठ बदमाश शामिल थे, जिनमें कुछ इनामी अपराधी भी शामिल हो सकते हैं ।गिरोह की पहचानःजांच में सामने आया है कि घटना में शामिल अपराधियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। इनमें से कई बदमाशों पर समस्तीपुर के नगर, सरायरंजन और पटोरी समेत वैशाली के महिसौर और तिसिऔता थाने में केस दर्ज हैं। इन गिरोहों की सक्रियता पहले भी राज्य और अन्य जगहों पर लूटपाट की घटनाओं में देखी गई है ।पुलिस की रणनीतिः
सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल टावर डंपिंग डेटा का सहारा लेकर पुलिस ने अपराधियों की लोकेशन ट्रेस कर ली है। सीमावर्ती इलाकों में छापेमारी जारी है, और पुलिस का दावा है कि जल्द ही लूट का माल बरामद कर अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने कहा, ह्लहमने अपराधियों की पहचान कर ली है और उन्हें पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ।ह्व
लूट कांड की पृष्ठभूमिः

## शनिवार शाम को शहर के पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड स्थित अनिल ज्वेलर्स में पांच बदमाश हथियार लेकर घुसे और करीब एक करोड़ रुपये के स्वर्ण आभूषण लूटकर फरार हो गए।

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर/मोरवा :- मोरवा प्रखंड के ताजपुर थाना अंतर्गत मोरवा दक्षिणी पंचायत में पैक्स चुनाव के बाद दो उम्मीदवार व उनके समर्थकों में तनाव कायम है। मतदान बाद मंगलवार रात एक उम्मीदवार व उसके समर्थकों ने वोट नहीं देने वाले मतदाताओं के साथ गाली गलौज करने के साथ फायरिंग की। हालांकि किसी को गोली नहीं लगी, लेकिन पिस्टल की बट से हुए हमले में एक व्यक्ति जख्मी हो गया ।घायल की पहचान गांव के ही निशीथ कुमार शर्मा के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलने पर रात में ही ताजपुर थाने की पुलिस गांव में पहुंची और मामले की छानबीन करने के साथ तनाव को देखते हुए गांव में लगातार गश्त कर रही है। फिलहाल इस मामले में प्राथमिकी के लिए किसी ने थाना में आवेदन नहीं दिया है। लेकिन हवाई फायरिंग व बट से मार जख्मी करने के आरोपी गांव से फरार है। चर्चा है कि मतगणना की समाप्ति के बाद घटना के संबंध में प्राथमिकी के लिए थाना में आवेदन दिया जा सकता है।

# दहेज लेना पाप नहीं महापाप है, दुल्हन को बहु नहीं बेटी समझें, आदर्श विवाह कर किया मिशाल पेश



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- दहेज मुक्त विवाह कर एक जोड़े ने पेश की मिशाल
- दुल्हा इंजीनियर तो दुल्हन ग्रेजुएट
- दहेज में लिया 101 पौधे

आजकल जहाँ शादी विवाह में दहेज के लिए बड़ी बड़ी चार चक्के वाली गाड़ी, लाखों रुपये, सोने की ज्वेलर्स, महंगे फर्नीचर सहित अन्य सामानों की लड़की पक्ष वालों से डिमांड किया जाता है. दहेज नहीं मिलने पर ससुराल में बहु को प्रताड़ित किया जाता है. वहीं इस दौर में एक शिक्षित परिवार बिना दहेज लिए अपने इंजीनियर पुत्र व पेशे से नाशिक यूनिवर्सिटी में ब्रांच डेवेलपमेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत है को एक साधारण परिवार में शादी कर वर्तमान परिवेश में एक मिशाल पेश किया है. इस संदर्भ में बताया जाता है कि आंदर थाना क्षेत्र व हुसैनगंज के पड़ोसी गाँव छजवा के निवासी रमाशंकर गुप्ता जो महाराष्ट्र के चांदा में रक्षा मंत्रालय में कार्यरत हैं उन्होंने अपने पुत्र सन्नी कुमार की भरौली के निवासी कामेश्वर साह की पुत्री कुमारी श्वेता (ग्रेजुएट) से किया है. श्री गुप्ता दहेज में मात्र 101 आम का पौधे लिया है. पौधे को अपने गाँव व पास पड़ोस में वितरण किया गया है.उनका कहना है कि एक पेड़ सौ पुत्र के सामान होता है. वहीं पर्यावरण भी दुषित हो गया है. पेड़ पौधे लगातार काटे जा रहे हैं. उसे संतुलित करने के लिए गाँव में पौधे का वितरण कर पर्यावरण को शुद्ध किये जा सकेंगे. पुछ ताछ के क्रम में श्री गुप्ता ने मिडीया को बताया कि पुत्र के शादी में दहेज लेना पाप नहीं महापाप है. दुल्हन को बहु की नहीं बेटी समझें. उन्होंने बताया कि मेरे दो पुत्र हैं किसी की शादी में दहेज नहीं लेकर समाज को एक संदेश देना चाहता हूँ कि कोई भी व्यक्ति पुत्र की शादी फ्री में बिना दहेज की करें. वहीं श्री गुप्ता की पत्नी मंजु देवी ने कहा कि कोई व्यक्ति बेटी को बोझ नहीं समझें खुब पढ़ायें और उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने के काबिल बनायें. लड़की की शादी सम्मानित और प्रतिष्ठित परिवार के लोग अवश्य बिना दहेज की करेंगे.

# उर्दू वाद विवाद प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार वितरण




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर (संवाददाता): उर्दू हमारे राज्य की दूसरी भाषा है यह हमारी बोल चाल में रची बसी हुई है बिना उर्दू के शब्द के हमारी बात पूरी नहीं होती है इस भाषा की उन्नति के लिए बिहार सरकार लगातार विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही हैं। इसी की एक कड़ी उर्दू भाषी विद्यार्थियों के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन है। उक्त बातें उपनिदेशक अल्पसंख्यक कल्याण रजनीश कुमार राय ने मंत्रिमंडल सचिवालय उर्दू निदेशालय एवं जिला उर्दू कोषांग के तत्वाधान में अल्पसंख्यक छात्रावास बहादुरपुर के परागण में आयोजित उर्दू वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक बालक छात्रावास मॉडल इंटर स्कूल परिसर में बिहार सरकार के द्वारा बनाया गया है। यह छात्रावास अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों के लिए बिल्कुल फ्री है। यह छात्रावास तमाम नई तकनीकी सुविधाओं से लैस है यहां वाईफाई डिजिटल टीवी एवं जनरेटर की सुविधा है पुस्तकालय में ऑनलाइन कोचिंग का इंतजाम किया गया है साथ ही कंप्यूटर एवं खेलकूद की सामग्री की भी सुविधा दी जा रही है जो छात्र इस छात्रावास में के में रहने के इच्छुक हैं उन्हें मान्यता प्राप्त किसी कॉलेज ,मदरसा या विश्वविद्यालय में नामांकन होना जरूरी है। जो छात्र इस छात्रावास में रहेंगे उन्हें हज भवन से ऑनलाइन तमाम प्रकार की जनरल कंपटीशन की सुविधा भी दी जाएगी। श्री रजनीश कुमार ने आगे कहा के छात्रावास में नामांकन हेतु तमाम विद्यार्थी एक से 10 तारीख तक ई कल्याण पोर्टल पर नामांकन कर सकते हैं यह पोर्टल एक से 10 तारीख तक प्रत्येक महीने खुला रहता है अगर किसी प्रकार की तकनीकी सहायता चाहिए तो आप जारी किए गए मोबाइल नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं या कोई भी कठिनाई होने पर जिला अल्पसंख्यक कार्यालय समस्तीपुर में आए हम जिले के तमाम अल्पसंख्यक छात्रों से कहना चाहते हैं।

# मन समस्तीपुर में पुलिस के खिलाफ लोगों ने किया सड़क जाम.



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

**समस्तीपुर** जिले के सिंघिया के माहे पंचायत के मोरवारा गांव पुलिस के कार्यशैली से क्षुब्ध ग्रामीणों ने सिंघिया-दरभंगा पथ को मोरवारा चौक के पास जाम कर दिया। जिसके कारण तीन घंटे तक सड़क पर यातायात पूर्णरूप से बंद रहा। जिससे यात्रियों को काफी समस्याओ का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताय कि मोरवारा पोखर में रविवार की दोपहर रौशन कुमार साहू के पांच वर्षीय पुत्र अनमोल की लाश मिली थी। उससे एक दिन पूर्व आरोपित पर अनमोल के दादा त्रिबेनी साहू ने अपने पोते के अपहरण का मामला दर्ज कराया था। लाश मिलने के बाद उसकी हत्या का शक आरोपित पर ही हुआ था। जिसे ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। लोगो के द्वारा आरोप लगाया जा रहा था कि आरोपित पिता-पुत्र को रविवार को ही ग्रामीण के द्वारा पकड़ कर पुलिस को सौप दी गई थी ।जिसके 48 घंटे गुजर जाने के बाद भी उसे न्यायालय में प्रस्तुत नही किया गया है। उसे छोड़ने की तैयारी में पुलिस जुटी हुई है। जिसे तुरंत जेल भेजा जाए। लोगो के मांग पर पुलिस दोनों पिता पुत्र को जेल भेजने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत जाम को समाप्त कर दिया गया। जाम खत्म करने के बाद भारी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंच कर आरोपितों को जेल भेजे जाने तक थाने पर जमे रहे। इधर प्रभारी थाना अध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने बताया कि आरोपित से पूछताछ की जा रही थी।

# जिलाधिकारी समस्तीपुर द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान का शुभारंभ प्रचार समस्तीपुर से हरी झंडी दिखाकर किया गया



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

जिलाधिकारी समस्तीपुर श्री रोशन कुशवाहा द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान का शुभारंभ प्रचार वाहन को समाहरणालय समस्तीपुर के प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर किया गया ।इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारीगण एवं कर्मियों को बाल विवाह रोकने संबंधित शपथ भी दिलाई गई । मौके पर अपर समाहर्ता समस्तीपुर श्री अजय कुमार तिवारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री आकाश ,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रजनीश कुमार राय सहित विभिन्न पदाधिकारी गण एवं कर्मी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मिथिला के लाल महज 13 साल की उम्र में अपनी मेहनत से इतिहास रचने वाले समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल सीजन के लिए अपनी टीम में शामिल किया है



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री माननीय श्री चिराग पासवान जी ने अपने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मिथिला के लाल महज 13 साल की उम्र में अपनी मेहनत से इतिहास रचने वाले समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल सीजन के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। ये हमसब के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि के लिए वैभव को हार्दिक बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं ।इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

# भारत रत्न कपूरी ठाकुर के काम का श्रेय भी लालू प्रसाद को देना चाहते हैं तेजस्वी यादव - दानिश इकबाल



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- आरक्षण पर कपूरी सरकार के फैसले को जनसंघ का पूरा समर्थन था
- राजद राज में बिना आरक्षण दिये पंचायतों के चुनाव कराने का सम्राट चौधरी का आरोप सही

**पटना।** बिहार प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने आरक्षण पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वे पिछड़े-अतिपिछड़े समाज को आरक्षण देने के भारतरत्न कपूरी ठाकुर के फैसले का श्रेय लूट कर अपने पिता लालू प्रसाद को देना चाहते हैं।

श्री इकबाल ने कहा कि तेजस्वी यादव ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के इस आरोप का खंडन नहीं किया है कि राजद शासन के 15 साल में बिना आरक्षण दिये पंचायत चुनाव कराये गए थे। उन्होंने केवल सफाई दी है कि रावड़ी देवी की सरकार पंचायत में आरक्षण लागू क्यों नहीं कर पायी थी। जनता सफाई नहीं परिणाम चाहती।

उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने तो स्वीकार किया है कि पंचायत चुनाव में आरक्षण एनडीए की नीतीश सरकार ने दिया। श्री इकबाल कहा कि 1978 में कपूरी ठाकुर ने अतिपिछड़ों को 12 प्रतिशत, पिछड़ों को 8 प्रतिशत आरक्षण दिया था और उस समय की साझा सरकार में शामिल जनसंघ ( अब भाजपा ) के कद्दावर नेता कैलाशपति मिश्र ने कपूरी जी का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आरक्षण का समर्थन किया था, लेकिन तेजस्वी यादव ऐतिहासिक सच को झुठलाना चाहते हैं। वे तो चारा घोटाला वाले लालू प्रसाद को पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह और जननायक कपूरी ठाकुर से भी बड़ा साबित करने पर तुले हैं।

श्री इकबाल ने कहा कि तेजस्वी यादव एक संवैधानिक पद पर हैं, लेकिन वे दूसरों के काम का श्रेय अपने परिवार के नाम करने में जरा भी संकोच नहीं करते । वे पांच लाख लोगों को नौकरी देने के नीतीश कुमार के काम को अपने नाम करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन हाल के उपचुनाव में जनता ने उन्हें ठुकरा दिया।

# व्हीलर रोड स्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के नए आवंटित कार्यालय में आज शुभ मुहूर्त में गृह-प्रवेश की पूजा का आयोजन किया गया



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना के 01 व्हीलर रोड स्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के नए आवंटित कार्यालय में आज शुभ मुहूर्त में गृह-प्रवेश की पूजा का आयोजन किया गया है। लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान अपनी माताजी और पूरे परिवार के साथ पूजा हवन में शामिल रहे। हवन पूजन के कार्यक्रम में जमुई सांसद और बिहार प्रदेश प्रभारी अरुण भारती, लोजपा (रा) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार मुन्ना, राष्ट्रीय महासचिव धनंजय मृणाल, डाःसत्यानंद शर्मा, डाः शाहनवाज अहमद कैफी, शंकर झा, छात्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष यामिनी मिश्रा, युवा राष्ट्रीय महासचिव अनिल पासवान, प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष हुलास पांडेय, , प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी ,विष्णु पासवान, रमेश सिंह ,राकेश सिंह मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ,चुनाव अभियान प्रमुख सुरेंद्र विवेक, युवा प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, छात्र प्रदेश अध्यक्ष सीमांत मृणाल ,महिला सेल अध्यक्ष शोभा सिन्हा पासवान, एससी /एसटी प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान ,अल्पसंख्यक अध्यक्ष सलीम साहिल, लेबर सेल अध्यक्ष रामप्रवेश यादव प्रदेश, प्रवक्ता सौरभ सिंह, राजेश सिंह, अनुपम पासवान ,जितेंद्र यादव , प्रदेश महासचिव रवि रंजन प्रसाद सिंह, अभिषेक सिंह ,एससी /एसटी उपाध्यक्ष लालबाबू पासवान, निभा पासवान, सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आज की गृह प्रवेश पूजा में लोजपा सुप्रीमो चिराग स्वयं ह्लयजमानह्व रहे। पार्टी में टूट के बाद खोए हुए सभी चीजें एक एक कर चिराग वापस ले रहे हैं। लोजपा के सन 2000 में स्थापना से 01 व्हीलर रोड का कार्यालय लोजपा की पहचान रहा है। दिवंगत रामविलास पासवान की धर्मपत्नी और चिराग की माताजी, रीना पासवान के लिए ये भावुक पल था जब उनके पुत्र तीन वर्ष बाद पुनः लोजपा के कार्यालय में पूरे धूम धाम से प्रवेश कर रहे हैं। इस मौके पर रीना पासवान ने कहा कि कभी अपने पति के साथ वो यहां आती थीं, आज पुत्र के साथ पुनः इस कार्यालय में आना मेरे लिए भावुक क्षण है। गृह शांति पूजा की शुरूआत से पहले लोजपा के कार्यकताओं एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग ने परिवार के साथ स्व॰ रामविलास पासवान के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।इस मौके पर पत्रकारों के द्वारा आनंद मोहन और चेतन आनंद के द्वारा दिए गए बयान की वो एनडीए में हैं या नहीं इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग ने कहा कि राजद से विधायक का चुनाव जीते चेतन के बयान से स्पष्ट है कि उनकी प्राथमिकता ठऊअ को मजबूत करने के बजाय उसमें दरार डालने की है। ऐसा प्रतीत होता है कि वो अभी भी अपने पुराने राजनीतिक 'गुरुजनों' की विरासत को सहेज कर महागठबंधन की विचारधारा को परोक्ष रूप से समर्थन दे रहे हैं। चिराग ने चेतन आनंद से पूछा है कि पहले तो यह बताएं कि आप यह प्रश्न एनडीए के सदस्य के रूप में पूछ रहे हैं या महागठबंधन के प्रवक्ता के रूप में ?

# स्कूल बस और बाईक की टक्कर में बाईक सवार जख्मी



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के महादेव स्थान चौक जटमलपूर से हायाघाट जाने वाली सड़क के मोड़वारा गांव के समीप बुधवार की सुबह घने कोहरे के कारण एक दरभंगा जिले के तारालाही गांव स्थित संचालित निजी विद्यालय की बस से बाइक की आमने - सामने टक्कर में बाइक सवार एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान खरसंड पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या 08 गोबरसिठा गांव निवासी जयनारायण राय का 28 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार के रूप में हुई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार घायल मजदूर की इलाज दरभंगा मेडिकल कॉलेज में जारी है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रसाद सिंह का मनाया गया पुण्यतिथि



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** बुधवार को मोरवा विधानसभा अंतर्गत लसकारा वार्ड संख्या 1 में देश के पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह का पुण्यतिथि श्रद्धांपूर्वक मनाई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद ने की। समारोह में सबसे पहले उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरू किया गया।जिलाध्यक्ष श्री निषाद ने उनके जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्वनाथ प्रताप सिंह भारत के आठवें प्रधानमंत्री थे, राजीव गांधी सरकार के पतन के कारण प्रधानमंत्री बने विश्वनाथ सिंह। वे प्रधानमंत्री बनने से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे।उनके कुशल शासन काल में ही मण्डल कमिशन लागू हुआ था। वे पिछड़ों अतिपिछड़ों के सच्चे हितैषी राजनीतिज्ञ थे। सभा में मौजूद सभी वक्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला।मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष विभा देवी, देवनारायण सिंह, डॉ दिलीप कुमार चौधरी, रामानंद सिंह, संजय चौधरी निषाद, दिलीप साह, जगन्नाथ ठाकुर, मो बसीर, नागो राम, सुभाष यादव, रामनाथ महतो, संजय कुमार महतो, उमेश चौधरी, उमेश सिंह, मनोरंजन सिंह, सरोज कुमार, सुबोध कुमार चौधरी, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

# नेपाल के विराटनगर में एक स्टील फैक्ट्री के कल्याणपुर के मजदूर की मौत



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के फुलहारा गांव निवासी बिहार राजपथ परिवहन निगम के अवकाश प्राप्त सुरेंद्र शर्मा का पुत्र 45 वर्षीय दीपक कुमार की मौत विराटनगर नेपाल में एक अस्पताल में हो गई। बताया गया है कि दीपक कुमार अपने परिजनों के साथ नेपाल के विराटनगर में रहता था, वह वहीं के आरांची स्टील में काम करता था।अपने पूरे परिवार के साथ वहीं रहकर रोजी-रोटी का उपार्जन करते हुए अपनी पत्नी जूही कुमारी, 09 वर्षीय पुत्र निखिल राज को विगत दो वर्षों से पठन - पाठन करता था। दो दिन पूर्व अराची स्टील फैक्ट्री जाने के क्रम में उसे एक बाइक ने ठोकर मारी जिससे वह गंभीर जख्मी हो गया था, घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार की सवेरे अस्पताल में ही उसकी मौत हो गई। मौत का समाचार परिजन सुनते ही परिजन के होश उड़ गये और चीत्कार मारकर रोने लगे। पूरे गांव के लोग मृतक के पिता को ढांढस दे रहे थे। परिजनो में पूर्व प्रमुख मनोज कुमार ठाकुर, भोला शर्मा, शबनम कुमारी, पुष्कर शर्मा, दिलीप कुमार शर्मा, कृष्ण गोपाल शर्मा, प्रफुल्ल कुमार ठाकुर, राजेश्वर ठाकुर आदि का नाम शामिल है। दीपक अपने मां - बाप का इकलौता पुत्र था।

# जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बैठक




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का 1 दिसंबर को पटेल मैदान समस्तीपुर में आहुत जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर समीक्षात्मक बैठक लोहिया आश्रम समस्तीपुर में हुआ। इस बैठक में जदयू जिला अध्यक्ष एवं बीस सुत्री जिला उपाध्यक्ष डॉ दुर्गेश राय ने बैठक उपस्थित कार्यकताओं से अधिक से अधिक लोगों को पटेल मैदान समस्तीपुर में भाग लेने का अपील किया और प्रकोष्ठ के भागीदारी पर विचार विमर्श किया।इस बैठक की अध्यक्षता जदयू अनूसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजगीर राम ने किया। इस बैठक में प्रेम पासवान, रामविलास राम, योगेन्द्र मलिक, प्रमोद राम, अरविंद राम, विवेकानंद राम, रामबाबू राम, टुनटुन राम, महेश्वर राम, घनश्याम दास, महेश राम भारती, रामदास रजक, छोटे लाल महतो, अशोक राम, रविन्द्र बैठा, आदि मौजूद थे।

# जीवन की आपाधापी के बीच आकांक्षा वाले दपत्ति जोड़े के लिए गुरुवार का दिन खुशियी देने वाला रहा। शकील हैदर वरिष्ठ संवाददाता छपरा




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सारण जिला प्रशासन के द्वारा तीन बच्चों को दत्तकग्रहण की कार्रवाई पूर्ण की गई। जिलाधिकारी श्री अमन समीर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में तीन बच्चों को उनके दत्तकग्राही माता-पिता को अंतिम रूप से सौंपा गया। दत्तकग्रहण की प्रक्रिया पूरी होते ही बच्चे को नए माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान दपत्ति जोड़ों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने भाव विभोर होकर जिला प्रशासन को धन्यवाद प्रेषित किया। बच्चों द्वारा भी अपनी खुशी एवं सहमति जिलाधिकारी को व्यजा की गई। जिलाधिकारी सारण द्वारा दो बालिकाओं एवं एक बालक को दत्तकग्राही माता-पिता को सौपा गया। दपत्तियों द्वारा बच्चों को गोद लेने के लिए कारा के वेब पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन किया था। जिसका क्रम आने एवं सारी प्रक्रिया से गुजरने के बाद उनके फाइनल एडॉप्शन की प्रक्रिया जिलाधिकारी सारण श्री अमन समीर द्वारा पूर्ण की गई। ज्ञात हो कि समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, सारण के माध्यम से बच्चे को दत्तक ग्रहण की कार्रवाई की जाती है। संस्थान में चिल्ड्रेन इन नीड ऑफ केयर एंड प्रोटेक्शन वाले बच्चों की पूरी सुरक्षा और सुविधाओं के बीच रखकर उनका भरपूर पालन पोषण किया जाता है। इस अवसर पर प्रभारी सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई सुश्री पूजा कुमारी, बाल संरक्षन पदाधिकारी श्री पंकज प्रसाद, समन्वयक कहकशा रसीद, दीपांशु राज, मनीष कुमार, हिमाशु कुमार पाल आदि उपस्थित थे।जानिए बच्चे गोद लेने के लिए क्या है नियमकोई भी ऐसा दंपत्ति जिसकी शारीरिक एवं मानसिक स्थिति सुदृढ़ हो बच्चा गोद लेने के लिए पात्र हो सकता है। यदि उन्होंने कम से कम दो वर्ष का स्थिर वैवाहिक जीवन व्यतीत किया हो तथा दत्तक ग्रहण के लिए दोनों की आपसी सहमति जरूरी है। अलग-अलग उम्र वाले दपत्ति के लिए अलग-अलग उम्र के बच्चे की पात्रता होती है। बच्चा गोद लेने के लिए केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के वेबसाईट ूङ्गल्लॅ२.६ूिङ्क५.ल्ल पर रजिस्ट्रेशन कराना होता है। जाँच के बाद बच्चा गोद लेने के पात्र माता-पिता को बच्चा गोद दिया जाता है। एकल पुरुष अभिभावक को केवल लड़का गोद दिया जा सकता है, जबकि एकल महिला लड़का एवं लडकी दोनों को गादे ले सकती है। दो संतान वाले दंपत्ति सामान्य बालक के दत्तक ग्रहण के लिए पात्र नहीं है। यह सिर्फ विशेष आवश्यकता वाले बालकों को ही दत्तक ग्रहण कर सकते है।

# फाइनल मुकाबला में बनियापुर के टीम ने 3सेट से सम्हुटा को हराकर विजेता बनीं



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मां यूथ ऑगेनाईजेशन के संजीव चौधरी, सुजीतदुबे, अमृतेश सिंह सहित गणमान्य अतिथियों के द्वारा किया गया फाइनल मुकाबला में बनियापुर के टीम ने 3सेट से सम्हुटा को हराकर विजेता बनीं, पुरस्कार और विजेता बनीं टीम को ट्रॉफी और नगद राशि और सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर मुख्य अतिथिहो के द्वारा जीत की बधाई दिया गया, इस अवसर पर मां यूथ के अध्यक्ष सुजीत दुबे, संरक्षक अभिषेक सिंह, शैलेन्द्र पूरी, अमृतेष सिंह, संस्थापक अध्यक्ष नितांत राठौर, श्रीमान राठौर, सचिव सुबोध सिंह ने विजेता और उपविजेता टीम को आगे बढ़कर खेल को जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़वा देने की जरूरत है, सामाजिक कार्यकर्ता संजीव चौधरी ने खेल और खिलाड़ी को आगे हरसंभव मदद देने मे अपनी सहमति देते हुए इसी तरह जिला का नाम राज्य स्तर पर आयोजित खेल महोत्सव तक जाय यह शुभ कामनाएं की

# कल्याणपुर के थाना अध्यक्ष बने राकेश कुमार शर्मा एवं खानपुर में थाना अध्यक्ष बने मनोज कुमार सिंह

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर। पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा के निर्देश पर कल्याणपुर और खानपुर थाना में नये थाना अध्यक्ष को भेजा गया है। अब कल्याणपुर थाना में पुङ्कअङ्कनिङ्क राकेश कुमार शर्मा एवं खानपुर थाना में पुङ्कअङ्कनिङ्क मनोज कुमार सिंह अपना अपना पदभार ग्रहण करेंगे। इधर पूछे जाने पर एस पी अशोक मिश्रा ने बताया कि दोनों थाना में थाना अध्यक्ष पद रिक्त था जिसे पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में राकेश कुमार शर्मा मुफस्सिल थाना में थे वहीं मनोज कुमार सिंह दलसिंहसराय थाना में थे। दोनो पुलिस पदाधिकारी को थाना अध्यक्ष का प्रभार दिया गया है। उन्होंने आदेश दिया है कि दोनों पुलिस पदाधिकारी अपने अपने थाना में पदभार ग्रहण करें। बताया जाता है कि कल्याणपुर थाना और खानपुर थाना में नये थाना अध्यक्ष आने पर क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगेगी।**

# चार राज्यों में राज्यसभा की छह सीटों के लिए उपचुनाव 20 दिसंबर को

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

निर्वाचन आयोग ने चार राज्यों में राज्यसभा की रिक्त छह सीटों के लिए 20 दिसंबर को उपचुनाव की घोषणा की है। आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस के सदस्य वेंकटरमण राव मोपीदेवी, बीड़ा मस्तान राव यादव व रयागा कृष्णैया के अगस्त में उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद तीन सीटें खाली हुई थीं। यादव और कृष्णैया का कार्यकाल 21 जून, 2028 को समाप्त होना था, जबकि मोपीदेवी का कार्यकाल 21 जून, 2026 को पूरा होना था। ओडिशा में राज्यसभा सीट सुजीत कुमार के इस्तीफा देने से खाली हुई थी। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल, 2026 को समाप्त होना था।

# सहमति से बने शारीरिक संबंधों के अपराधीकरण पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सुप्रीम कोर्ट ने एक आदमी के खिलाफ दुष्कर्म व धोखाधड़ी के आरोप दर्ज एफआइआर को खारिज कर दिया। साथ ही कहा कि लंबे समय से आपसी सहमति से बने संबंधों के बिगड़ने पर कानूनों के जरिये उनका अपराधीकरण किया जाता है। कोर्ट ने प्रेम संबंधों में बढ़ती ऐसी प्रवृत्ति पर गहरी चिंता जताई है। शीर्ष कोर्ट का कहना है कि इस मामले में नौ साल चले प्रेम संबंध के बाद आई कड़वाहट से लंबे समय से चले आ रहे शारीरिक संबंधों को लेकर गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। कोर्ट ने नवी मुंबई के एक आदमी के खिलाफ दर्ज केस को खारिज करते हुए बांबे हाई कोर्ट के फरवरी, 2018 के फैसले को खारिज कर दिया जिसे उसने चुनौती दी थी। महिला ने उस व्यक्ति के खिलाफ शादी का झूठा वादा करके यौन उत्पीड़न करने के आरोप में केस दर्ज कराया था।

# उर्दू वाद विवाद प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार वितरण

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** उर्दू हमारे राज्य की दूसरी भाषा है यह हमारी बोलचाल में रची बसी हुई है बिना उर्दू के शब्द के हमारी बात पूरी नहीं होती है। इस भाषा की उन्नति के लिए बिहार सरकार लगातार विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही हैं। इसी की एक कड़ी में उर्दू भाषी विद्यार्थियों के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त बातें उपनिदेशक अल्पसंख्यक कल्याण रजनीश कुमार राय ने मंत्रिमंडल सचिवालय उर्दू निदेशालय एवं जिला उर्दू कोषांग के तत्वाधान में अल्पसंख्यक छात्रावास बहादुरपुर के परागण में आयोजित उर्दू वाद - विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक बालक छात्रावास मॉडल इंटर स्कूल परिसर में बिहार सरकार के द्वारा बनाया गया है। यह छात्रावास अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों के लिए बिल्कुल फ्री है। यह छात्रावास तमाम नई तकनीकी सुविधाओं से लैस है यहां वाईफाई डिजिटल टीवी एवं जनरेटर की सुविधा है पुस्तकालय में ऑनलाइन कोचिंग का इंतजाम किया गया है साथ ही कंप्यूटर एवं खेलकूद की सामग्री की भी सुविधा दी जा रही है जो छात्र इस छात्रावास में के में रहने के इच्छुक हैं उन्हें मान्यता प्राप्त किसी कॉलेज, मदरसा या विश्वविद्यालय में नामांकन होना जरूरी है जो छात्र इस छात्रावास में रहेंगे उन्हें हज भवन से ऑनलाइन तमाम प्रकार की जनरल कंपटीशन की सुविधा भी दी जाएगी। रजनीश कुमार ने आगे कहा के छात्रावास में नामांकन हेतु तमाम विद्यार्थी एक से 10 तारीख तक ई कल्याण पोर्टल पर नामांकन कर सकते हैं यह पोर्टल एक से 10 तारीख तक प्रत्येक महीने खुला रहता है अगर किसी प्रकार की तकनीकी सहायता चाहिए तो आप जारी किए गये मोबाइल नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं या कोई भी कठिनाई होने पर जिला अल्पसंख्यक कार्यालय समस्तीपुर में आये हम जिले के तमाम अल्पसंख्यक छात्रों से कहना चाहते हैं कि वह इस प्रकार की सुविधा के जरिए अपनी पढ़ाई पूरी करें और देश की उन्नति में भागीदार बने। उर्दू कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी मो खालिद अनवर जिलानी, तारीक जमा, वासिया इरफान, शाजिया तमकीन एवं निर्णायक मंडली के सदस्य मो सरफराज रिजवान उल्लाह और मो महताब आलम खान द्वारा सफल बच्चों के बीच इनाम वितरण किया गया।

# भगवानपुर मनरेगा भवन के सभागार में डीडीसी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**चन्दरकिशोर पासवान**

भगवानपुर (बेगूसराय) ' प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में बुधवार को डीडीसी सोमेश बहादुर माथुर के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी पंचायत में खेल मैदान बनाने के लिए जगह की उपलब्धता की समीक्षा की गई। डीडीसी के द्वार बताया गया की हरेक पंचायतों में खेल मैदान निर्माण सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसको लेकर हम लोग जिला से लगातार मॉनिटरिंग करते रहते हैं। आज सोच क्यों नहीं धरातल पर जाकर देखा जाए की हरेक पंचायत में अच्छे से अच्छे खेल मैदान निर्माण कार्य हो सके जिन पंचायतो में भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही आखिर क्यों नहीं उपलब्ध हो रही है। उनकी समीक्षा किया जा रहा। बच्चों को खेल मैदान में कम से कम चार तरह की एक्सपोर्ट फैसेलिटीज देने की प्रावधान है। डीडीसी के द्वारा किरतपुर पंचायत में खेल मैदान निर्माण हेतु स्थल पर जाकर जगह का भ्रमण भी किया गया मौके पर मनरेगा पीओ राम इकबाल पंडित, प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मवीर कुमार प्रभाकर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी बिट्टू कुमार सिंह, वरीय लेखापाल डीआरडीए कृष्ण कुमार गुप्ता, रोजगार सेवक, राजस्व कर्मचारी सहित प्रखंड के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

# भगवानपुर प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति अंश से बिना योजना शिलापट लगाए ही कराया जा रहा कार्य डीडीसी ने किया निरीक्षण



**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**चन्दरकिशोर पासवान**

भगवानपुर (बेगूसराय) ' प्रखंड मुख्यालय में पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों के नाक के नीचे पंचायत समिति अंश के लाखो रुपए की राशि से बिना योजना शिलापट्ट लगाए ही प्रखंड मुख्यालय भवन का मरम्मती कार्य व रंग रोदन सहित दो शौचालय निर्माण कार्य, प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में टाइल्स निर्माण कार्य, प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी परिसर में शेड निर्माण कार्य, प्रखंड मुख्यालय स्थित साक्षरता भवन में मरम्मती सहित रंग रोदन कार्य सहित करीब आधे दर्जन योजनाओं में बिना शिलापट्ट लगाए ही जैसे तैसे करीब आधा दर्जन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण मंगलवार को दोपहर करीब तीन बजे जदयू प्रखंड अध्यक्ष पिंकी देवी के द्वारा किया गया। पिंकी देवी ने प्रखंड मुख्यालय में कराए जा रहे विभिन कार्यों का बारीकी से निरीक्षण कर बताया की प्रखंड मुख्यालय में पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों के नाक के नीचे ही जब बिना शिलापट्ट लगाए योजना का जैसे तैसे क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि उक्त सभी योजनाओं में कोई पारदर्शिता नहीं है। विभिन्न योजनाओं में पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों की मिली भगत से सरकारी रुपए का बंदर बांट किया जा रहा है। जिसको लेकर पिंकी देवी ने जिलाधिकारी से शिकायत कर जांच करवाते हुए करवाई की मांग की। वहीं बुधवार को डीडीसी सोमेश बहादुर माथुर के द्वारा प्रखंड मुख्यालय के सभी योजनाओं का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया गया। और जाचोपरांत कार्रवाई करने की बात कही गई। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष पिंकी देवी, बीडीओ धर्मवीर कुमार प्रभाकर सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।


# भगवानपुर मनरेगा भवन के सभागार में डीडीसी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**चन्दरकिशोर पासवान**

भगवानपुर (बेगूसराय) ' प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में बुधवार को डीडीसी सोमेश बहादुर माथुर के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी पंचायत में खेल मैदान बनाने के लिए जगह की उपलब्धता की समीक्षा की गई। डीडीसी के द्वार बताया गया की हरेक पंचायतों में खेल मैदान निर्माण सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसको लेकर हम लोग जिला से लगातार मॉनिटरिंग करते रहते हैं। आज सोच क्यों नहीं धरातल पर जाकर देखा जाए की हरेक पंचायत में अच्छे से अच्छे खेल मैदान निर्माण कार्य हो सके जिन पंचायतो में भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही आखिर क्यों नहीं उपलब्ध हो रही है। उनकी समीक्षा किया जा रहा। बच्चों को खेल मैदान में कम से कम चार तरह की एक्सपोर्ट फैसेलिटीज देने की प्रावधान है। डीडीसी के द्वारा किरतपुर पंचायत में खेल मैदान निर्माण हेतु स्थल पर जाकर जगह का भ्रमण भी किया गया मौके पर मनरेगा पीओ राम इकबाल पंडित, प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मवीर कुमार प्रभाकर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी बिट्टू कुमार सिंह, वरीय लेखापाल डीआरडीए कृष्ण कुमार गुप्ता, रोजगार सेवक, राजस्व कर्मचारी सहित प्रखंड के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।


# ररइ जवान के निधन से.लोहा गांव में पसरा मातम दिलीप झा



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोड अबु बकर सिद्दीकी**

ररइ .जवान राजूराम गांव में बहुत लोकप्रिय थे - अध्यक्ष लोहा

मधुबनी जिला के कलुआही प्रखंड अंतर्गत लोहा गांव के वार्ड नंबर 9 के निवासी राजूराम पिता विलटू राम उम्र 38 का कल निधन हो गया, राजू राम र र इ में सिल्लीगुड़ी कपरीयाल में कार्यरत थे, आज सुबह 7बजे अपने गांव लोहा सव पहुंचा, शव पहुंचते ही उनके घर लोगों का जन समुह उमड़ पड़ा , लोग पुरी तरह शोक में डूब गए, झारखंड चुनाव कराकर सिल्लीगुड़ी लौटे थे, उनके पिताजी ने बताया कि गिरने से मौत हो गई, लोहा गांव में जवान की निधन सुनकर लोग स्तब्ध हो गया और लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, जवान अपने पिछे 2 पुत्री कल्पना कुमारी, कामनी कुमारी और 2 पुत्र जिसमे किसन कुमार, आदित्य कुमार है, सबसे बड़ी पुत्री 15 साल की है और जवान के माता-पिता 80 साल के बुढ़े है, परिवार में उनके परिजन परिवार का रो रो कर बुरा हाल है, जवान भाई में अकेले और चार बहनें थीं, मौके पर पिड़ीत परिवार से लोहा पंचायत पैक्स अध्यक्ष दिलीप झा ने गहरा दुःख व्यक्त किया है, उन्होंने कहा कि राजू राम देश सेवा ररइ में 15 साल सेवा दिए, वह काफी हंसमुख, लोकप्रिय, बहुत ही शालीन व्यक्ति थे उनके निधन से पुरे लोहा पंचायत के लोग दुखी हैं, मातम पसरा हुआ है,

# पैक्स चुनाव के दूसरे चरण में मशरक प्रखंड के 9 पंचायतो में 50फिसद मतदान



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक प्रखंड के 9 पंचायतों में पैक्स अध्यक्ष पद व कार्यकारिणी सदस्य पद का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से बुधवार को शुरू हुआ। निवार्ची पदाधिकारी बीडीओ पंकज कुमार ने इस प्रखंड के 9 पंचायत में कुल पैक्स अध्यक्ष पद में 26 तो कार्यकारिणी सदस्य पद में 108 उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला 28 नवम्बर गुरूवार को मतगणना के दिन होगा। सेमरी, पूर्वी, डुमरसन, अरना, जजौली, बहरौली, मदारपुर, बंगरा, सोनौली पंचायतों में 24 मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण तरीके से पुलिस की मौजदूगी में पैक्स चुनाव का मतदान कराया गया। सुबह से ही मतदाता अपने मतदान केंद्र पर पहुंचे और शाम तक मतदाता मतदान करते दिखे। निवार्ची पदाधिकारी बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि 50.80 प्रतिशत मतदान हुआ है। डीएसपी अमरनाथ, सीओ सुमंत कुमार, बीडीओ पंकज कुमार और थानाध्यक्ष अजय कुमार दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद दिखे। वहीं प्रखंड की 9 पंचायतों में पैक्स मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर डीएसपी अमरनाथ के द्वारा अभूतपूर्व सुरक्षा के इंतजाम किए गए थें, सभी मतदान केन्द्रों पर मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान लगाएं गये थें। डीएसपी अमरनाथ ने बताया कि पैक्स चुनाव में व्यापक सुरक्षा का नतीजा है कि कही भी कोई मतदान से जुड़ी घटनाएं सामने नहीं आई। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाएंगी।

# बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम आयोजित




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के महा दलित टोला गांव और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के परिसर समेत अन्य विधालयो में नारायणी सेवा संस्थान के तरफ से बाल विवाह मुक्त भारत के जागरूकता के लिए दलित टोला की महिलाओं के संग कैंडल मार्च निकाला गया। बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण के लिए बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए स्वास्थ्य पर इसके प्रतिकुल असर के बारे में अखिलेंद्र सिंह ने जानकारी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के परिसर में कैंडल मार्च निकाला गया जिसमें चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने भाग लिया। मौके पर लोजपा संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, वार्ड पार्षद राजेश तिवारी, एएनएम सुजाता कुमारी, जीएनएम शशी शारदा, चंदन कुमार, रितेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहें। इस दौरान सभी ने कैंडल लाइट जला कर बाल विवाह रोकने की शपथ ली। सभी ने संकल्प लिया कि गांव में बाल विवाह नहीं होने देंगे और ऐसे किसी आयोजन में शामिल नहीं होंगे जहां बाल विवाह हो रहा है। साथ ही इसकी रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, जिससे हर बच्चा शिक्षित हो सके। इस दौरान बाल विवाह को रोकने के लिए कई नारे भी लगाए।

# मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने जिले के किसान की खेत मे पहुँचकर अगहनी धान फसल कटनी प्रयोग का किया निरीक्षण

**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोड अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने जिले के किसान की खेत मे पहुँचकर अगहनी धान फसल कटनी प्रयोग का किया निरीक्षण।

जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने रहिका प्रखंड के ककरौल उत्तरी पंचायत में जिले के किसान की खेत मे पहुँचकर अगहनी धान फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण किया। बताते चले कि राज्य की निरंतर बढ़ती जनसंख्या को भोजन मुहैया कराने, कृषि आधारित औद्योगिकरण का सुदृढ़ आधार तैयार करने तथा आर्थिक व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए कृषि उत्पाद का बढ़ावा जरूरी है। इसलिए प्रतिवर्ष फसलों का उपज दर का आकलन आवश्यक है जिससे हम पता कर पाएंगे कि उत्पाद में वृद्धि हो रही है या कमी। उत्पाद वृद्धि से हम अपनी जनसंख्या को भोजन दें पाएंगे।



यदि उपज दर में कमी हो रही है, तो वह कौन-कौन से कारण हैं , इसका पता कर सकेंगे ।इस क्रम में फसल सहायता योजना अंतर्गत मुख्य फसल धान, गेहूं, मक्का इत्यादि का प्रत्येक पंचायत में पांच प्रयोग अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा प्रत्येक कृषि वर्ष में कराया जाता है। उक्त परिपेक्ष्य में जिला पदाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा द्वारा फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण ककरौल उत्तरी पंचायत, प्रखंड- रहिका में कृषि वर्ष 24-25 में 10 मी गुणा 5 मीटर क्षेत्रफल में धान फसल कटनी प्रयोग संपादित किया गया। यह फसल कटनी प्रयोग भूमि मालिक श्यामा देवी के खेत में किया गया जिसमें 10मी गुणा 5 मीटर क्षेत्र में कुल 16.520 किलोग्राम धान प्राप्त हुआ। इस प्रकार 33.040 क्विंटल प्रति हेक्टेयर धान उत्पादन का आकलन किया गया। उक्त अवसर पर राकेश कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, ललन कुमार चौधरी, जिला कृषि पदाधिकारी अंचल पदाधिकारी , अभय कुमार, राजस्व अधिकारी, अर्चना कुमारी, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी , राज मंगल शर्मा, कृषि समन्वयक , सुरेंद्र चौधरी, वंदना रश्मि, किसान सलाहकार अरुण कुमार यादव एवं अन्य गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# किसान चौपाल का आयोजन

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के दलसिंहसराय प्रखण्ड के बसढिया पंचायत भवन पर किसान चौपाल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया हेमंत कुमार सहनी ने की जबकि संचालन पूर्व आत्मा अध्यक्ष प्रमोद कुमार राय ने किया। इस कार्यक्रम में पंचायत के किसानों को नवीनतम खेती जैविक खेती तथा मोटे अनाज की खेती में किसानों से उर्वरक की इस्तेमाल एवं कम लागत में उन्नत खेती की जानकारी दी गई। किसानों को एटीएम उपेंद्र प्रसाद सिंह, अंशु कुमारी एवं अभिषेक कुमार गुप्ता ने खेती सम्बन्धी जानकारी दी। मौके पर सरपंच महेश साह, रामचन्द्र सिंह, मो इरशाद आलम, राम प्रवेश सिंह, विश्वनाथ राय, नीलम देवी, रमेश राय, पंकज साह, मोहम्मद सोनू, हरिश्चंद्र राय आदि किसान उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में बाईक सवार युवक की हुई मौत, दूसरा जख्मी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर पूर्वी टोल गांव के मोहन दास के 22 वर्षीय पुत्र श्रवन कुमार का शव बुधवार की सुबह गांव में पहुंचते ही कोहराम मच गया। शव को देखते ही लोगों के चीखने चिल्लाने से माहौल काफी गमगीन बना हुआ था। वहीं स्थानीय पूर्व मुखिया जय किशुन साह ने बताया कि मंगलवार की संध्या मोहन दास का पुत्र श्रवन कुमार अपने साथी शंकर पासवान के पुत्र अजय पासवान के साथ बाईक से दरभंगा अपने एक रिश्तेदार के यहां जा रहा था तभी दरभंगा जाने के क्रम में विशनपुर थाना के समीप नरसारा के पास दरभंगा की ओर से समस्तीपुर की ओर जा रही ट्रक की ठोकर मार दिया। जिसमें श्रवन कुमार की मौत घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दुसरा युवक उसका साथी अजय पासवान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी अजय पासवान का ईलाज दरभंगा के निजी अस्पताल में चल रहा है। बुधवार की सुबह मृतक युवक श्रवन कुमार का शव घर पर पहुंचते ही परिवार सहित आसपास के घरों में माहौल काफी गमगीन बना हुआ था। वही स्थानीय जनप्रतिनिधि ममता देवी, आंगन दास सहित समाजसेवी लोग मृतक के परिजन को सांत्वना देने में लगे हुए थे।

# बिजली के शार्ट सर्किट से भूसे रखनें की बेढ़ी में लगीं आग

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के चांदबड़वा गांव में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग चांद बरवा गांव निवासी भृगुनाथ सिंह के भूसा रखनें की दो बेढ़ी में लगीं। बंताया गया कि उच्च क्षमता के बिजली तार में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें बेढ़ी में रखा भूसा सहित गेहूं जलकर राख हो गया। आग के विकराल रूप को देख ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

# मशरक में अलग-अलग सड़क दुघर्टना में तीन घायल, एक सदर अस्पताल छपरा रेफर



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के अलग-अलग गांवों में सड़क दुघर्टनाओं में तीन लोगों को घायल हालत में सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। पानापुर थाना क्षेत्र के सतजोड़ा में बाइक दुर्घटना में खजुरी गांव निवासी सोनू सिंह घायल हो गए। जिसका सीएचसी मशरक में इलाज के उपरांत सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। वहीं मशरक के चरिहारा पुल पर बाइक सवार की सड़क पार कर रहें शख्स से टक्कर हो गई जिसमें दोनों घायल हो गए। घायल दोनों को इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। बाइक सवार पानापुर थाना क्षेत्र के रसौली गांव निवासी स्व रामचंद्र प्रसाद गुप्ता का 20 वर्षीय अभिषेक कुमार जो बाइक से मशरक आ रहा था वहीं पैदल भूजा खरीदने जा रहा शख्स तख्त टोला गांव निवासी धुरेन्द्र प्रसाद का 30 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने पैदल शख्स की गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

# मशरक में मारपीट की घटनाओं में आधा दर्जन घायल ,दो सदर अस्पताल छपरा रेफर




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के कर्ण कुदरिया गांव समेत अन्य गांवों में मारपीट की घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ। कर्ण कुदरिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर खेत की सिंचाई के दौरान जमकर मारपीट में स्व परमानंद तिवारी का 49 वर्षीय पुत्र सच्चितानंद तिवारी, सच्चितानंद तिवारी का दो पुत्र 29 वर्षीय पुत्र विवेक तिवारी और 22 वर्षीय आशुतोष कुमार तिवारी और आशीर्वाद तिवारी के 56 वर्षीय पुत्र अवधेश तिवारी घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बनी देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। वहीं मशरक नगर पंचायत के दलित टोला गांव निवासी राजवंशी राम का 42 वर्षीय पुत्र सुनील राम आपसी विवाद में मारपीट में घायल हो गया। वही सुंदर गांव में आपसी विवाद में मारपीट में भगेलू राय का 58 वर्षीय पुत्र सुरेश राय घायल हो गए। मामले में थाना पुलिस को आवेदन देने की बात बताई गयी। पुलिस जांच में जुटी है।

# बाल विवाह न कराने हेतु दिलाई गई शपथ,

वरिष्ठ**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**चंद्र किशोर पासवान**



नावकोठी ( बेगूसराय ) ' थाना क्षेत्र अंतर्गत नावकोठी पुलिस ने बालविवाह नहीं कराने के लिए जागरूकता अभियान चलाया ।इसके तहत नौलखा एवं रमौली में बुधवार को महादलित मुहल्ले की अभिभावक महिलाओं से बाल विवाह न कराने के लिए शपथ दिलाई। शपथ दिलाते हुए बताया कि बालविवाह सामाजिक अपराध है? ।इसके लिए राज्य सरकार ने कठोर प्रावधान बनाया है। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि बाल विवाह के तहत कम आयुवर्ग के लड़की या लड़के की शादी करने तथा कराने वाले दोनों को जेल और आर्थिक दंड अथवा दोनों सजा का प्रावधान है। इससे बचने के लिए कम आयु में अपने बच्चों की शादी नहीं कराने की अपील की ।मौके पर अपर थानाध्यक्ष अरविंद शुक्ला, खुश्बू कुमारी तथा पुलिस बल के जवान एवं अभिभावक महिला उपस्थित थे।

# सांसद डाङ्म गोपाल जी ठाकुर ने पीएम मोदी से मिलकर जताया आभार

## मिथिला के विकास में श्लाका पुरुष साबित हो रहे पीएम नरेंद्र मोदी - डा गोपाल जी ठाकुर



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोङ्म अबु बकर सिद्दीकी**

दरभंगा :------ देश और बिहार के साथ साथ मिथिला के विकास के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्लाका पुरुष साबित हो रहे हैं । दरभंगा में एम्स, एयरपोर्ट जैसी बहुप्रतीक्षित महत्वाकांक्षी योजनाएं मिथिला के विकास में मील का पत्थर साबित होगा जिसके लिए साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों की ओर से पीएम मोदी जी को साधुवाद है ।आज बुधवार को दरभंगा सांसद सह लोकसभा में पार्टी सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात कर दरभंगा में एम्स का शिलान्यास तथा मिथिला में अन्य विकास कार्यों के लिए आभार प्रकट करते हुए उपरोक्त विचार व्यक्त किए ।सांसद डा ठाकुर ने पीएम मोदी जी से भेंट के क्रम में उन्हें मिथिला के विकास कार्यों का श्रेय देते हुए कहा कि पीएम के द्वारा जिस प्रकार से मिथिला में विकास की लम्बी लकीर खींची है वह मिथिला के विकास के लिए भूतो न भविष्यति साबित होगी। सांसद डा ठाकुर ने पीएम मोदी जी को मिथिला के विकास में अहम साबित होने वाले राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र को राष्ट्रीय दर्जा , बाढ़ के स्थाई निदान के लिए ग्यारह हजार करोड रुपए , एयरपोर्ट के नए टर्मिनल निर्माण के लिए नौ सौ तेरह करोड़ रुपए दरभंगा एम्स निर्माण के लिए सत्रह सौ करोड़ रुपए जैसी विभिन्न योजनाओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इन्होंने जिस तरह से मिथिला के स्वर्णिम भविष्य के लिए रूप रेखा को रेखांकित किया है वह आने वाले समय में मिथिला की प्राचीन वैभव को फिर से जीवंत कर रहा है ।सांसद डा ठाकुर ने पीएम मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व की जमकर सराहना करते हुए कहा कि साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों की दुआ प्रधानमंत्री जी को दीर्घकाल तक यशस्वी व दीघार्यु बनाए रखेगा।

# बच्चों को उच्च शिक्षा देने की जरूरत- पुष्पलता

**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**चन्दरकिशोर पासवान**

बखरी ( बेगूसराय ) ' समाज को शिक्षित बनाकर ही बाल विवाह को समाप्त किया जा सकता है। आज भी कई ऐसे इलाके हैं, जहां बाल विवाह से संबंधित मामले सामने आते हैं। इसे पूरी तरह से खत्म करने के लिए समाज के हर तबके को जागरूक होना पड़ेगा। साथ ही अपने संतान के दायित्व का निर्वहन करते हुए उनकी परेशानियों को भी समझना पड़ेगा। यह बातें बाल विवाह उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे हैं जागरूकता अभियान के दौरान नगर परिषद इलाके के गायत्री प्रज्ञा पीठ परिसर में हुए कार्यक्रम में महिला हेल्प डेस्क प्रभारी सह एसआई पुष्पलता ने कहीं। उन्होंने कहा कि बच्चों को उच्च शिक्षा देने की जरूरत है। उन्हें सही और गलत के फर्क को बताना पड़ेगा। उन्हें शिक्षा के बल पर आत्मनिर्भर बनाना पड़ेगा। किसी भी लड़के की शादी 21 तथा लड़की की शादी 18 साल की उम्र से पहले होना बाल विवाह कहलाता है। बाल विवाह को कम उम्र में विवाह या जबरन विवाह भी कहा जाता है। उन्होंने कहा ऐसे विवाह से बच्चों का बचपन



खत्म हो जाता है ।इससे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, और संरक्षण पर नकारात्मक असर पड़ता है। बाल विवाह से लड़कियां कम उम्र में विधवा हो जाती हैं, कई बार उनका पुनर्विवाह कर दिया जाता है। कई जगह उन्हें जिंदगी भर के लिए बेजान ज़िंदगी जीने पर मजबूर कर दिया जाता है। बाल विवाह अधिनियम के तहत जेल और जुमार्ना भी हो सकता है। कहा कि अगर किसी का बाल विवाह हो गया है, तो वह बालिग होने के दो साल के अंदर कोर्ट में जाकर शादी को चुनौती देकर निरस्त करा सकता है। उन्होंने किसी भी तरह की कोई भी परेशानी होने पर थाना के महिला हेल्प डेस्क नंबर तथा डायल 112 पर संपर्क करने के लिए लोगों से कहा है। कार्यक्रम में नगर की प्रथम मुख्य पार्षद सह जदयू नगर अध्यक्ष कुमारी संगीता राय ने कहा कि समाज में बाल विवाह जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करना होगा। इसके लिए लड़के तथा लड़कियों को भी कम उम्र में शादी का विरोध करना होगा। साथी ही अपनी जिम्मेदारी को अभिभावकों को समझना होगा। अगर किसी प्रकार की परेशानी आती है, तो उसे दूर करना होगा। कार्यक्रम में एसआई रविंद्र तिवारी, निरंजन सिंह, खुशबू कुमारी, मधुमति कुमारी, देवनंदन पोद्दार आदि मौजूद थे।

# व्हीलर रोड स्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के नए आवंटित कार्यालय में आज शुभ मुहूर्त में गृह-प्रवेश की पूजा का आयोजन किया गया

**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना के 01 व्हीलर रोड स्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के नए आवंटित कार्यालय में आज शुभ मुहूर्त में गृह-प्रवेश की पूजा का आयोजन किया गया है। लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान अपनी माताजी और पूरे परिवार के साथ पूजा हवन में शामिल रहे। हवन पूजन के कार्यक्रम में जमुई सांसद और बिहार प्रदेश प्रभारी अरुण भारती, लोजपा (रा) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार मुन्ना, राष्ट्रीय महासचिव धनंजय मृणाल, डाःसत्यानंद शर्मा, डाः शाहनवाज अहमद कैफी, शंकर झा, छात्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष यामिनी मिश्रा, युवा राष्ट्रीय महासचिव अनिल पासवान, प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष हुलास पांडेय, , प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी ,विष्णु पासवान, रमेश सिंह ,राकेश सिंह मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ,चुनाव अभियान प्रमुख सुरेंद्र विवेक, युवा प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, छात्र प्रदेश अध्यक्ष सीमांत मृणाल ,महिला सेल अध्यक्ष शोभा सिन्हा पासवान, एससी /एसटी प्रदेश अध्यक्ष



परशुराम पासवान ,अल्पसंख्यक अध्यक्ष सलीम साहिल, लेबर सेल अध्यक्ष रामप्रवेश यादव प्रदेश, प्रवक्ता सौरभ सिंह, राजेश सिंह, अनुपम पासवान ,जितेंद्र यादव , प्रदेश महासचिव रवि रंजन प्रसाद सिंह, अभिषेक सिंह ,एससी /एसटी उपाध्यक्ष लालबाबू पासवान, निभा पासवान, सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आज की गृह प्रवेश पूजा में लोजपा सुप्रीमो चिराग स्वयं ॒यजमान॒ रहे। पार्टी में टूट के बाद खोए हुए सभी चीजें एक एक कर चिराग वापस ले रहे हैं। लोजपा के सन 2000 में स्थापना से 01 व्हीलर रोड का कार्यालय लोजपा की पहचान रहा है। दिवंगत रामविलास पासवान की धर्मपत्नी और चिराग की माताजी, रीना पासवान के लिए ये भावुक पल था जब उनके पुत्र तीन वर्ष बाद पुनः लोजपा के कार्यालय में पूरे धूम धाम से प्रवेश कर रहे हैं। इस मौके पर रीना पासवान ने कहा कि कभी अपने पति के साथ वो यहां आती थीं, आज पुत्र के साथ पुनः इस कार्यालय में आना मेरे लिए भावुक क्षण है। गृह शांति पूजा की शुरूआत से पहले लोजपा के कार्यकताओं एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग ने परिवार के साथ स्व॰ रामविलास पासवान के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है ।इस मौके पर पत्रकारों के द्वारा आनंद मोहन और चेतन आनंद के द्वारा दिए गए बयान की वो एनडीए में हैं या नहीं इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग ने कहा कि राजद से विधायक का चुनाव जीते चेतन के बयान से स्पष्ट है कि उनकी प्राथमिकता ठऊअ को मजबूत करने के बजाय उसमें दरार डालने की है। ऐसा प्रतीत होता है कि वो अभी भी अपने पुराने राजनीतिक 'गुरुजनों' की विरासत को सहेज कर महागठबंधन की विचारधारा को परोक्ष रूप से समर्थन दे रहे हैं। चिराग ने चेतन आनंद से पूछा है कि पहले तो यह बताएं कि आप यह प्रश्न एनडीए के सदस्य के रूप में पूछ रहे हैं या महागठबंधन के प्रवक्ता के रूप
में ?पूजा हवन और गृह प्रवेश के तुरंत बाद लोजपा प्रमुख गया के बेलागंज में उप चुनाव में 35 वर्षों के बाद मिली जीत के बाद चिराग समर्थकों के द्वारा गाना बजाए जाने पर राजद समर्थित असामाजिक तत्वों के द्वारा चिराग और लोजपा (रा) समर्थकों पर जानलेवा हमले से पीड़ित परिवारों से मिलने बेलागंज गए हैं। इस मामले में सम्मिलित राजद समर्थित नव सामंतवाद के प्रेरक अपराधिक तत्वों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# पैक्स चुनाव के दूसरे चरण में मशरक प्रखंड के 9 पंचायतो में 50फिसद मतदान





**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक प्रखंड के 9 पंचायतों में पैक्स अध्यक्ष पद व कार्यकारिणी सदस्य पद का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से बुधवार को शुरू हुआ। निवार्ची पदाधिकारी बीडीओ पंकज कुमार ने इस प्रखंड के 9 पंचायत में कुल पैक्स अध्यक्ष पद में 26 तो कार्यकारिणी सदस्य पद में 108 उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला 28 नवम्बर गुरूवार को मतगणना के दिन होगा। सेमरी, पूर्वी, डुमरसन, अरना, जजौली, बहरौली, मदारपुर, बंगरा, सोनौली पंचायतों में 24 मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण तरीके से पुलिस की मौजदूगी में पैक्स चुनाव का मतदान कराया गया। सुबह से ही मतदाता अपने मतदान केंद्र पर पहुंचे और शाम तक मतदाता मतदान करते दिखे। निवार्ची पदाधिकारी बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि 50.80 प्रतिशत मतदान हुआ है। डीएसपी अमरनाथ, सीओ सुमंत कुमार, बीडीओ पंकज कुमार और थानाध्यक्ष अजय कुमार दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद दिखे। वहीं प्रखंड की 9 पंचायतों में पैक्स मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर डीएसपी अमरनाथ के द्वारा अभूतपूर्व सुरक्षा के इंतजाम किए गए थें, सभी मतदान केन्द्रों पर मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान लगाएं गये थें। डीएसपी अमरनाथ ने बताया कि पैक्स चुनाव में व्यापक सुरक्षा का नतीजा है कि कही भी कोई मतदान से जुड़ी घटनाएं सामने नहीं आई। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाएंगी।

# चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था के साथ पैक्स चुनाव के पांचों शीट का रिजल्ट जारी

**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**चन्दरकिशोर पासवान**

नावकोठी ( बेगूसराय ) ' प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन में पैक्स चुनाव हेतु बनाए गए मतगणना केंद्र पर चुस्त दुरुस्त व्यवस्था के साथ मतगणना शुरू हुआ ।मतगणना में महेशवाड़ा पैक्स से संजीव कुमार, डफरपुर पैक्स से रामशंकर सिंह, नावकोठी से देवेंद्र प्रसाद सिंह, रजाकपुर से राजेश कुमार और हसनपुर बागर से निर्जला देवी अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किये गए। निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चिरंजीव पांडेय जानकारी देते हुए बताया कि महेशवाड़ा पैक्स से संजीव कुमार 688 मत प्राप्त कर विजई हुए ।वहीं तृप्ति भारती मात्र 299 मत प्राप्त किया और उन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ा ।जबकि 41 मत रद्द हुआ ।इस प्रकार संजीव कुमार अपने प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी तृप्ति भारती को 389 मतों से पराजित किया ।डफरपुर पैक्स से दिलीप कुमार सिंह को 41 मत, रामशंकर सिंह को 1124 मत और ब्रजेश कुमार को 470 मत प्राप्त हुए ।इस प्रकार रामशंकर सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी ब्रजेश कुमार को 654 मतों से शिकस्त दिया। नावकोठी पैक्स से अंजनी कुमार को 261 मत, देवेंद्र प्रसाद सिंह को 345 मत मिले ।इस प्रकार देवेंद्र प्रसाद सिंह अपने प्रतिद्वंद्वी अंजनी कुमार को 84 मतों से शिकस्त देकर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। महेशवाड़ा पैक्स के कार्यकारिणी सदस्यों में पिछड़ा वर्ग से दयानंद कुमार, अतिपिछड़ा वर्ग से माला देवी, सामान्य कोटि से अशोक कुमार सिंह, टुनटुन सिंह, ममता देवी, रिंकी देवी, रेखा देवी, रेणु देवी विजयी हुए ।रजाकपुर पैक्स अध्यक्ष पद पर शंकर महतो को 400 मत, राजेश कुमार को 581 मत और ललन पासवान को 77 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार राजेश कुमार 181 मतों से विजई घोषित किए गए ।हसनपुर बागर पैक्स से निर्जला देवी को 562 मत प्राप्त हुआ ।वहीं रमेश कुमार सहनी को 252 मत मिले। इस तरह निर्जला देवी 310 मतों से विजई घोषित किए गए ।वहीं नावकोठी और डफरपुर पैक्स में प्रबंधकारिणी समिति निर्विरोध निर्वाचित हुए ।हसनपुर बागर और रजाकपुर प्रबंधकारिणी समिति के उम्मीदवारों की गिनती जारी है ।इस दौरान सीओ सूरज कुमार, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, एसआर्ड मनोज प्रसाद, सीडीपीओ मोनिका रानी, बीपीआरओ निधि प्रिया, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मेघा वर्मा, बीसीओ अनिल चौधरी सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी एवं मतगणना कर्मी उपस्थित थे।

# लालू-राबड़ी 2001-02 में पंचायत और निकाय चुनाव में 1 फीसद भी आरक्षण नहीं दिया था - जनक राम

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना । वरिष्ठ भाजपा नेता और अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री जनक राम ने आरक्षण पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि लालू-राबड़ी सरकार के 15 साल में दलितों के नरसंहार हुए और सामाजिक न्याय का गला दबाया गया। उन्होंने कहा कि 2001 के पंचायत चुनाव और 2002 के नगर निकाय चुनाव में पिछड़े-अतिपिछड़े वर्ग को 1 फीसद भी आरक्षण नहीं दिया गया था। उस समय राबड़ी देवी की सरकार थी, जिसका रिमोट कंट्रोल लालू प्रसाद के हाथ में था।

श्री जनक राम ने कहा कि भाजपा के समर्थन वाली नीतीश सरकार ने



पंचायतों और नगर निकायों में पिछड़ों-अतिपिछड़ों को आरक्षण देकर सामाजिक न्याय का सपना पूरा किया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को सम्राट चौधरी जी के बयान पर थेथरोलॉजी करने के बजाय अपने माता-पिता के राज में हुए समाजिक अन्याय के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए ।

# मारवाड़ी महाविद्यालय में भारतीय परंपरा में मनोविज्ञान विषय पर आयोजित हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी, सभी में स्वयं को देखना भारत का मनोविज्ञान है - डॉङ्म सौरभ जी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

■ मनोविज्ञान के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा का विश्लेषण संभव - कुमारी कविता

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के मारवाड़ी कॉलेज, दरभंगा के मनोविज्ञान विभाग ने आज ॒भारतीय परंपरा में मनोविज्ञान॒ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय परंपरा में निहित गहन मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों का विश्लेषण करना और उनके आधुनिक समाज में प्रासंगिक योगदान को रेखांकित करना था ।संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र कॉलेज की प्राचार्या डॉ. कुमारी कविता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि भारतीय परंपराएं केवल आध्यात्मिकता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता और वैश्विक कल्याण के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय परंपराओं के मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोणों को न केवल उजागर करना है, बल्कि उनके आधुनिक मनोविज्ञान के साथ अंतर्संबंध को स्थापित करना भी है ।इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. सौरभ जी, दिल्ली विश्वविद्यालय के उपकुलानुशासक, ने अपने व्याख्यान में भारतीय मनोविज्ञान की गहराई और विविधता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ॒सभी में स्वयं को देखना॒ भारतीय मनोविज्ञान का मूल आधार है। उन्होंने भारतीय परंपरा में उपस्थित

## ध्यान से संभव है मनोविज्ञान को समझना - भंते धम्मदीप




तत्वों, जैसे कि आत्मवत सर्वभूतेषु (सभी प्राणियों में आत्मा का भाव), पंचमहायज्ञ, और धर्म की राष्ट्रीय दृष्टि का विश्लेषण करते हुए बताया कि ये केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान नहीं करते, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और समाज के सामूहिक कल्याण के लिए भी आवश्यक हैं ।मुख्य अतिथि प्रो. रमेश प्रसाद, सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, ने बौद्ध दृष्टिकोण से मनोविज्ञान की व्याख्या की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार बौद्ध मनोविज्ञान ध्यान और सति (स्मृति) के माध्यम से मानसिक शांति और स्थिरता प्रदान करता है ।विशिष्ट अतिथि, एलएनएमयू के पीजी मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. एम.के. सुलतानिया, ने भारतीय ग्रंथों जैसे भगवद्गीता और उपनिषद के मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन ग्रंथों में वर्णित सिद्धांत आधुनिक मनोविज्ञान के लिए प्रेरणास्त्रोत हो सकते हैं ।दक्षिण कोरिया से ऑनलाइन जुड़े भंते धम्मदीप ने ध्यान की मनोवैज्ञानिक तकनीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने ॒सति ध्यान॒ के अभ्यास का भी निर्देश दिया और बताया कि यह तकनीक किस प्रकार मानसिक तनाव और चिंता को नियंत्रित कर सकती है ।संगोष्ठी के आयोजन सचिव और संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. विकास सिंह ने कहा, ॒यह संगोष्ठी भारतीय परंपरा में निहित गहरे मनोवैज्ञानिक ज्ञान और आधुनिक विचारधारा के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करती है। प्रतिभागियों की उत्साही भागीदारी भारतीय परंपराओं की प्रासंगिकता को दशार्ती है ।॒

# लखनऊ में लव जिहाद, नाबालिग से रेप

## पहले वाराणसी, फिर सूरत लेकर गया, चारबाग में छोड़कर भागा

**लखनऊ ।** 13 साल की बच्ची को अपने प्यार में फंसाकर घर से भगा ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी किशोरी को वाराणसी ले जाकर एक होटल में रुका, जहां उसके साथ रेप किया। उसके बाद सूरत ले गया। पुलिस की दबिश बढ़ी तो चारबाग स्टेशन छोड़कर भागने की फिराक में था। इससे पहले पुलिस ने दबोच लिया। नाका पुलिस परिजनों की शिकायत के बाद से उसकी तलाश कर रही थी। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बच्ची को लेकर सूरत चला गया था। पुलिस की टीम ने सर्विलांस और मुखबिर की सूचना पर उसको पकड़ा। नाका इंस्पेक्टर वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी आमिर 18 नवंबर को कक्षा आठ में पढ़ने वाली किशोरी को भगा ले गया। परिजनों का आरोप था कि आरोपी स्कूल से आते-जाते बेटी का पीछा करता था। उसने धर्म और जाति छिपाकर बेटी को अपनी बातों में फंसाकर घटना को अंजाम दिया। आमिर ने पुलिस पूछताछ में बताया



कि वह किशोरी को लखनऊ से पहले वाराणसी ले गया। जहां एक होटल में रहा। यहां किशोरी के साथ रेप किया और विरोध पर धमकाता था। उसके बाद उसको लेकर सूरत चल गया। दूसरी तरफ आरोपी के फोन की सर्विलांस की मदद से सूरत लोकेशन मिलने पर एक टीम भेजी गई थी। इसी बीच आमिर 24 नवंबर को युवती को लखनऊ छोड़ने आया था। पुलिस के डर से चारबाग से पहले ही ट्रेन से उतर गया। बाद में टीम ने उसकी तलाश और तेज कर दी। 26 नवंबर को उसको ऐशबाग रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपी युवक अपने पिता के साथ सिलेंडर डिलीवरी का काम करता था। इस दौरान बच्ची के सम्पर्क में आ गया था। इसके बाद से उसको फॉलो कर रहा था। लव जिहाद विरोधी विधेयक में धर्म परिवर्तन और बहला-फुसलाकर शादी करने पर उम्रकैद की सजा का प्रावधान है। धर्म परिवर्तन के लिए कोई भी व्यक्ति किसी को जान या संपत्ति का भय दिखाता है, बल का प्रयोग करता, शादी का दबाव बनाता है तो उसे भी आजीवन कारावास और जुमार्ने की सजा भुगतनी होगी।

# किसान सभा ने की फामूर्ला सी 2+50 प्रतिशत पर एमएसपी कानून बनाने की मांग

संवाददाता

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश किसान सभा की जिला इकाई के पदाधिकारी जिला मुख्यालय रविन्द्र नगर धुस पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कुशीनगर की अनुपस्थिति में उपजिलाधिकारी को सौंपकर फसलों के लिए फामूर्ला सी 2+50 प्रतिशत पर एमएसपी कानून बनाने की मांग की। मंगलवार को किसान सभा के जिलाध्यक्ष कामरेड मोहन गोंड़ व माकपा जिला सचिव कामरेड अयोध्या लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में किसान जिला मुख्यालय पहुंचे। कामरेड




श्रीवास्तव ने कहा कि एनडीए की तीसरी सरकार की नीतियों से किसानों व मेहनत कश लोगों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। अपने दिए 11 सूत्रीय ज्ञापन में सभा ने मांग किया कि अनाज का लाभकारी मूल्य दिलाया जाय। किसानों का कर्ज माफ करने, तीनों कृषि कानून वापसी के समझौते को लागू करने, नीलगाय व आवारा पशुओं से बचाव व बर्बाद फसलों का मुआवजा देने, फसल अवशेष नष्ट करने का निःशुल्क वकारगर उपाय करने, बकाया गन्ना मूल्य भुगतान व गन्ना मूल्य 500 रुपये करने, खाद, बिज की कालाबाजारी रोकने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, नहरों की सफाई व हेड से टेल तक पानी देने, सरकारी संपत्ति का निजीकरण रोकने, साम्प्रदायिक शक्तियों पर रोक लगाने की मांग की गयी। इस अवसर पर शमसुद्दीन अंसारी, इन्द्रीश, कैलाश गिरी, राम प्रसाद गोंड़, सुभाष गोंड़, भुआली, कमालुद्दीन, सुरेश सिंह पटेल मौजूद रहे।

# लखनऊ में गन्ना लदे ट्रक ने छात्र को कुचला



**लखनऊ ।** बीकेटी में मंगलवार को भीषण हादसा हो गया। गन्ना लदे ट्रक ने छात्र को कुचल दिया। ट्रक का पहिया सिर पर चढ़ने से छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। छात्र दोपहर में साइकिल से घर जा रहा था। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने रोड जाम कर दिया। कई थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंची है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेना चाहा तो ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। भाजपा विधायक योगेश शुक्ला भी ग्रामीणों को समझाने पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सरकार द्वारा मदद का आश्वासन दिया और समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

# शिव गुरु महोत्सव में दिया भगवान शिव का संदेश



**गोरखपुर ।** फर्टिलाइजर ग्राउंड में मंगलवार को शिव शिष्य परिवार द्वारा आयोजित शिव गुरु महोत्सव में रांची से पहुंची दीदी बरखा आनंद ने शिव के संदेश के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गोरखपुर में किए गए विकास कार्यों की प्रशंसा की। दीदी बरखा आनंद ने कहा, हम 2017 में भी गोरखपुर आए थे। तब और अब के गोरखपुर में काफी बदलाव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शहर ने विकास के नए आयाम गढ़े हैं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता दीदी बरखा आनंद ने शिव के गुरु स्वरूप की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा, ह्लशिव केवल नाम के नहीं, काम के भी गुरु हैं। उनके औढरदानी स्वरूप से धन और संतान जैसे लाभ पाने की परंपरा है, लेकिन उनके गुरु स्वरूप से ज्ञान क्यों न प्राप्त किया जाए? ज्ञान के अभाव में किसी भी संपत्ति का उपयोग घातक हो सकता है। दीदी ने बताया कि शिव का शिष्य बनने के लिए किसी विशेष विधि, दीक्षा, या औपचारिकता की आवश्यकता नहीं है। केवल यह विचार करना कि शिव मेरे गुरु हैं ही शिष्यत्व की शुरूआत करता है। शिव शिष्य साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने 1974 में शिव को अपना गुरु माना और 1980 के दशक तक यह विचार देश के विभिन्न हिस्सों में फैल गया। दीदी नीलम आनंद और साहब श्री हरीन्द्रानन्द ने जाति, धर्म, या समुदाय से परे मानव मात्र को शिव के गुरु स्वरूप से जोड़ने का आह्वान किया। महोत्सव में आसपास के इलाकों से हजारों लोग शामिल हुए। सभी ने शिव के गुरु स्वरूप को समझा और अपनाने का संकल्प लिया। दीदी बरखा के साथ अन्य वक्ताओं ने भी शिव के विचारों पर अपने विचार साझा किए।

# बौद्ध संग्रहालय में संविधान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** संविधान दिवस के अवसर पर राजकीय बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान विषयक संगोष्ठी का आयोजन हुआ।मंगलवार को अज्ञेय स्मृति सभागार कुशीनगर में आयोजित संगोष्ठी के मुख्य वक्ता विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र बीपीजी डॉ उमाशंकर त्रिपाठी ने कहा कि संविधान हम भारतीयों के लिए प्रेरणादायक और स्वतंत्र भारत का आधुनिक धर्म ग्रंथ है जो भारत के प्रत्येक नागरिक का मार्गदर्शक है।



संविधान को देश के हर नागरिक ने अंगीकृत किया है इसलिए संविधान के वास्तविक संरक्षक हम भारतीय हैं। संविधान जहां एक ओर नागरिकों को सशक्त करता है। वहीं दूसरी ओर नागरिक भी अपने आचरण और व्यवहार से संविधान का संवर्द्धन और संरक्षण करते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए अंतराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के पूर्व अध्यक्ष भदंत डॉ0 नंदरत्न ने कहा कि संविधान दिवस केवल शासन और राजनीतिक दलों का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र निमार्ताओं के योगदान के प्रति आभार के उत्सव के रूप में इसे मनाया जाए। अध्यक्षता बुद्ध इंटर कालेज कुशीनगर के प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय ने की। संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली गयी और समापन राष्ट्रगान से हुआ। सबका स्वागत एवं आभार संग्रहालय वरिष्ठ सहायक तेज प्रताप शुक्ला ने किया। संचालन पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ प्राणरंजन ने किया। उक्त अवसर पर तरुण शुक्ला, धीरेंद्र मिश्रा, नसीरुद्दीन बेग, बिकास, चंदन उपस्थित रहे।

# लखनऊ में दुल्हन के भाई-बहन को पीटा

**लखनऊ ।** नशे में धुत बारातियों ने जमकर हंगामा कर दिया। लड़की के भाई और बहन की जमकर पिटाई कर दी। बारात बिना निकाह के ही लौट गई। लड़की के भाई दूल्हा पक्ष के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

मोहनलालगंज के निगोहां के भद्दी शीर्ष गांव में रायबरेली के बछरावां से बारात सोमवार दोपहर 2 बजे पहुंची। बारात का कार्यक्रम दुल्हन



आफरीन बनो के घर के बाहर रोड पर ही था। दूल्हे का बहनोई इरशाद और दूल्हे का भाई इरफान नशे में धुत होकर डीजे पर नाचने के लिए शोर मचाने लगे। दोनों के शोर मचाने पर दुल्हन के भाई शहजाद ने विरोध किया और समझाने की कोशिश की। इसपर दूल्हे के भाई और बहनोई ने दुल्हन के भाई और बहन गुलफ्शा बनो और चचेरी बहन अफसार जहां को गली देते हुए मारपीट करने लगे। बारात में शामिल महिलाओं और पुरुषों ने एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। इस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया और शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई। जिसके बाद बिना निकाह के ही बारात लौटा गई।

# शव लेकर जा रही कार ट्रेलर में घुसी, 4 गंभीर

**बस्ती ।** अयोध्या-गोरखपुर हाईवे पर मंगलवार को कार और ट्रेलर के बीच भीषण टक्कर हो गई। यह हादसा कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गढ़हा गांव के पास हुआ, जब तेज गति से जा रहे एक ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसके चलते पीछे चल रही कार अनियंत्रित हो गई और ट्रेलर में घुस गई, जिससे कार में सवार चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर कप्तानगंज



पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला। एंबुलेंस द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज भेजा गया। वहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया और गंभीर हालत को देखते हुए राजेंद्र लोध और कार चालक जयेश पाटिल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान सिद्धार्थनगर जिले के लोटन थाना क्षेत्र के बिशुनपुर गांव निवासी राजेंद्र लोध, उनके दो पुत्र रामधनी और सुखराम, और कार चालक जयेश पाटिल (कल्याण भिवंडी, मुंबई) के रूप में हुई है। राजेंद्र लोध ने बताया कि वे 24 नवंबर को अपने दिवंगत बेटे का शव लेकर मुंबई से सिद्धार्थनगर के बिशुनपुर गांव जा रहे थे, लेकिन हाईवे पर ट्रेलर के अचानक ब्रेक लगाने से यह हादसा हो गया। कानून व्यवस्था इंस्पेक्टर राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि दुर्घटना में घायलों का उपचार किया जा रहा है और सभी की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।

# डॉ आम्बेडकर को किया याद

**बस्ती।** जिले में संविधान दिवस पर सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां संविधान के निर्माण में डॉ. भीमराव आंबेडकर की भूमिका को प्रमुखता से बताया गया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र पांडेय ज्ञानू ने कहा, भारत में संविधान केवल एक पुस्तक नहीं है, बल्कि यह देश की आत्मा है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर आरोप लगाया कि वह पुलिस और संवैधानिक संस्थाओं का सहारा लेकर संविधान की हत्या करने पर आमादा है।

पांडेय ने यह भी कहा कि आज डॉ. आंबेडकर की आत्मा रो रही है, क्योंकि देश सुरक्षित हाथों में नहीं है और संवैधानिक परंपराएं टूट रही हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता मोहम्मद रफीक खां, गंगा प्रसाद मिश्रा, लालजीत पहलवान, किसान कांग्रेस के अमित सिंह और अन्य नेता उपस्थित रहे।

# बुद्धा पीजी: पुरातन छात्र हमारे गौरव: प्राचार्य

संवाददाता

**कुशीनगर।** बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर की पुरातन छात्र परिषद की एक बैठक मंगलवार को महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में संपन्न हुई।परिषद के संयोजक प्रो. विभ्राट चंद कौशिक ने सभी विभागाध्यक्षों से आगामी पुरा छात्र सम्मेलन के संबंध में सुझाव आमंत्रित किया तथा फरवरी




महीने के तृतीय सप्ताह में आयोजन का प्रस्ताव दिया , जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से आग्रह किया कि आगामी 10 दिसंबर तक सभी अपने विभाग के पुरातन छात्रों की लिस्ट प्रदान कर दें, जिससे आयोजन की एक सुनिश्चित रूपरेखा तैयार की जा सके। बैठक में पुरा छात्रों के साथ अवकाश प्राप्त आचार्यो एवं पूर्व प्राचार्यो को भी आमंत्रित करने का सुझाव आया, जिस पर विचार करने की सहमति बनी। पूर्व की भांति इस सत्र में भी पुरा छात्र सम्मेलन को भव्य तरीके से आयोजित करने को लेकर सभी विभागाध्यक्षों ने पुरा छात्र परिषद को अपना सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्र ने कहा कि पुरातन छात्र हमारे गौरव हैं। उन्हें महाविद्यालय से जोड़ कर, सम्मानित करके हम अपने विद्यार्थियों को भी जीवन में बेहतर करने के लिए संदेश दे सकते हैं। उन्होंने पुरा छात्र परिषद को आयोजन की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। बैठक में प्रो. ब्रजेश कुमार सिंह, प्रो. हरिशंकर पांडेय, प्रो. रामभूषण मिश्र, प्रो. ज्ञान प्रकाश मंगलम, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. मनीष जायसवाल, डॉ. निरंकार राम त्रिपाठी,डॉ. आशुतोष तिवारी, डॉ. धनंजय ओझा, कृष्ण कुमार जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### कुशीनगर विधानसभा के पांच दर्जन गांवों के बदलेगें बिजली तार व पोल



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** विधायक कुशीनगर पीएन पाठक ने अधिक्षण अभियंता बिधुत वितरण खण्ड कसया कुशीनगर को एक पत्र लिखकर विधानसभा क्षेत्र के पांच दर्जन से अधिक गांवों की जर्जर बिजली पोल और तार बदलने की मांग की है । बता दें कि विधायक श्री पाठक से क्षेत्रीय लोगों द्वारा विद्युत समस्या को लेकर लिखित मांग किया था जिसको संज्ञान में लेते हुए विधायक श्री पाठक ने अधिक्षण अभियंता कसया को पत्र लिखा है। विधायक श्री पाठक की पहल से बिजली की समस्या दूर होगी। विधायक श्री पाठक ने कहा कि पूरे विधान सभा क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य शिक्षा को सुदृढ़ किया जाएगा।

### मिशन शक्तिः सुरक्षा, आत्मनिर्भरता को लेकर किया जागरूक



संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के जौरा बाजार स्थित इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति योजना के तहत छात्राओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता को लेकर जागरूक किया गया। चौरा थाना के प्रभारी निरीक्षक विद्याधर कुशवाहा ने कहा कि आप सभी निर्भीक होकर विद्यालय आएं-जाएं। आपके साथ कोई समस्या हो तो तुरंत वूमेन हेल्पलाइन या 112 नंबर पर कॉल करें। आप निश्चिंत रहें, हम आपके साथ एक संरक्षक की तरह हर समय खड़े रहेंगे।प्रधानाचार्य रामू चौधरी ने कहा कि मिशन शक्ति छात्राओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। छात्राओं की शिक्षा सुरक्षा और व्यक्तित्व विकास हम सभी का दायित्व है। इस मौके पर प्रधान लिपिक सुबोध पांडेय, विजय उपाध्याय, धर्मेंद्र सिंह, सुनील दत्त तिवारी, अंशुमान चतुर्वेदी, इरशाद, संतोष गुप्ता, मथुरा तिवारी, अशोक तिवारी, अखिलेश मिश्रा, रविशंकर सिंह, महेंद्र यादव, प्रभात ,सुमन द्विवेदी, सिंपल उपाध्याय, अनुराधा सिंह, एसआई वरुण सांस्कृतायन, और कांस्टेबल विकास प्रजापति व विनय यादव मौजूद रहे।

### कानपुर में गंगा पर बना पुल ढहा, 147 साल पहले बना था



**कानपुर ।** मंगलवार सुबह गंगा पर बने पुराने गंगा का पुल का बड़ा हिस्सा अचानक ढह गया। पुल के दसवें नंबर की कोठी का बड़ा हिस्सा भरभरा कर गंगा नदी में समा गया। हालांकि पुल जर्जर होने के चलते पहले ही बंद कर दिया गया था। इसलिए किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हो सकी। बता दें कि लगभग 147 वर्ष पहले अंग्रेजों के शासन में बनवाए गए पुराने गंगापुल की कई कोठियों में बीते साल बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई थी। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने तत्कालीन जिलाधिकारी को पुल की कोठियों में दरारों की जांच करने के बाद रिपोर्ट दी थी कि अब यह पुल वाहनों के आवागमन के योग्य नहीं बचा है। काफी जर्जर हालत में पहुंच चुका था। जिस पर कानपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी आलोक तिवारी ने इसे बंद करा दिया था। 5 अप्रैल 2021 को इस पुल को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। पुल के शुक्लागंज छोर और कानपुर छोर पर 5-5 फीट ऊंची पक्की दीवारें बनवा दी गई थी। काफी समय तक साइकिल सवार व पैदल राहगीर पैदल पुल से आवागमन करते रहे। पुल की कोठी का बड़ा हिस्सा गिरने के बाद पैदल पुल से भी आवागमन बंद कर दिया गया है। इंजीनियरिंग का साफ नियम है कि लोहे का मेन्टीनेंस हर साल होना चाहिए अन्यथा यह धीरे-धीरे जंग की वजह से मजबूती खोने लगता है। पुल पर 27 फुलगेज पिलर ब्रिक्स बनाए गए थे। ब्रिक्स की जिंदगी 100 साल मानी जाती है। पड़ताल में सामने आया कि पुल की रोड बनाने का काम 2013 में पीडब्ल्यूडी ने किया था इसके बाद कभी देखा तक नहीं। इस पुल से रोजाना करीब 22 हजार चौपहिया-दोपहिया समेत 1.25 लाख लोग रोज गुजते थे। पुल से 12 मीटर चौड़ाई और लंबाई टेल से टेल तक 1.38 किलोमीटर के करीब थी। कानपुर और शुक्लागंज को जोड़ने के लिए ये अहम ब्रिज था। अंग्रेजों ने कानपुर को उन्नाव-लखनऊ से जोड़ने के लिए 1875 में पुल का निर्माण कराया था। निर्माण ईस्ट इंडिया के इंजीनियरों ने कराया था। इससे बनाने में सात साल चार महीने लगे थे। मैस्कर घाट पर प्लांट लगाया गया था। अंग्रेजों ने यातायात के लिए पुल का निर्माण कराया था जबकि इसी पुल के करीब ही ट्रेनों के संचालन के लिए 1910 में रेलवे ब्रिज बनवाया था।

### गोरखपुर में सड़क किनारे मिली बच्ची

**गोरखपुर ।** सड़क किनारे एक नवजात बच्ची मिली है। उसके मां-बाप उसे पीपीगंज-जसवाल मार्ग पर कानापार गांव के पास लावारिस हालत में छोड़ गए थे। उसके रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो देखा कि नवजात कपड़ों में लिपटी हुई थी और ठंड से कांप रही थी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सुबह करीब चार बजे सूचना मिलते ही हल्का इंचार्ज अजीत यादव और महिला कांस्टेबल नीमा यादव मौके पर पहुंचे। नवजात बच्ची को गंभीर हालत में देखकर उसे तुरंत थाने लाया गया। इसके बाद चाइल्ड केयर सेंटर को सूचित किया गया। केयरटेकर निधि त्रिपाठी की मदद से बच्ची को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। कड़ाके की ठंड में इस मासूम को सुनसान सड़क किनारे फेंकना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। बच्ची का जिंदा बच जाना किसी चमत्कार से कम नहीं। डॉक्टरों के मुताबिक बच्ची को ठंड लगने से कुछ परेशानी हुई थी, लेकिन अब उसकी हालत स्थिर है। पुलिस इस घटना को बेहद गंभीरता से ले रही है। नवजात को इस हालत में छोड़ने वाली महिला और उसके परिजनों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि नवजात के साथ हुई इस अमानवीय हरकत के पीछे की सच्चाई का पता लगाने के लिए गहन जांच शुरू कर दी गई है। इस पूरे प्रकरण में हल्का इंचार्ज अजीत यादव, महिला कांस्टेबल नीमा यादव और चाइल्ड केयर सेंटर की केयरटेकर निधि त्रिपाठी ने समय पर कार्रवाई करते हुए बच्ची की जान बचाई।

# दिसंबर में 10 कंपनियों की आईपीओ लाने की योजना




**नई दिल्ली ।**

अगले महिने दिसंबर में कम से कम 10 कंपनियां अपने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) लाने की योजना बना रही है ताकि इसके जरिए 20,000 करोड़ रुपये जुटाये जा सके। ऐसी कंपनियों में विशाल मेगा मार्ट और इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट (इंडिया) लिमिटेड जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं।

अगले कुछ महीनों में 30 से अधिक आईपीओ आने की संभावना है, जिससे बाजार में और अधिक हलचल हो सकती है और निवेशकों को नए अवसर मिल सकते हैं। मर्चेंट बैंकरों के अनुसार, दिसंबर में इन आईपीओ का मार्केट में बड़ा असर हो सकता है, जिनमें विभिन्न क्षेत्र और आकार की कंपनियां शामिल होंगी। विशाल मेगा मार्ट, जो एक सुपरमार्केट चेन है, 8,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। इसका आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तक समायत सर्विसेज एलएलपी द्वारा बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में होगा। वहीं, ब्लैकस्टोन के स्वामित्व वाली डायमंड ग्रेडिंग कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट (इंडिया) लिमिटेड भी 4,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने वाली है, जिसमें 1,250 करोड़ रुपये के नए शेयर और 2,750 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश शामिल होगी। इसके अलावा, शिक्षा क्षेत्र से संबंधित अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज, साई लाइफ साइंसेज, पारस हेल्थकेयर और डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स जैसे निवेश बैंक भी अपनी आईपीओ पेशकश करेंगे।

इन कंपनियों का लक्ष्य विस्तार योजनाओं के लिए धन जुटाना, कर्ज चुकाना और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करना है। इन आईपीओ में नए शेयरों के निर्गम और ओएफएस दोनों शामिल होंगे, जो बाजार में निवेशकों के लिए अवसर प्रदान करेंगे। इसके अलावा, पिछले कुछ वर्षों में आईपीओ से निवेशकों को औसतन 27 प्रतिशत का लाभ हुआ है, और वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक 236 आईपीओ लाए गए हैं। इस साल, हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, बजाज हाउसिंग फाइनेंस और ओला इलेक्ट्रिक जैसी कंपनियों ने अपने आईपीओ से लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं।

# टाटा कैपिटल हेल्थकेयर फंड 2 ने तैयार की अपनी योजनाएं

**- टीसीएचएफ 2 ने 2023-24 में स्वास्थ्य क्षेत्र के 17 लाख लाभार्थियों को सहायता पहुंचाई**

**नई दिल्ली ।**

टाटा कैपिटल हेल्थकेयर फंड 2 (टीसीएचएफ) वर्तमान में अपनी योजनाओं को मजबूती दे रहा है जिसे 13 करोड़ डॉलर फंड के शेष हिस्से के साथ निवेश करने के माध्यम से साबित किया गया है। टीसीएचएफ 2 ने साल 2023-24 में स्वास्थ्य क्षेत्र के 17 लाख लाभार्थियों को सहायता पहुंचाई और 41 नई नौकरियां के अवसर प्रदान किए हैं। टीसीएचएफ 2 के एक अधिकारी ने बताया कि फंड अब अपनी योजनाएं पुख्ता कर रहा है ताकि फंड 3 के लिए तैयार हो सके। उन्होंने टीसीएचएफ 2 के सह-निवेशकों के साथ निवेश योजनाएं तैयार करने का वादा किया है। उन्होंने बताया कि टीसीएचएफ 1 के सफल विनिवेशान के बाद टीसीएचएफ 2 ने भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं के आवश्यकताओं पर ध्यान देते हुए सफलता प्राप्त कर लिए हैं। फंड ने अपने निवेशों से औसतन दो से ढाई गुना रिटर्न कमाया है। टीसीएचएफ 2 ने अब तक 9 कंपनियों में निवेश किया है जिसमें लाइनक्स लैबोरेटरीज, साकार हेल्थकेयर, ऑर्बिक्युलर फार्मास्युटिकल्स टेक्नोलॉजिज, अतुल्य हेल्थकेयर, एंडरसन डायग्नोस्टिक्स, डीपटेक, एपेक्स किडनी केयर, मुंबई ऑन्कोकेयर सेंटर और नोबल प्लस फार्मेसी ऐंड स्किन केयर शामिल हैं। टाटा कैपिटल हेल्थकेयर फंड 2 के सफलतापूर्वक निवेश की स्टोरी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव की सीधी दिशा में कदम बढ़ाया है।

TATA CAPITAL

# रॉयल एनफील्ड की गोअन क्लासिक 350 लांच

**नई दिल्ली ।**



भारतीय बाजार में रॉयल एनफील्ड ने अपनी नई गोअन क्लासिक 350 को लॉन्च कर दिया है। बाइक की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 2.35 लाख रुपये रखी गई है, जबकि डुअल-टोन पेंट ऑप्शन की कीमत 2.38 लाख रुपये (एक्स-शोरूम, चेन्नई) है। यह बाइक 350 सीसी सेगमेंट में रॉयल एनफील्ड की मजबूत उपस्थिति को और सशक्त बनाने के लिए पेश की गई है। गोअन क्लासिक 350, रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 के प्लेटफॉर्म पर आधारित है, लेकिन इसमें कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इसका टैंक, साइड बॉक्स, फेंडर और हेडलाइट हाउसिंग क्लासिक 350 से मेल खाते हैं, लेकिन इसमें एलईडी हेडलाइट्स, गोल टेललैंप और एप-हैंगर हैंडलबार जैसे नए और आकर्षक फीचर्स जोड़े गए हैं। इसकी सीट ऊंचाई 750 मिमी है, जो इसे छोटे कद के राइडर्स के लिए भी आरामदायक बनाती है। इसमें 19-इंच फ्रंट और 16-इंच रियर स्पोक व्हील्स दिए गए हैं, साथ ही दोनों पहियों में डिस्क ब्रेक और डुअल-चैनल एबीएस की सुविधा है। बाइक में रेगुलर टेलिस्कोपिक फ्रंट फोर्क्स और रियर डुअल शॉक एब्जॉर्बर दिए गए हैं। इसके अलावा, यह सेमी-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, एडजस्टेबल लीवर और रॉयल एनफील्ड का ट्रिपर नेविगेशन सिस्टम जैसी सुविधाओं से लैस है। रॉयल एनफील्ड ने गोअन क्लासिक 350 को चार आकर्षक रंगों–रेव रेड, ट्रिप टील, शैक ब्लैक और पर्पल हेज में पेश किया है। इसकी सीधी टक्कर जावा पेराक से होगी, जो एक बॉबर स्टाइल मोटरसाइकिल है।

इसके अलावा, यह बाइक जावा और येज्दी की अन्य मोटरसाइकिलों, रॉयल एनफील्ड के अन्य मॉडल्स और होंडा सीबी रेंज से भी प्रतिस्पर्धा करेगी। गोअन क्लासिक 350 में रॉयल एनफील्ड का छ्-सीरीज इंजन दिया गया है, जो 20 बीएचपी से थोड़ा ज्यादा पावर और 27 एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है। यह इंजन 5-स्पीड गियरबॉक्स से जुड़ा है। क्रूजिंग के दीवानों के लिए यह बाइक शानदार परफॉर्मेंस प्रदान करती है, और इसकी सिंगल-सीटर लुक और आकर्षक पेंट स्कीम इसे और भी खास बनाते हैं।

# वित्त मंत्रालय की मासिक समीक्षा में रबी फसल के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान

**फसल उत्पादन में वृद्धि उच्च एमएसपी, अनुकूल मानसून और पर्याप्त जलाशय स्तर के कारण संभव**

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्रालय ने अपनी नवीनतम मासिक समीक्षा में आने वाले महीनों में रबी फसल की बुवाई और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान जताया है। मंत्रालय ने बताया कि यह वृद्धि उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), अनुकूल मानसून और पर्याप्त जलाशय स्तर के कारण संभव है। इस समीक्षा के अनुसार रबी सीजन को इस साल की शुरुआत में अच्छी खरीफ फसल द्वारा स्थापित मजबूत नींव से लाभ होने की संभावना है। मंत्रालय का मानना है कि इस बंपर फसल से घरेलू खुदरा मुद्रास्फीति को कम करने में भी मदद मिल सकती है। मंत्रालय ने कहा कि 6 नवंबर 2024 तक, धान की खरीद 161.0 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई, जिससे चल रहे केएमएस खरीद कार्यों से 14.79 लाख किसानों को लाभ हुआ। बढ़े हुए एमएसपी के साथ रिकॉर्ड खरीफ खाद्यान्न उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा। रबी की फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए ठंडी और शुष्क जलवायु की आवश्यकता होती है, जबकि खरीफ में उत्पादित फसलों के लिए गर्म और आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है। मंत्रालय ने उम्मीद जताई है कि रबी की बुवाई और उत्पादन में अनुकूल मानसून, पर्याप्त जलाशय स्तर और उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य की वजह से वृद्धि हो सकती है। इसके साथ ही खाद्य मुद्रास्फीति में कमी की उम्मीद भी है, जिसे अक्टूबर में खाद्य मूल्य दबाव के कारण देखा गया था। मंत्रालय ने बताया कि आर्थिक गतिविधियों में सुधार के साथ स्थिरता आने वाले महीनों में उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के दौरान एफएमसीजी की बिक्री मात्रा में सुधार होने के साथ-साथ, ग्रामीण क्षेत्र में ट्रैक्टर और दोपहिया वाहनों की बिक्री में भी वृद्धि देखी गई। मांग में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था में मजबूती के संकेत है। मंत्रालय के अनुसार रबी सीजन में व्यापक आर्थिक स्थिरता को समर्थन करने के लिए तैयार है, जिससे कृषि विकास को बढ़ावा मिल सकता है और आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति के दबाव से भी राहत मिल सकती है।

# डिजिटल पेमेंट तकनीक में वर्ल्ड लीडर के रूप में उभर रहा भारत

**मुंबई ।**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूपीआई नेटवर्क के तेजी से विस्तार के कारण भारत डिजिटल पेमेंट तकनीक में वर्ल्ड लीडर के रूप में उभर रहा है। इसकी जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में दी गई। यूपीआई के द्वारा अक्टूबर में 16.6 अरब लेनदेन हुए हैं। साथ ही इस दौरान इंस्टेंट डेबिट रिवर्सल 86 प्रतिशत रहा है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 77 प्रतिशत था। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने कहा है कि भारत का यूपीआई एक ओपन-एंडेड सिस्टम है। इसमें एक सिंगल आवेदन के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति या फिर व्यक्ति से व्यापारी के बीच आसानी से लेनदेन किए जा सकते हैं। पात्रा के अनुसार, डिजिटल क्रेडिट परिदृश्य में इनोवेशन जैसे अकाउंट एग्रीगेटर्स, ओसीईएन और ओएनडीसी पर वित्तीय सेवाओं ने भी उत्पादकता बढ़ाने में योगदान दिया है। ओएनडीसी मार्च 2024 तक 720 से ज्यादा शहरों में काम कर रहा है। इसके पास 49.72 मिलियन ऑर्डर हैं। ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरईडीएस) एमएसएमई के करीब 52.2 ट्रिलियन रुपये के अनुमानित क्रेडिट गैप को बैंकों और क्लाइंट्स से जोड़कर पूरा करता है, जिससे फंडिंग लागत में 2.5 प्रतिशत तक की कमी आती है। पात्रा ने लिखा, टीआरईडीएस के माध्यम से फाइनेंस चालानों का मूल्य 23 गुना से अधिक बढ़ गया है। भारत में ग्रामीण आबादी का करीब 40 प्रतिशत और 20-30 वर्ष आयु वर्ग की कुल आबादी का 78 प्रतिशत लोग इंटरनेट का उपयोग करते हैं, जिनमें से करीब एक तिहाई परिवार उपभोग्य सामग्रियों और सेवाओं की ऑनलाइन खरीदारी करते हैं।

## सोना 1,630 गिरकर 75,451 पर आया



**नई दिल्ली।** सोने के भाव में मंगलवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 1,630 रुपए कम होकर 75,451 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 77,081 रुपए प्रति दस ग्राम थी। वहीं, चांदी के दाम में भी गिरावट रही। ये 1,345 रुपए गिरकर 88,100 रुपए प्रति किलो हो गई। इससे पहले चांदी 89,445 रुपए पर थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।




## फिच ने अदाणी ग्रुप की चार कंपनियों का आउटलुक घटाया, स्टॉक्स में आई आठ फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली ।** अमेरिका द्वारा अदाणी ग्रुप पर लगे रिश्वत के आरोप के बाद रेटिंग एजेंसी फिच ने समूह की चार कंपनियां का आउटलुक निगेटिव कर दिया है। जबकि तीन कंपनियों को रेटिंग वॉच नेगेटिव में रखा है। जिसके चलते मंगलवार को अदाणी ग्रुप के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई पर कारोबार के दौरान ग्रुप के शेयर आठ फीसदी तक गिर गए। जबकि ग्रुप ने शेयरों में सोमवार को कुछ रिकवरी हुई थी। बीएसई पर अदाणी ग्रीन एनर्जी, एसीसी, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पावर, अदाणी टोटल गैस, अदाणी विल्मर और अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन और अंबुजा सीमेंट्स 2 फीसदी से 8 फीसदी तक नीचे रहे। इसके अलावा अदाणी ग्रीन एनर्जी (8 प्रतिशत गिरकर 893 रुपये पर) और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस (5 प्रतिशत गिरकर 593.15 रुपये पर) के शेयर अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गए। पिछले एक हफ्ते में इन कंपनियों की बाजार कीमत में क्रमशः 37 फीसदी और 32 फीसदी की गिरावट आई है। एसऐंडपी ग्लोबल ने अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड, अदाणी पोर्ट्स और अदाणी ग्रीन एनर्जी की सहायक कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी रिस्ट्रिक्टेड ग्रुप 2 (को लेकर अपने आउटलुक में बदलाव किया है। एजीईएल पर आरोपों के छींटे लगे हैं, लेकिन अमेरिकी में चल रही कार्यवाही में इसका नाम सीधे नहीं लिया गया है।

## हुंडई मोटर को मिला कर प्राधिकरण से टैक्स नोटिस

**मुंबई ।** हुंडई मोटर इंडिया को महाराष्ट्र राज्य कर प्राधिकरण से पांच करोड़ रुपए से अधिक का कर नोटिस मिला है। यह नोटिस कथित अतिरिक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट दावे को लकर मिला है। इनपुट टैक्स क्रेडिट या आईटीसी वह कर है जो व्यवसाय द्वारा किसी खरीद तथा बिक्री पर चुकाया जाता है। हुंडई मोटर इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे महाराष्ट्र राज्य कर प्राधिकरण से कारण बताओ नोटिस जारी हुआ है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि अतिरिक्त आईटीसी का दावा मानदंडों के अनुसार और कंपनी द्वारा भुगतान किए गए आरसीएम कर के अनुरूप नहीं है। इसमें कहा गया है कि कारण बताओ नोटिस में उल्लिखित कुल मांग राशि में कर 2.741 करोड़ रुपये और ब्याज 2.279 करोड़ रुपये है। एचएमआईएल ने कहा कि वह निर्धारित समय सीमा के भीतर न्यायाधिकरण के समक्ष कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल करेगी।

## इस वर्ष जापान और चीन ने अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड्स की 61.9 बिलियन डॉलर बिक्री की

**- इससे पहले दूसरी तिमाही में जापान ने 40.5 बिलियन डॉलर के ट्रेजरी बेचे थे**

वाशिंगटन । अप्रैल से जून 2024 तक की तीसरी तिमाही में जापान ने अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड्स (अमेरिकी खजाने) में विशाल 61.9 बिलियन डॉलर की बिक्री की है, जो अब तक की सबसे बड़ी बिक्री है। इससे पहले दूसरी तिमाही में जापान ने 40.5 बिलियन डॉलर के ट्रेजरी बेचे थे। जापान की यह लगातार दूसरी तिमाही है जब उन्होंने अमेरिकी खजाने में भारी बिक्री की है। वहीं चीन ने भी इसी तिमाही में अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड्स को 51.3 बिलियन डॉलर का डंप किया, जो अब तक की दूसरी सबसे बड़ी बिक्री है। चीन ने पिछले 7 तिमाहियों में से 6 में ट्रेजरी बेची हैं, जिससे उनकी ट्रेजरी बॉन्ड्स में कुल हिस्सेदारी अब 800 अरब डॉलर से कम हो गई है। इन दोनों देशों जापान और चीन ने अमेरिकी सरकारी ऋण के सबसे बड़े धारक होने के बावजूद अमेरिकी खजाने में इतनी बड़ी बिक्री की है। इससे दिखता है कि विदेशी निवेशकों की रुचि घट रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति में बदलाव आए हैं।

## जेनएआई स्टार्टअप में निवेश दूसरी तिमाही में छह गुना उछला

**नई दिल्ली ।**

नैसकॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में भारत की जेनएआई फंडिंग तिमाही आधार पर छह गुना बढ़ी है। भारत ने वैश्विक जनरेटिव एआई की दुनिया में अपनी स्थिति मजबूत की है। नैसकॉम की रिपोर्ट कहती है कि भारतीय जेनएआई स्टार्टअप ने वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 5.1 करोड़ डॉलर जुटाए जो वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में जुटाए गए 80 लाख डॉलर से अधिक हैं। टेक इंडस्ट्री एक्टिविटी के अनुसार दूसरी तिमाही के दौरान फंडिंग की गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और रिकॉर्ड स्तर पर फंडिंग के 20 राउंड हुए जो पहली तिमाही की सुस्ती के बाद मजबूत सुधार को दर्शाता है। कुल फंडिंग में पिछले साल के मुकाबले 3.4 गुना इजाफा हुआ तथा एंटरप्राइज एप्लिकेशन और एजेंटिक एआई में निवेश ने इसकी अगुआई की। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में जेनएआई फंडिंग का 90 प्रतिशत से अधिक भाग तीन स्टार्टअप नूरिक्स एआई, डैशटून और मिहप को मिला। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में फंडिंग राउंड में तीन गुना तक वृद्धि हुई। सभी दौर में शुरुआती चरण वाले निवेशों का हिस्सा 77 प्रतिशत रहा जिसमें ऐंजल और सीड फंडिंग शामिल है। इस तिमाही में जेनएआई स्टार्टअप कंपनियों के लिए फंडिंग के दौर सीरीज ए राउंड में 1.5 करोड़ डॉलर और सीड राउंड में 1.25 करोड़ डॉलर से कम रहे, जिसका मुख्य कारण कृत्रिम और सर्वम जैसे मॉडल के निवेशों का न होना रहा, जो पिछली दो तिमाहियों में हावी रहे थे। नैसकॉम की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य रणनीति अधिकारी संगीता गुप्ता ने कहा, जेनरेटिव एआई परिदृश्य तेजी से विकसित हो रहा है, प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाताओं को नया आकार दे रहा है और नई क्षमताओं को जन्म दे रहा है। प्रदाता रणनीतियों का नए सिरे से आकलन कर रहे हैं और प्रौद्योगिकी एवं प्रतिभा में निवेश बढ़ा रहे हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**




भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिलेजुले रुख के बीच ही अदाणी ग्रुप के शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आई है। इससे पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी बाजार की तेजी रुक गयी। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में यह उतार-चढ़ाव के बाद 105.79 अंक करीब 0.13 फीसदी नीचे आकर 80,004.06 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई निफ्टी 27.40 अंक तकरीबन 0.11 फीसदी नीचे आकर 27.40 अंकों की गिरावट के साथ 24,194.50 अंकों पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर शुरूआती कारोबार में 2 फीसदी से ज्यादा ऊपर आया। इसके अलावा टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, मारुति, टीसीएस के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त पर बंद हुए।

वहीं दूसरी ओर अल्ट्रा सीमेंट के शेयर में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गयी है। साथ ही सनफार्मा, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक के शेयर भी नीचे आये। विदेशी निवेशकों ने गत दिवस सोमवार को 9,947.55 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। यह आंकड़ा 20 सितंबर के बाद सबसे अधिक है। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत तेजी से हुई। कारोबार के दौरान दोनों प्रमुख इंडेक्स बढ़त के साथ खुले। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल के शेयरों में वृद्धि से बाजार में तेजी आई। सेंसेक्स पिछले बंद भाव के मुकाबले 300 से ज्यादा अंक ऊपर आकर 80,415.47 अंक पर खुला। इससे पहले सोमवार को यह लगभग 1000 अंक उछलकर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी तेजी के साथ 24,343.30 अंक पर खुला जबकि सोमवार को यह 24,221.90 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर शुरूआती कारोबार में 2 फीसदी से ज्यादा उपर आया। इसके अलावा टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, मारुति, टीसीएस के शेयर मुख्य रूप से लाभ में रहे।

# एनसीएच अब उपभोक्ताओं की शिकायतों को जल्द निपटाने एआई का करेगा इस्तेमाल

**नई दिल्ली।**

नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन (एनसीएच) अब उपभोक्ताओं की शिकायतों को प्रभावी और जल्द हल करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रही है। एनसीएच ने अपनी शिकायत प्रणाली में सुधार के तहत एआई आधारित नई सुविधाओं को शामिल किया गया है, जिनमें स्पीच रिकग्निशन और बहुभाषी चैटबॉट्स शामिल हैं। इस तकनीकी बदलाव के साथ उपभोक्ताओं को अब अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए स्थानीय भाषाओं में वॉयस इनपुट देने की सुविधा मिलेगी। यह एक बड़ा कदम है जो उपभोक्ताओं को आसानी से और सुलभ तरीके से शिकायत दर्ज करने का मौका देगा।

इस नए सुधार को एनसीएच 2.0 का नाम दिया गया है, जिसका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को और ज्यादा सहज, कुशल और समावेशी बनाना है। वर्तमान में, एनसीएच 17 भाषाओं में संचालित होती है, और अब यह नई तकनीक उपभोक्ताओं के लिए एक व्यापक और अनुकूल अनुभव देगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बताया कि कि एनसीएच ने अपनी शिकायत निवारण प्रक्रिया को तेज करने के लिए एक हजार से ज्यादा कंपनियों के साथ साझेदारी की है। 2017 में यह संख्या केवल 263 थी, जो अब बढ़कर 1,009 हो गई है। ये कंपनियां ई-कॉमर्स, यात्रा, शिक्षा, एफएमसीजी, खुदरा, ऑटोमोबाइल और बैंकिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में फैली हैं। इन कंपनियों से जुड़ी शिकायतों को सीधे उनके पास ट्रांसफर किया जाता है, जिससे समाधान की प्रक्रिया में तेजी आती है।

एनसीएच की सेवा को कई माध्यमों से एक्सेस किया जा सकता है, जैसे टोल-फ्री नंबर 1915, व्हाट्सएप, एसएमएस, ईमेल, और एक डेडिकेटेड मोबाइल ऐप। इसके अलावा, शिकायतों को एक केंद्रीकृत आईटी-सक्षम प्रणाली, इनग्राम पोर्टल पर भी दर्ज किया जा सकता है। पिछले कुछ सालों में उपभोक्ता हेल्पलाइन का इस्तेमाल बढ़ा है। जनवरी 2015 में मासिक कॉल 14,795 थी, जो अब जनवरी 2024 में बढ़कर 1,41,817 हो गई है।

इसी तरह शिकायत पंजीकरण की संख्या में भी तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में, उपभोक्ता मामलों के विभाग ने उन कंपनियों की पहचान की है जिनके खिलाफ सबसे ज्यादा शिकायतें आई हैं। इन कंपनियों में डेल्हिवरी लिमिटेड, डोमिनोज पिज्जा, थॉमसन इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। इन शिकायतों पर चर्चा करने अगले सप्ताह बैठक आयोजित की जा रही है।

## केबीसी 16 पर 26/11 निडर नायकों को श्रद्धांजलि




**मुंबई** : सोनी टीवी पर बीग बी ने 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों का सामना करने वाले बहादुर नायकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, और उन निर्दोष लोगों के लिए प्रार्थना की जिन्होंने उस दिन अपनी जान गंवाई थी। इस एपिसोड में फ्रंटलाइन वॉरियर्स श्री विश्वास नांगरे पाटिल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, महाराष्ट्र और संजय गोविलकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुंबई ने हॉटसीट की शोभा बढ़ाई। इन हमलों के दौरान दक्षिण मुंबई में जोन-1 के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) के रूप में सेवाएं देने वाले, श्री विश्वास नांगरे पाटिल ने सुकृति माधव की एक मार्मिक कविता, मैं खाकी हूं सुनाकर एपिसोड की शुरूआत की। उन्होंने उस मनहूस रात में गईं निर्दोष जानों के दुखद नुकसान की कहानियां भी साझा कीं। एक देशभक्ति कविता का पाठ करते हुए, संजय ने कहा, दुनिया में मिल जाएंगे आशिक कई, मगर वतन से खूबसूरत सनम नहीं होता, नोटों में सिमट कर मरे, सोने में लिपट कर मरें हैं कई, मगर तिरंगे से खूबसूरत कफन नहीं होता! इस अमिताभ बच्चन ने कहा, यह घटना वाकई दिल दुखाने वाली है। आपको इसके बारे में बोलते हुए सुनकर हम कांप उठे हैं।

# कनाडा एवं अमेरिका से भारत में रिवर्स ब्रेन ड्रेन की सम्भावना बढ़ रही है


प्रहलाद सबनानी

**आज विश्व के कई विकसित देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो गया है एवं इन देशों के नागरिकों में मानसिक असंतोष की भावना लगातार बढ़ रही है एवं इन देशों की आधे से अधिक आबादी आज मानसिक बीमारीयों से ग्रसित है। जबकि इसके ठीक विपरीत भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों के अनुपालन से एवं संयुक्त परिवार की जीवनशैली के चलते भारतीय नागरिक मानसिक बीमारियों से लगभग पूर्णतः मुक्त रहे हैं एवं सुखी जीवन व्यतीत कर रहे हैं।**

वैश्विक स्तर पर लगातार कुछ इस प्रकार की परिस्थितियां निर्मित होती दिखाई दे रही हैं, जिससे विशेष रूप से कनाडा एवं अमेरिका से भारत की ओर रिवर्स ब्रेन ड्रेन की सम्भावना बढ़ती जा रही है। कनाडा में खालिस्तानियों द्वारा चलाए जा रहे भारत विरोधी आंदोलन के चलते वहां निवासरत भारतीयों एवं मंदिरों पर लगातार हमले हो रहे हैं एवं भारतीयों एवं मंदिरों पर हो रहे इन हमलों पर लगाम लगाने में कनाडा की वर्तमान सरकार असफल सिद्ध हो रही है एवं इन हमलों को, राजनैतिक कारणों के चलते, रोकने की इच्छा शक्ति का अभाव भी दिखाई दे रहा है। इसके चलते भारत एवं कनाडा के राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक रिश्तों पर अत्यधिक विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। स्थिति तो यहां तक पहुंच गई है कि भारत ने कनाडा में अपने दूतावास में प्रतिनिधियों की संख्या को कम कर दिया है तथा भारत ने कनाडा को निर्देशित किया था कि वह भी भारत में अपने दूतावास में प्रतिनिधियों की संख्या को कम करे। भारत एवं कनाडा के बीच आज कूटनीतिक रिश्ते आज तक के सबसे निचले स्तर पर आ गए हैं। साथ ही, कनाडा में आज सुरक्षा की दृष्टि से भी स्थितियां तेजी से बदल रही हैं तथा इसका कनाडा के आर्थिक विकास पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। जिसके चलते भारतीय आज कनाडा में अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और भारत की ओर रूख कर रहे हैं।

दूसरी ओर, अमेरिका में डोनल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के पश्चात वहां पर अवैध रूप से रह रहे अन्य देशों के नागरिकों को अमेरिका से निकाले जाने की सम्भावनाएं बढ़ गई हैं। हालांकि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों की संख्या लगभग नगण्य सी ही है परंतु ट्रम्प प्रशासन द्वारा अब वीजा, एच1बी सहित, जारी करने वाले नियमों को और अधिक कठोर बनाया जा सकता है। अमेरिका में प्रतिवर्ष जारी किए जाने वाले कुल एच1बी वीजा में से 60 प्रतिशत से अधिक वीजा भारतीय मूल के नागरिकों को जारी किए जाते हैं। यदि इस संख्या में भारी कमी दृष्टिगोचर होती है तो अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों को, उनकी पढ़ाई सम्पन्न करने के पश्चात यदि एच1बी वीजा जारी नहीं होता है तो उन्हें भारत वापिस आने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस प्रकार अमेरिका से भी भारतीयों का रिवर्स ब्रेन ड्रेन दिखाई पड़ सकता है।



भारत आज पूरे विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है, अतः भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास के कारण सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, उच्च तकनीकी क्षेत्रों, वाहन विनिर्माण उद्योग, फार्मा उद्योग, चिप विनिर्माण उद्योग, स्टार्ट अप, आदि क्षेत्रों में भारी मात्रा में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं और भारत को इन क्षेत्रों में उच्च टेलेंट की आवश्यकता भी है। यदि कनाडा एवं अमेरिका से उच्च शिक्षा प्राप्त एवं उक्त क्षेत्रों में प्रशिक्षित इंजीनीयर्स भारत को प्राप्त होते हैं तो यह स्थिति भारत के लिए बहुत फायदेमंद होने जा रही है।

उक्त कारणों के अतिरिक्त आज अन्य देशों से भारत की ओर रिवर्स ब्रेन ड्रेन इसलिए भी होता दिखाई दे रहा है क्योंकि, भारत में आज मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। किसी भी दृष्टि से भारत का आधारभूत ढांचा आज किसी भी विकसित देश की तुलना में कम नहीं है। साथ ही, भारत में, विकसित देशों की तुलना में, मुद्रा स्फीति की दर कम होने से, सामान्य रहन सहन की लागत तुलनात्मक रूप से भारत में बहुत कम है। अतः भारत में अमेरिका एवं कनाडा की तुलना में शुद्ध बचत दर भी अधिक है। हाल ही के समय में भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में भी पर्याप्त सुधार हुआ है। आज बैंगलोर, मुंबई, हैदराबाद जैसे शहरों में बहुत ही कम लागत पर अमेरिकी अस्पतालों की तुलना में (अमेरका की तुलना में तो 1/10 लागत पर) अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। भारत के ग्रामीण इलाकों में तो शुद्ध हवा एवं शुद्ध पानी, जो स्वास्थ्य को ठीक बनाए रखने में सहायक होता है, पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वरना, महानगरीय इलाकों में तो आज सांस लेना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। विभिन्न देशों से उच्च शिक्षा प्राप्त एवं टेलेंटेड भारतीय जो भारत वापिस लौटे हैं, उन्होंने अपने नए प्रारम्भ किए गए स्टार्ट अप के कार्यालय दक्षिण भारत के ग्रामीण इलाकों में स्थापित किए हैं।

भारत में बहुत लम्बे समय से मजबूत लोकतंत्र बना हुआ है एवं केंद्र में एक मजबूत सरकार, उद्योग एवं व्यापार को भारत में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उद्योग एवं व्यापार के मित्रवत आर्थिक नीतियों को सफलतापूर्वक लागू कर रही है। इससे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मात्रा में अपार वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। विकसित देशों में नागरिकों की औसत आयु 50 वर्ष से अधिक हो रही है जिससे श्रमिकों की संख्या इन देशों में लगातार कम हो रही है एवं श्रम लागत में भी भारी मात्रा में वृद्धि हुई है जिसके कारण इन देशों में उत्पादन लागत बहुत अधिक बढ़ गई है। हाल ही के समय में चीन भी इस समस्या से ग्रसित पाया जा रहा है। केवल भारत एवं दक्षिणी अफ्रीकी देशों में ही श्रम लागत तुलनात्मक रूप से बहुत कम है। इसके कारण विश्व की कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना भारत में करना चाहते हैं। भारत में उत्पादों का निर्माण कर इन उत्पादों को विश्व के अन्य देशों को निर्यात किया जा रहा है। भारत में आटोमोबाईल उद्योग, मोबाइल उद्योग एवं फार्मा उद्योग इसके जीते जागते प्रमाण हैं। इन्हीं कारणों से आज भारत से कई उत्पादों का निर्यात बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं भारत का विदेशी व्यापार घाटा लगातार कम हो रहा है। विदेशी व्यापार घाटे में सुधार होने के चलते भारत में विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि दृष्टिगोचर है जो हाल ही के समय में 70,000 अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को भी पार कर गया था। हालांकि, इसके बाद से इसमें कुछ गिरावट देखी गई है।

आज विश्व के कई विकसित देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो गया है एवं इन देशों के नागरिकों में मानसिक असंतोष की भावना लगातार बढ़ रही है एवं इन देशों की आधे से अधिक आबादी आज मानसिक बीमारीयों से ग्रसित है। जबकि इसके ठीक विपरीत भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों के अनुपालन से एवं संयुक्त परिवार की जीवनशैली के चलते भारतीय नागरिक मानसिक बीमारियों से लगभग पूर्णतः मुक्त रहे हैं एवं सुखी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। विकसित देशों के नागरिकों ने भौतिक विकास तो अधिक किया है परंतु मानसिक शांति खोई है। जबकि इस धरा पर जन्म लेने का उद्देश्य ही सुखी जीवन व्यतीत करना है न कि अपने आप को मानसिक बीमारियों से ग्रसित कर देना। इन्हीं कारणों के चलते आज विश्व के कई देशों के नागरिक हिंदू सनातन संस्कृति को अपनाने की ओर लालायित दिखाई दे रहे हैं और वे भारत में बसने के बारे में गम्भीरता से विचार कर रहे हैं। अतः विकसित देशों से भारत में रिवर्स ब्रेन ड्रेन आने वाले कल की सच्चाई है।

## संपादकीय

### समाजवाद का अर्थ

हमहज संयोग है कि सुप्रीम कोर्ट ने संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर संविधान के प्रस्तावना में निहित समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता जैसे शब्दों के महत्त्व और उसकी उपयोगिता की व्याख्या की है, जिनका स्वागत किया जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के बारे में कहा कि भारत के नागरिकों ने इन दोनों शब्दों को अंगीकार करके



आत्मसात कर लिया है। इसलिए 44 वर्षों बाद इन शब्दों को संविधान के प्रस्तावना से निष्प्रभावी किए जाने का कोई वैज्ञानिक आधार दिखाई नहीं देता है। वास्तव में यह शब्द मूल संविधान के हिस्से नहीं थे। संविधान सभा में इन शब्दों पर विस्तृत विमर्श हुआ था, लेकिन अंततः संविधान में इन्हें शामिल करने के विचार का परित्याग कर दिया गया था। इंदिरा गांधी की सरकार ने आपातकाल के दौरान 1976 में संविधान के 42 में संशोधन के जरिए इन शब्दों को प्रस्तावना में जोड़ा था। वर्ष 2020 में अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, सुब्रह्मण्यम स्वामी और अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल करके समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्दों को प्रस्तावना में शामिल किए जाने को चुनौती दी थी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। याचिकाकताओं का मानना है कि इन शब्दों को आपातकाल में जोड़ा गया जब लोक सभा के कार्यकाल को 1 वर्ष के लिए बढ़ाया गया था। एक वर्ग का यह भी मानना है कि समाजवाद शब्द एक विशेष विचारधारा के पद पर चलने का संकल्प जाहरि करता है जो प्रतिनिधित्व और लोकतंत्र के सिद्धांतों के विरुद्ध है। कोर्ट का विश्वास है कि इन शब्दों को प्रस्तावना में 1976 में भले ही जोड़ा गया, लेकिन संविधान में कुछ ऐसे प्रावधान हैं जिनसे जाहिर होता है कि ये संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 यह प्रावधान करता है कि राज्य किसी भी नागरिक के साथ धर्म के आधार पर विभेद नहीं करेगा। शीर्ष अदालत ने समाजवाद को कल्याणकारी राज्य के रूप में व्याख्या की जो राज्य के नागरिकों के सामाजिक-आर्थिक जीवन के उन्नयन में महती भूमिका का निर्वाह करता है। संविधान की प्रस्तावना में निहित समाजवाद शब्द दक्षिणपंथी या वामपंथी अर्थव्यवस्था अपनाने के लिए विवश नहीं करता। 1955 के कांग्रेस अधिवेशन ने समाजवादी आर्थिक पक्ष पर चलने का संकल्प व्यक्त करते हुए मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया था। यह आज भी जारी है।

#### चिंतन-मनन

### रजा का खजाना

फारस के शासक साइरस अपनी प्रजा की भलाई में जुटे रहते थे। लेकिन खुद उनका जीवन सादगी से भरा था। वह रियासत की सारी आमदनी व्यापार, उद्योग और खेतीबाड़ी में लगा देते थे। इस कारण शाही खजाना हल्का रहता था। लेकिन प्रजा खुशहाल थी। एक दिन साइरस के दोस्त और पड़ोसी शासक प्रोशियस उनके यहां आए। उनका मिजाज साइरस से बिल्कुल अलग था। उन्हें प्रजा से ज्यादा अपनी खुशहाली की चिंता रहती थी। उनका खजाना हमेशा भरा रहता था। बातों-बातों में जब प्रोशियस को साइरस के खजाने का हाल मालूम हुआ तो उन्होंने साइरस से कहा, अगर आप इसी तरह प्रजा के लिए खजाना लुटाते रहोगे तो एक दिन वह एकदम खाली हो जाएगा। आप कंगाल हो जाओगे। अगर आप भी मेरी तरह खजाना भरने लगें तो आपकी गिनती मेरी तरह सबसे धनी शासकों में होने लगेगी।

साइरस मुस्कराए फिर बोले आप दो दिन ठहरिए मैं इस मामले में लोगों का इम्तिहान लेना चाहता हूं। उन्होंने घोषणा करवा दी कि एक बहुत बड़े काम के लिए साइरस को दौलत की निहायत जरूरत है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रजा मदद करेगी। दो दिन पूरा होने से पहले ही शाही महल के बाहर मोहरों, सिक्कों व जेवरों का बड़ा ढेर लग गया। यह देख प्रोशियस हैरत में पड़ गए। साइरस ने कहा, मैंने रियासत का खजाना लोगों की खुशहाली पर खर्च करके एक तरह से उन्हीं को सौंप दिया है। लोग उसमें इजाफा करते रहते हैं। मुझे जब जरूरत होगी वे मुझे लौटा देंगे जबकि तुम्हारा खजाना बांझ है, वह कोई बढ़ोतरी नहीं कर रहा है।

## धन्यवाद दिवसः कृतज्ञता-संस्कृति से संवरती है जिन्दगी


ललित गर्ग

हर साल नवंबर के चौथे गुरुवार को अमेरिका समेत कई देशों में थैंक्सगिविंग डे यानी धन्यवाद दिवस, कृतज्ञता दिवस मनाया जाता है। थैंक्सगिविंग आधिकारिक तौर पर छुट्टियों के मौसम की शुरूआत का प्रतीक होता है, जिसे जर्मनी, ब्राजील, कनाडा, जापान और अन्य देशों में भी मनाया जाता है। अमेरिका में इस दिन को क्रिसमस की ही तरह धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे का शुक्रिया अदा करते हुए आने वाले साल के लिए सुखद, स्वस्थ, समृद्ध एवं खुशहाल होने की दुआ करते हैं। यह दिन उत्तरी अमेरिका का एक पारंपरिक त्योहार है, जो एक तरह का फसल पर्व है। अधिकांश धर्मों में फसल कटने के बाद धन्यवाद की प्रार्थना और विशेष धन्यवाद समारोह आम बात है। इस दिन को मनाने का मकसद किसी अपने या अनजान व्यक्ति द्वारा की गई किसी भी तरह की मदद या सहयोग के लिए उनका शुक्रिया अदा करना है। इस दिन आप खास अंदाज में उन्हें शुक्रिया कह सकते हैं। आमतौर पर लोग इस दिन को अपने परिवार और दोस्तों के साथ सेलिब्रेट करते हुए अपने घरों में पारंपरिक भोजन का एक साथ आनंद लेते हैं। थैंक्सगिविंग डे को मनाने की शुरूआत पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रेंकलिन डी रूसवेल्ट द्वारा साल 1939 में की गई थी, जिसे बाद में साल 1941 में अमेरिकी कांग्रेस ने मान्यता दी थी।

कृतज्ञता जरूरी है। सभी धर्मों में कृतज्ञता का एक महत्वपूर्ण स्थान है। कृतज्ञता धार्मिक और सांस्कृतिक सीमाओं को पार करती है। सिसरो से लेकर बुद्ध तक और अन्य कई दार्शनिक व आध्यात्मिक शिक्षकों ने भी कृतज्ञता को भरपूर बांटा है और उससे प्राप्त खुशी को उत्सव की तरह मनाया है। दुनिया के सभी बड़े धर्म हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और बौद्ध मानते हैं कि किसी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना एक भावनात्मक व्यवहार है और अंत में इसका अच्छा प्रतिफल प्राप्त होता है। बड़े-बड़े पादरी और पंडितों ने इस विषय को लेकर बहुत-सा ज्ञान बांटा है, लेकिन आज तक इन विद्वानों ने इसे विज्ञान का रूप नहीं दिया है। जबकि कृतज्ञता, धन्यवाद एवं शुक्रिया का बड़ा वैज्ञानिक महत्व भी है।

परोपकार एवं उपकार के प्रति आभार व्यक्त करना, कृतज्ञता एवं धन्यवाद ज्ञापित करना मानवीय मूल्य है। भले ही कृतज्ञता के पास शब्द नहीं होते, किन्तु साथ ही कृतज्ञता इतनी कृतघ्न भी नहीं होती कि बिना कुछ कहे ही रहा जाए। यदि कुछ भी न कहा जाए तो शायद हर भाव अव्यक्त ही रह जाए, इसीलिए 'आभार' मात्र औपचारिकता होते हुए भी कहीं गहराई में एक प्रयास भी है अपनी कृतज्ञता प्रकट करने का, अपने को सुखी और प्रसन्न बनाने का। किसी के लिए कुछ करके जो संतोष मिलता है उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। फिर वह कड़कती ठंड में किसी गरीब को एक प्याली चाय देना ही क्यों न हो और उसके मन में 'जो मिला बहुत मिला-शुक्रिया' के भाव हों तो जिंदगी बड़े सुकून से जी जा सकती है, काटनी नहीं पड़ती। अमेरिकी लोग दुनियाभर में कई रोजमर्रा की स्थितियों में 'धन्यवाद' कहने के लिए जाने जाते हैं । हालाँकि इनमें से कुछ 'धन्यवाद' निस्संदेह दिल से कहे जाते हैं, लेकिन कई नियमित भी होते हैं और बिना किसी भावना के कहे जाते हैं। यह देखते हुए कि अमेरिकी कितनी बार 'धन्यवाद' कहते हैं, यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि दुनिया भर की कई अन्य संस्कृतियों में, लोग शायद ही कभी 'धन्यवाद' कहते हैं। भारतीय संस्कृति में कृतज्ञता को बहुत बड़ा गुण माना जाता है। भारतीय संस्कृति में बड़ों और गुरुओं का सम्मान करने पर जोर दिया जाता है। महाभारत में कहा गया है कि उपकार को न याद रखने वाले कृतघ्न व्यक्ति का उद्धार नहीं होता। कृतज्ञता की भावना को बढ़ाने के लिए, खुशी को अपनाना चाहिए क्योंकि खुशी और कृतज्ञता एक-दूसरे को बढ़ाते और मजबूत करते हैं। कृतज्ञता की भावना को बढ़ाने के लिए ध्यान, सकारात्मक चिंतन और कृतज्ञता के अभ्यास को अपनाने की बात कही गयी है। इस भावना को बढ़ाने के लिए रिश्तों, अनुभवों और जुड़ाव के क्षणों को महत्व देना चाहिए। कृतज्ञता की भावना को बढ़ाने के लिए, अपने कार्यों, विचारों एवं व्यवहारों का प्रभाव दूसरों पर भी पड़ता है, इस बात को समझने की अपेक्षा है।

हर व्यक्ति जितना अपने दुःखों से पीड़ित नहीं है, उससे ज्यादा वह दूसरों के सुखों से पीड़ित है। इसीलिये वह दुखी होता जारहा है। उसकी संकीर्ण मानसिकता एवं छोटी सोच का ही परिणाम है कि वह दुखों का सृजन करता है। इसके बावजूद वह सोचता है कि ऐसा मेरे साथ ही क्यों हुआ या फिर दुनिया के सारे दर्द मेरे लिए ही क्यों बने हैं, जबकि अगर सोचा जाए तो महत्वपूर्ण यह नहीं होता कि आपके पास पीड़ाएं कितनी हैं, जरूरी यह होता है कि आप उस दर्द के साथ किस तरह खुश रह जाते हैं। इसलिए जो कुछ भी बचा है, उसे गले लगाएं बजाए कि खोए हुए का गम मनाने के। जब हमारी दिशाएं सकारात्मक होती है जो हम सृजनात्मक रच ही लेते हैं। हमें कृतज्ञ तो होना ही होगा, क्योंकि इसके बिना छोटी-छोटी तकलीफे भी पहाड़ जितनी बड़ी बन जाती है। एक जिंदगी जीता है, दूसरा उसे ढोता है। एक दुःख में भी सुख ढूंढ लाता है, दूसरा प्राप्त सुख को भी दुःख मान बैठता है। एक अतीत भविष्य से बंधकर भी वर्तमान को निर्माण की बुनियाद बनाता है, तो दूसरा अतीत और भविष्य में खोया रहकर वर्तमान को भी गंवा देता है। इसी सोच ने पश्चिमी देशों में धन्यवाद दिवस को बड़ी व्यापकता दी है।

महान् दार्शनिक संत आचार्य महाप्रज्ञ ने कहा भी है कि यह बड़ी विचित्र बात है कि सद्गुण आदमी प्रयत्न करने पर भी जल्दी नहीं सीख पाता और दुर्गुण बिना किसी प्रयत्न के ही सीख लेता है, वैसे ही अच्छे बोल और मृदुभाषिता आदमी प्रयास करने पर भी जल्दी से नहीं सीख पाता और गाली तथा अपशब्द बिना प्रयास के ही सीख लेता है। इस प्रवृत्ति को बदलकर ही सुख पाने के प्रयत्न सफल हो सकते हैं। सोच को बदलना होगा, जिस संकीर्ण एवं विकृत सोच के साथ रहने से मन और भावों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा हो, वृत्तियां कलुषित और उच्छृंखल हो रही हों, जीवनशैली में विकृति आ रही हो, उनका साथ छोड़ देना ही हितकर है। वाल्मीकि ने रामायण में भी इस बात का उल्लेख किया है कि परमात्मा ने जो कुछ तुमको दिया है, उसके लिए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करो। हालांकि इसका विज्ञान बस इस छोटे से वाक्य में समाहित है कि जितना आप देंगे, उससे कहीं अधिक यह आपके पास लौटकर आएगा, लेकिन इसे समझ पाना हर किसी के वश की बात नहीं है। 'कितना दें और क्यों' इस बात में बिल क्लिंटन ने देने का गणित बेहतर ढंग से समझाया है।

औरों में दोष देखने की छिद्रान्वेषी मनोवृत्ति कृतज्ञता-संस्कृति की बड़ी बाधा है। लोग हमेशा इस ताक में रहते हैं कि कौन, कहां, किसने, कैसी गलती की। औरों को जल्द बताने की बेताबी उनमें देखी गई है, क्योंकि उनका अपना मानना है कि इस पहल में भरोसेमंद इंसान की पहचान यूं ही बनती है। यह भ्रामक सोच अनेक समस्याओं की जनक है। वास्तविकता यही है कि सुख प्राप्ति के लिए आदमी दुख के उत्पादन का कारखाना चला रहा है। अपने मिथ्या दृष्टिकोण के कारण वह दुख को जेनरेट कर रहा है। सुख को पाने की चाह है तो दृष्टिकोण को सम्यक बनाकर सुख प्राप्ति के अनुरूप कार्य करना होगा। हमारे पास दो रास्ते हैं या तो हम दीप हो जाएं, जो उसे दुगुना कर देता है, लेकिन इसके लिये कुछ सार्थक करना होता। धन से प्रेरित होकर नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों से प्रेरित होकर। क्योंकि बड़े-बड़े धन के अम्बार और महंगे साज-ओ-सामान के बजाय सार्थक संकल्प एवं कृतज्ञता का भाव जीवन को अधिक सुख देते हैं, प्रसन्न बनाते हैं।

## आईपीएल : ऊंची बोली लगाकर चौंकाया


रजनीश कपूर

आईपीएल की हर नीलामी में एक अलग ही कहानी देखने को मिलती है। इस बार सऊदी अरब के जेद्दाह में आयोजित आईपीएल नीलामी में फ्रेंचाइजियों ने धनवर्षा के लिए भारतीय खिलाड़ियों को चुना। भारतीय खिलाड़ियों में ऋषभ पंत 27 करोड़. रुपए पाकर आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। पिछली नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के पेस गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने 24.75 करोड़.रुपए पाकर नया रिकॉर्ड.बनाया था। पर इस बार पहले श्रेयस अय्यर को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़. रुपए में खरीदकर इस रिकॉर्ड.को तोड़ा और फिर पंत ने इस रिकॉर्ड.को भी तोड़.दिया। ऋषभ पंत की जब 20.75 करोड़. रुपए पर बोली रोकी तो उस समय उनकी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स को 'राइट टू मैच' (आरटीएम) का इस्तेमाल करने का मौका मिला। पर एलएसजी ने उनकी बोली को 27 करोड़. रुपए बढ़ककर दिल्ली के हाथ से बाजी ले ली।


वैसे सोचने वाली बात यह है कि दिल्ली कैपिटल्स यदि (आरटीएम) का इस्तेमाल करती तो फिर यह सवाल उठता कि उसने उन्हें रिटेन क्यों नहीं किया, जो उससे कम राशि में हो जाता। इसी तरह श्रेयस अय्यर की भी एक अलग ही कहानी है। वह एक ऐसी टीम केकेआर को छोड़कर आए थे, जो चैंपियन बनी थी। कोई चैंपियन टीम का कप्तान छोड़क र जाए, ऐसा पहले नहीं देखा गया था। पर इसकी वजह शायद केकेआर टीम प्रबंधन और श्रेयस में पैसे बढ़ाने की बात नहीं बन पाई और वह फ्रेंचाइजी को छोड़क र नीलामी में उतर गए, जिसका फायदा उन्हें नीलामी के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में मिला। इस बार नीलामी की खूबी यह रही कि सबसे महंगे बिके टॉप पांच खिलाड़ियों में एक भी विदेशी खिलाड़ी नहीं है। पंत और श्रेयस के बाद वेंकटेश अय्यर को केकेआर ने 23.75 करोड़.रुपए में और अर्शदीप और युजवेंद्र चाहल को पंजाब किंग्स ने 18-18 करोड़.रुपए में खरीदा है। जोस बटलर सबसे महंगे खिलाड़ियों की सूची में छठे नंबर पर हैं और उन्हें गुजरात टाइटंस ने 15.75 करोड़.रुपए में खरीदा है। पिछली नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बने मिचेल स्टार्क को इस बार दिल्ली केपिटल्स ने पिछली से आधी राशि से भी कम यानी 11.75 करोड़.रुपए में खरीद लिया है। स्टार्क की तरह ही ग्लेन मैक्सवेल भी अपनी उपयोगिता खोते नजर आए हैं। इस बार वह 4.40 करोड़. में पंजाब किंग्स में गए हैं। इस बार आईपीएल नीलामी में सुखियां बटोरने वाले बिहार के वैभव सूर्यवंशी रहे। वह मात्र 13 साल की उम्र में आईपीएल के लिए चुने जाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़. रुपए में खरीदा है। नीलामी में फ्रेंचाइजी अपनी जरूरतों केहिसाब से मन बनाकर आती हैं। वह इस बात का पूरा विश्लेषण करती हैं कि उन्हें किस क्षेत्र में किस तरह के देशी या विदेशी खिलाड़ी चाहिए। जब किसी खिलाड़ी में ज्यादा टीमों की दिलचस्पी बन जाती है तो उसकी कीमत ऊंची चली जाती है। यही वजह है कि दक्षिण अफ्रीका के पेस गेंदबाज मार्को येनसन सात करोड़.में खरीदे जाते हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय कॅरियर समाप्त कर चुके भुवनेश्वर कुमार 10.75 करोड़.रुपए पा जाते हैं। वैसे आईपीएल को करोड़पति बनाने वाली मशीन भी समझा जाता है। कई बार ऐसे खिलाड़ियों को करोड़पति बना दिया जाता है, जिन्हें खुद इस बात की उम्मीद नहीं होती है। इस बार इस तरह के खिलाड़ियों में प्रियांश आर्य और अंशुल कंबोज के नाम शामिल किए जा सकते हैं। शायद इस नीलामी से पहले इनके रिशतेदारों को भी इनके बारे में ज्यादा पता नहीं होगा। पर नीलामी में पंजाब किंग्स ने 3.80 करोड़.रुपए में खरीदकर सबसे महंगा अनकैप्ड खिलाड़ी बना दिया है। वहीं अंशुल कंबोज को चेन्नई सुपरकिंग्स ने 3.40 करोड़.रुपए में खरीदा। प्रियांश की खूबी छक्के लगाने में महारत रखना है। वह स्थानीय टी-20 लीग में एक ओवर में छह छक्के लगा चुके हैं। वह दिल्ली प्रीमियर लीग में ओपनिंग करके सबसे ज्यादा 608 रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। इस खिलाड़ी में एक खूबी यह भी है कि वह गौतम गंभीर के कोच रहे संजय भारद्वाज से ही ट्रेनिंग लेते हैं।

जहां तक बात अंशुल कंबोज की है तो वह करनाल से ताल्लुक रखते हैं और ऑलराउंड़र हैं। वैसे तो वह मुंबई इंड़ियंस के लिए तीन आईपीएल मैच खेल चुके




हैं। इनमें वह दो विकेट ले चुके हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी के खेले 19 मैचों में 368 रन बनाकर अपनी सही प्रतिभा दिखाई है। यह रन उन्होंने 42 चौकों और 20 छक्कों की मदद से बनाए हैं। यह सही है कि आईपीएल नीलामी में खिलाड़ियों को दी जाने वाली ऊंची रकम का कोई लॉजिक नहीं होता। पर यह भी सच है कि टीमें कई बार बड़े-बड़े. दिग्गजों तक पर निगाह नहीं ड़ालकर उन्हें रद्दी की टोकरी में ड़ाल देती हैं। इसकी वजह उनकी निगाह में इन दिग्गजों की कोई उपयोगिता नहीं होना है। यही वजह है कि इस बार डेविड़ वॉर्नर, डेरेल मिचेल, पृथ्वी शॉ, शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ी बिना बिके रह गए। पर इस बार एक नई खूबी इस लीग में जुड़ने जा रही है कि इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रति मैच 7.5 लाख रुपए की मैच फीस भी मिलेगी। इसलिए अब सभी 14 मैच कोई 30 लाख रुपए में खरीदा खिलाड़ी खेलता है तो वह एक करोड़.से ज्यादा कमा सकेगा।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादकः श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटरः डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादकः डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादकः तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।




# रैपर हनुमानकाइंड की डेब्यू फिल्म राइफल क्लब की रिलीज डेट आई सामने, अनुराग कश्यप भी दिखाएंगे कमाल



लंबे इंतजार के बाद बहुप्रतीक्षित फिल्म राइफल क्लब की रिलीज डेट सामने आ गई है। फिल्म निर्माता आशिक अबू ने आधिकारिक तौर पर इसका एलान करने के लिए सोशल मीडिया पोस्ट का सहारा लिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म की पूरी कास्ट का एक पोस्टर साझा किया। साथ ही बताया कि राइफल क्लब 19 दिसंबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

### राइफल क्लब की रिलीज से उठा पर्दा

आशिक अबू ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म की टीम का एक पोस्टर साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, राइफल क्लब मूवी 19 दिसंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में। पोस्टर में विजयराघवन, दर्शन राजेंद्रन, विंसी एलोशियस, सुरेश कृष्णा, सुरभि लक्ष्मी, वाणी विश्वनाथ और विष्णु अगस्त्य शामिल हैं। दिलेश पोथन और मुख्य अभिनेत्री, उन्नीमाया प्रसाद को एक ईसाई दूल्हा और दुल्हन के रूप में दो कुत्तों को पकड़े हुए दिखाया गया है, जबकि फ्रेम में परिवार के अन्य सदस्य शराब के गिलास पकड़े हुए हैं।

### रैपर हनुमानकाइंड का अभिनय डेब्यू

बिग डॉग्स के साथ ग्लोबल म्यूजिक चार्ट में हिस्सा बनाने वाले रैपर हनुमानकाइंड उर्फ सूरज चेरुकट अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वह राइफल क्लब में भीरा नाम के शख्स का किरदार निभाने वाले हैं। उनके किरदार पोस्टर ने पहले से ही उत्साह पैदा किया हुआ है, जिसमें उन्हें बंदूक लहराते हुए दिखाया गया है।

अनुराग कश्यप भी हैं फिल्म का हिस्सा बॉलीवुड के जाने-माने निर्माता और अभिनेता अनुराग कश्यप भी राइफल क्लब में नजर आने वाले हैं। फिल्म में निर्देशक अनुराग कश्यप ने हनुमानकाइंड के पिता का किरदार निभाया है। बता दें कि राइफल क्लब के जरिए अनुराग कश्यप मलयालम सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन आशिक अबू ने किया है, जो पहले वायरस, डैडी कूल, साल्ट एन पेपर, 22 फीमेल कोट्टायम, इडुक्की गोल्ड और मायानाधि जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।



# सूर्या 45 में तृषा संग रोमांस का तड़का लगाएंगे सूर्या

साउथ सुपरस्टार सूर्या की 45वीं फिल्म का आधिकारिक एलान हो चुका है। निर्माताओं ने सूर्या 45 का पोस्टर जारी करते हुए जानकारी दी थी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान आर बालाजी संभालेंगे। वहीं, अब अभिनेता की फिल्म पर नई जानकारी सामने आई है। अभिनेत्री तृषा कृष्णन को कथित तौर पर सूर्या के आगामी प्रोजेक्ट के लिए साइन किया गया है।

### दूसरी बाद साथ काम करेंगे सूर्या-तृषा

सूर्या 45 में एक बार फिर सूर्या और तृषा की जोड़ी बनेगी। यह लगभग दो दशकों के बाद उनका दूसरा सहयोग है। उन्होंने आखिरी बार 2005 की फिल्म आरू में साथ काम किया था। इस नई परियोजना का नाम अस्थायी रूप से सूर्या 45 रखा गया है, जिसका निर्माण ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स द्वारा किया जाएगा।

### एआर रहमान तैयार करेंगे संगीत

प्रोडक्शन हाउस ने 20 नवंबर को इस सहयोग की घोषणा की। तृषा की पूर्व कमिटमेंट के कारण फिल्म की शूटिंग कोयंबटूर में नवंबर के अंत या दिसंबर की शुरुआत में शुरू होने की उम्मीद है। वहीं, इस फिल्म का संगीत ए.आर. रहमान द्वारा तैयार किया जाएगा। इस फिल्म में अब सूर्या और तृषा को एक साथ देखने के लिए प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। हालांकि, तृषा के फिल्म के कलाकारों में शामिल होने की खबरों पर आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है। कंगुवा ऑडियो लॉन्च के मौके पर आरजे बालाजी ने सूर्या को निर्देशित करने के बारे में अपनी उत्सुकता साझा की थी, जिनके वे कॉलेज के दिनों से प्रशंसक रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूर्या का उन पर और स्क्रिप्ट पर भरोसा ही इस सहयोग का कारण बना, जबकि उन्होंने अन्य निर्देशकों को मना कर दिया था। कंगुवा को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिलने के बाद आरजे बालाजी की फिल्म के लिए काफी उत्सुकता है।



### सूर्या की आगामी फिल्म

वहीं, बात करें सूर्या की फिल्मों के बारे में तो उनकी हालिया रिलीज फिल्म कंगुवा सिनेमाघरों में चल रही है, जिसे ज्यादातर नकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिलीं। दरअसल, फिल्म को उनके जोरदार बैकग्राउंड म्यूजिक के कारण नकारात्मक समीक्षाएं मिलीं। वहीं, अब सूर्या की अगली रिलीज कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित एक तमिल फिल्म होगी, जो अभिनेता की 44वीं फिल्म होगी।

# खुद को चुनौती देने जा रही हूं...

माधुरी दीक्षित को हाल ही में अनीस बज्मी की हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन और विद्या बालन के साथ देखा गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसी बीच एक नए इंटरव्यू में माधुरी ने एक नए प्रोजेक्ट का संकेत देते हुए कहा कि वह इस साल खुद को चुनौती देंगी। अभिनेत्री के एलान ने उनके प्रशंसकों को काफी ज्यादा उत्साहित कर दिया है। एक हालिया इंटरव्यू में माधुरी दीक्षित ने साझा किया कि उनका अगला प्रोजेक्ट उनके दर्शकों को आश्चर्यचकित करेगा। अभिनेत्री ने कहा, मैं इस साल खुद को चुनौती देने जा रही हूं। मैं जल्द ही अपने अगले प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने वाली हूं। यह कुछ बहुत अलग और चुनौतीपूर्ण है, कुछ ऐसा जो मैंने पहले नहीं किया है। इसी दौरान शाहरुख खान के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर पर प्रतिक्रिया देते हुए, माधुरी ने कोयला की शूटिंग के दिनों को याद किया। इससे पहले दोनों ने फिल्म अंजाम में स्क्रीन स्पेस साझा किया था। अभिनेत्री ने बताया, मैंने शाहरुख से कहा कि हम किस तरह की फिल्में कर रहे हैं? हम या तो एक-दूसरे को मार रहे हैं या खलनायकों से दूर भाग रहे हैं। हम बहुत गंदे और खून से सने कपड़ों वाले किरदारों में हैं। हमे एक साफ सुथरी, खूबसूरत और रोमांटिक फिल्म करनी चाहिए। इसी के बाद दिल तो पागल है बनी।



# खलनायक बन धमाल मचा सकते हैं जयम रवि

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधा कोंगरा की पिछली फिल्म सोरारई पोटरु, ओटीटी पर काफी बड़ी हिट रही थी। इस फिल्म में साउथ के सुपरस्टार सूर्या ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया था, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। इस फिल्म के बाद सूर्या के सुधा की एक और पीरियड एक्शन फिल्म, पूरननूरु की घोषणा की गई थी, लेकिन बाद में सूर्या इससे बाहर हो गए थे। इसके बाद से ये फिल्म लगातार कलाकारों के बाहर होने की वजह से चर्चा में रही। एक बार फिर ये फिल्म चर्चाओं में शामिल हो गई है। कई सितारों के फिल्म से बाहर हो जाने के बाद अब ये चर्चा हो रही है कि फिल्म में जयम रवि बतौर खलनायक नजर आने की रेस में सबसे आगे हैं, जिसे पहले दुलकर सलमान निभाने वाले थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए सहमत भी हो चुके हैं। इसके अलावा फिल्म में श्रीलीला के मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आने की भी अटकलें लगाई जा रही हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म 1960 के दशक की हिंदी विरोधी आंदोलन से संबंधित है।

बता दें कि कंगुवा अभिनेता सूर्या के साथ फिल्म के अन्य कलाकारों का खुलासा करते हुए एक मोशन पोस्टर भी जारी किया गया था, लेकिन बाद में सूर्या ने चौंकाते हुए इससे बाहर हो गए। इसके बाद फिल्म को अमरण अभिनेता शिवकार्तिकेयन के साथ दोबारा से शुरू किया गया। इस फिल्म में फिर मलयालम फिल्मों के मशहूर अभिनेता दुलकर सलमान, नाजरिया और विजय वर्मा भी शामिल हुए, लेकिन बाद में वो भी इससे बाहर हो गए।





# राम पोथिनेनी की नई फिल्म में भाग्यश्री बोरसे को चुना गया

**राम पोथिनेनी बॉक्स ऑफिस पर बहुत बुरे दौर से गुजर रहे हैं। लगातार पांच फिल्में फ्लॉप होने के बाद अभिनेता टिकट खिड़की पर सफलता पाने के लिए पहले से कहीं ज्यादा बेताब हैं। ऐसे समय में जब अभिनेता कुछ राहत की तलाश में हैं, उन्होंने मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी फेम निर्देशक पी महेश बाबू के साथ एक नई फिल्म साइन की है।**

महेश बाबू पी ने आखिरी बार अनुष्का शेट्टी अभिनीत मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी का निर्देशन किया था, जो बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता थी। इस नए प्रोजेक्ट की एक विशेषता यह है कि इसे मशहूर मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा पर्याप्त बजट पर बनाया जाएगा। प्रोजेक्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है और निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म के लिए भाग्यश्री बोरसे को चुना गया है, जो आखिरी बार रवि तेजा के साथ मिस्टर बच्चन में नजर आई थीं। राम मेकओवर के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बार अभिनेता देहाती बदलाव से गुजरेंगे, जिसे देख पता चलता है कि फिल्म एक देहाती ड्रामा होगी। काफी समय हो गया है, जब राम किसी गांव के नाटक का हिस्सा बने हैं और शायद यही वजह है कि उन्होंने एक देसी कहानी को चुना। प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवीज ने 19 नवंबर को नई फिल्म के लॉन्च की घोषणा की है। उन्होंने आधिकारिक हैंडल एक्स पर इसे पोस्ट किया है। कैप्शन में लिखा, अनटोल्ड इमोशन्स को फिल्माने की खूबसूरत यात्रा की शुरुआत। मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी की सुपर सफलता से उत्साहित निर्देशक पी महेश ने कथित तौर पर एक देहाती ड्रामा लिखा है, जिसमें एक्शन की भरमार है। यह एक चरित्र-आधारित फिल्म है और राम इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राम पहले त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ एक फिल्म करने वाले थे, लेकिन बजट के मुद्दों और रचनात्मक पहलुओं के कारण इस परियोजना को रोक दिया गया, तब से अभिनेता ने अपना ध्यान महेश की फिल्म पर केंद्रित कर लिया है।



# इम्तियाज अली ने कास्टिंग काउच पर कह दी बड़ी बात

मशहूर फिल्मकार इम्तियाज अली ने बॉलीवुड में कास्टिंग काउच से जुड़े मुद्दे पर हाल ही में अपनी राय जाहिर की। गोवा में आयोजित इफ्फी (इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया) के दौरान एक साक्षात्कार में उन्होंने इस धारणा पर अपने विचार रखा कि क्या व्यक्तिगत सीमाओं को पार करके फिल्म इंडस्ट्री में सफलता प्राप्त की जा सकती है? उन्होंने कहा, मैं फिल्म इंडस्ट्री में निर्देशक के तौर पर 15-20 साल से काम कर रहा हूं, इसलिए मैंने कास्टिंग काउच के बारे में काफी सुना है। एक लड़की आती है, डरती है और महसूस करती है कि उसे समझौता करना पड़ेगा। लेकिन मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि अगर कोई लड़की या महिला न नहीं कह पाती है, तो यह जरूरी नहीं कि उसका करियर आगे बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसा नहीं है कि अगर कोई लड़की समझौता कर ले, तो उसे कोई रोल जरूर मिल जाएगा।

उन्होंने आगे कहा, अगर कोई लड़की नहीं कह सकती है और खुद को सम्मान देती है, तो तभी दूसरे भी उसका सम्मान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कास्टिंग से संबंधित निर्णय अक्सर इस बात पर आधारित होते हैं कि क्या फिल्मकार उस व्यक्ति को गंभीरता से ले रहे हैं। इम्तियाज ने कहा, हम जैसे लोग अक्सर यह सोचते हैं कि क्या हमें उस व्यक्ति को गंभीरता से लेना चाहिए या नहीं। हमें उसे कास्ट करने से पहले उसका सम्मान करना चाहिए।

### समझौते से नहीं मिलती सफलता

इम्तियाज अली आगे अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, समझौता करने से फिल्म इंडस्ट्री में सफलता मिलती है, यह एक मिथक है और इसे समझना जरूरी है। मेरे अनुभव में तो यह बिल्कुल उल्टा है। जो लोग समझौता करते हैं, वे अक्सर अपने करियर से भी समझौता कर लेते हैं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म अमर सिंह चमकीला हाल ही में रिलीज हुई थी। इसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा मुख्य भूमिका में नजर आए थे। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

# जब जैकलीन फर्नांडीज ने सलमान खान को बताया परिवार, अब किक 2 में फिर से दिखेगी जोड़ी

जैकलीन फर्नांडीज एक बार फिर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ बहुप्रतीक्षित किक 2 में नजर आने वाली हैं। दोनों की जोड़ी को पर्दे पर पसंद करने वाले फैंस इस खबर से काफी ज्यादा रोमांचित हैं। बता दें कि एक समय जैकलीन ने सलमान खान को अपना परिवार बताते हुए कहा था कि वो उनके लिए कुछ भी कर सकती हैं। एक इंटरव्यू में, जैकलीन फर्नांडीज ने बताया था कि कैसे सलमान खान उनके लिए एक गुरु से परिवार बन गए। उन्होंने कहा था कि वह फिल्मों के चुनाव को लेकर आश्वस्त नहीं थीं, लेकिन तब सलमान के साथ किक में काम करना उनके लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। उन्होंने कहा था कि फिल्म किक से उन दोनों के बीच का रिश्ता काफी मजबूत हुआ। बताते चलें कि सलमान किक 2 के अलावा अपनी आगामी फिल्म सिकंदर में भी नजर आने वाले हैं।



# आईसीसी गेंदबाजी रैंकिंग में बुमराह शीर्ष पर पहुंचे, यशस्वी बल्लेबाजी में दूसरे नंबर पर पहुंचे

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आज जारी ताजा टेस्ट गेंदबाज रैंकिंग में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नंबर एक स्थान पर आये हैं। बुमराह को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार गेंदबाज का लाभ मिला है। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ विकेट लिए थे। इससे उनके 883 रेटिंग अंक को गये हैं और शीर्ष पर पहुंच गये हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के कसीगो रबाडा के 772 रेटिंग अंक हैं और वह दूसरे नंबर पर खिसक गये हैं। बुमरा इस सीरीज से पहले तीसरे नंबर पर थे पर उन्होंने दो स्थानों की छलांग लगाई है।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। हेजलवुड को पहले टेस्ट में पांच विकेट मिले थे। वहीं पर्थ टेस्ट नहीं खेलने के बाद भी भारतीय स्पिनर आर अश्विन एक स्थान ऊपर यानी चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस मैच शीर्ष पांच से बाहर हो गए हैं जबकि नाथन लियोन भी एक स्थान के नुकसान के साथ ही आठवें नंबर पर खिसक गए हैं।

वहीं बल्लेबाज रैंकिंग की बात करें तो भारत के यशस्वी जायसवाल दूसरी पारी में 161 रनों की शानदार पारी खेलने के बाद दो स्थान की छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं इंग्लैंड के जो रूट 78 रेटिंग अंक के बड़े अंतर के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि ऋषभ पंत शीर्ष 10 में शामिल हैं। विराट कोहली ने भी शतक लगाकर रैंकिंग में सुधार के साथ ही 13 वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में भारत के रविन्द्र जडेजा नंबर जबकि आर अश्विन दूसरे नंबर पर हैं।



# चैंपियंस लीग में 100 गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी बने लेवांडोव्स्की, दिग्गजों के क्लब में शामिल हुए



**रोम (एजेंसी)।** रॉबर्ट लेवांडोव्स्की अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में 100 गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। अर्लिंग हॉलैंड ने भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और चैंपियंस लीग में 100 गोल करने वाले खिलाड़ियों के विशिष्ट क्लब में शामिल होने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने मैनचेस्टर सिटी की तरफ से फेयेनोर्ड के खिलाफ दो गोल किए और इस प्रतियोगिता में अपनी कुल गोल की संख्या 46 पर पहुंचाई। हॉलैंड के इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद मैनचेस्टर सिटी ने फेयेनोर्ड के खिलाफ यह मैच 3-3 से ड्रा खेला। मैनचेस्टर सिटी इस तरह से पिछले छह मैच में जीत हासिल नहीं कर पाया है।

लेवांडोव्स्की ने ब्रेस्ट के खिलाफ बार्सिलोना की 3-0 से जीत में शुरू में ही पेनल्टी को गोल में बदलकर चैंपियंस लीग में अपना 100वां गोल किया। पोलैंड के इस स्टार स्ट्राइकर ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में प्रतियोगिता में अपना 101वां गोल किया। चैंपियंस लीग में सर्वाधिक 140 गोल रोनाल्डो ने किए हैं। उनके बाद मेसी का नंबर आता है जिनके नाम पर 129 गोल दर्ज हैं।

लेवांडोव्स्की ने मैच के बाद कहा, 'यह बहुत अच्छी संख्या है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं चैंपियंस लीग में 100 गोल कर पाऊंगा। मैं क्रिस्टियानो और मेसी के क्लब में शामिल होकर खुश हूं।' 36 वर्षीय लेवांडोव्स्की चैंपियंस लीग में अपने 125वें मैच में इस मुकाम पर पहुंचे। मेसी ने 123 और रोनाल्डो ने 137 मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी। बार्सिलोना की तरफ से दूसरे हाफ में दानी ओल्मो ने भी गोल किया। बार्सिलोना ने इस तरह से ब्रेस्ट के अजेय अभियान पर रोक लगाई जिससे वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

# वेस्टइंडीज की घरेलू धरती पर दो साल में पहली जीत, बांग्लादेश को पहले टेस्ट में दी करारी शिकस्त



**नॉर्थ साउंड (एंटीगा) (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 201 रन से करारी शिकस्त देकर पिछले दो वर्षों से अधिक समय में अपनी घरेलू धरती पर पहली जीत दर्ज की। बांग्लादेश ने खेल के पांचवें दिन सात विकेट पर 109 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी पूरी टीम 132 रन पर आउट हो गई।

वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 450 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। बांग्लादेश ने इसके जवाब में अपनी पहली नौ विकेट पर 269 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में 152 रन बनाकर बांग्लादेश के सामने 334 रन का लक्ष्य रखा था। इस जीत से वेस्टइंडीज ने दो मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। दूसरा टेस्ट मैच शनिवार से किंग्सटन जमैका में खेला जाएगा।

तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने पांचवें दिन दोनों विकेट हासिल किए। उन्होंने हसन महमूद (00) को आउट करने के बाद जाकर अली (31) को पवेलियन भेजा। इसके बाद शोरफुल इस्लाम उनके बाउंसर पर चोटिल हो गए और वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे। वेस्टइंडीज ने इससे पहले अपनी सरजमीं पर आखिरी टेस्ट मैच जून 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ ही जीता था।

# मैक्सवेल की भविष्यवाणी- टेस्ट क्रिकेट में 40 से ज्यादा शतक लगाएंगे जयसवाल

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल की जमकर प्रशंसा की है और उन्हें 40 से अधिक टेस्ट शतक बनाने और भविष्य में कई रिकॉर्ड तोड़ने में सक्षम खिलाड़ी बताया है। जयसवाल ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के दौरान पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में पहली पारी में 0 पर आऊट होने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बनाए थे। मैक्सवेल ने एक इंटरव्यू में आईपीएल में जयसवाल के साथ खेलने को याद किया। उन्होंने जयसवाल के करियर के एक महत्वपूर्ण क्षण पर भी प्रकाश डाला जब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के 5 मैचों में 89.00 की औसत से 712 रन बनाए थे। जयसवाल इस सीरीज में दो दोहरे शतक और तीन अर्द्धशतक लगाने में सफल रहे थे।

मैक्सवेल ने सभी प्रारूपों में दबदबा बनाने की जयसवाल की क्षमता पर जोर दिया और चेतावनी दी कि युवा बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बड़ी चुनौती हो सकता है। उन्होंने कहा कि जायसवाल में ज्यादा कमजोरियां नहीं दिखतीं; वह शॉर्ट गेंदों को अच्छी तरह से संभालते हैं, खूबसूरती से ड्राइव करते हैं, स्पिन को असाधारण रूप से खेलते हैं और लंबे समय तक दबाव झेल सकते हैं। वह शायद 40 से अधिक टेस्ट शतक बनाएंगे और कई रिकॉर्ड तोड़ेंगे। उनकी अनुकूलन क्षमता कोई भी परिस्थिति अविश्वसनीय होती है। अगर हम आगामी खेलों में उसे रोकने का कोई रास्ता नहीं तलाशते हैं तो यह ऑस्ट्रेलिया के लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उसके पास अलग गियर, तेज फुटवर्क और हर चीज का जवाब है।



जयसवाल ने अब तक 15 टेस्ट मैचों में 58.07 की औसत से 1,568 रन बनाए हैं, जिसमें 4 शतक और 8 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214* है। उनके सभी मैच आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 ?चक्र के दौरान आए हैं, जहां जयसवाल इंग्लैंड के जो रूट के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 19 मैचों में छह शतक और छह अर्द्धशतक सहित 1,750 रन बनाए हैं। जायसवाल का घरेलू रिकॉर्ड उल्लेखनीय है, उन्होंने 10 टेस्ट मैचों में 60.61 के औसत और 76.29 के स्ट्राइक रेट से 1,091 रन बनाए हैं। घार से बाहर उन्होंने 5 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 9 पारियों में 53.00 की औसत से 2 शतक और 1 अर्धशतक के साथ 477 रन बनाए हैं। विदेशी धरती पर उनका उच्चतम स्कोर वेस्टइंडीज के खिलाफ 171 रन है।

## दूसरी पारी में बेहद सहज नजर आये विराट : गावस्कर

पर्थ । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की सराहना करते हुए कहा है कि वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए आते समय पूरी तरह से सहज थे। गावस्कर के अनुसार विराट पहली पारी में रन नहीं बना पाये थे पर इसके बाद भी उनपर कोई दबाव नहीं था। कोहली के दूसरी पारी में नाबाद शतक की भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका रही। गावस्कर ने बताया कि वह दूसरी पारी में पूरी तरह से आराम में था। पर्थ स्टेडियम में मैच के तीसरे दिन विराट ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपना सातवां टेस्ट शतक बनाया। कोहली का नाबाद शतक, टेस्ट में उनका 30वां शतक, 18 महीने बाद आया। उन्होंने आठ चौके और दो छक्के लगाए। गावस्कर ने कहा जब वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने आया तो उसका शरीर पूरी तरह से आराम में था जबकि पहली पारी में भारतीय टीम ने जल्दी में दो विकेट जल्दी खो दिए थे। इससे भी वह दबाव में था। उस दूसरी पारी में, आप महसूस कर सकते हैं कि वह बदले रुख से उतरा और उसने पैरों की पोजिशन भी बदल जिससे भी बल्लेबाजी में उसे लाभ हुआ।



# वैभव ने अपनी मेहनत और समर्पण से ही खेल में जगह बनायी : कोच

पटना। बिहार के समस्तीपुर के 13 साल के किशोर वैभव सूर्यवंशी सबसे कम उम्र में आईपीएल खेलने जा रहे हैं। वैभव को इतनी कम उम्र में खरीदे जाने से सभी हैरान हैं। इस क्रिकेटर को राजस्थान रॉयल्स की टीम ने 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा है जबकि उनका आधार मूल्य केवल 30 लाख रुपये था। उनके कोच बृजेश झा का कहना है कि वैभव को असानी से सफलता नहीं मिली। वह 5 साल की उम्र में से ही क्रिकेट खेलने लग गया था। उसने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से ही खेल में जगह बनायी है। कोच अक अनुसार 7 साल की उम्र में उसने क्रिकेट एकेडमी में प्रशिक्षण लिया और फिर पटना में आगे का प्रशिक्षण लिया। अपने क्रिकेट करियर के दौरान, वैभव ने एक साल में 49 शतक और 3 दोहरे शतक बनाए। पिछले साल हेमंत ट्रॉफी में उन्होंने 670 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और तीन अर्धशतक शामिल थ। अक्टूबर 2023 में वैभव का चयन वीनू मांकड़ अंडर-19 टूर्नामेंट के लिए हुआ, जिसमें उन्होंने बिहार की ओर से सबसे ज्यादा 393 रन बनाए. इस प्रदर्शन के बाद उन्हें तेजी से आगे बढ़ने का अवसर मिला। कोच के अनुसार शुरु से ही उन्हें यह महसूस हो गया था कि वैभव का भविष्य क्रिकेट में उज्जवल है। बृजेश ने कहा, 'जब वैभव छोटा था तो वह हर दिन 2:30 बजे से पटेल मैदान में अभ्यास के लिए आता था। इसके बाद शाम तक कड़ी मेहनत करता था। जब वह थोड़े बड़े हुए, तो सुबह के बैच में भी आकर अभ्यास करने लगे और इसमें भी बहुत मेहनत करते थे.' कोच ने वैभव की कड़ी मेहनत की तारीफ करते हुए कहा कि जैसे-जैसे वह बड़ा होता गया अनुशासन और मेहनत के बल पर निखरता गया। वहीं वैभव के पिता संजीव सूर्यवंशी भी उन्हें प्रतिदिन अभ्यास के लिए ले जाते थे।



# मीराबाई चानू भी रिहैबिलिटेशन में, विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगी हिस्सा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू अगले सप्ताह बहरीन के मनामा में होने वाली भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप में नहीं खेल पायेंगी क्योंकि वह अपना 'रिहैबिलिटेशन' जारी रखेंगी। पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई (30 वर्ष) ने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 49 किग्रा श्रेणी में चौथे स्थान पर रहने के बाद से किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है।

मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा ने बताया, 'पेरिस ओलंपिक के बाद मीरा अभी भी रिहैबिलिटेशन में हैं। वह इस विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेगी।' पिछले साल एशियाई खेलों में कूल्हे की चोट लगने के बाद मीराबाई की फिटनेस को लेकर पेरिस ओलंपिक के दौरान भी चर्चा होती रही।



एशियाई खेलों में पदक जीतने का उनका सपना पिछले साल टूट गया था क्योंकि वह सिर्फयही ट्रॉफी नहीं जीत पाई हैं। शर्मा ने कहा, 'उसके लिए स्वस्थ होना अहम है क्योंकि हमें 2026 राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों की तैयारी शुरू करनी होगी।'

चानू की अनुपस्थिति में राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता ज्ञानेश्वरी यादव छह दिसंबर से शुरू होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगी। ज्ञानेश्वरी (21 वर्ष) 49 किलो वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता बिंदियारानी देवी (55 किग्रा) और राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और खेलो इंडिया भारोत्तोलन लीग की स्वर्ण विजेता दितिमोनी सोनोवाल (64 किग्रा) अन्य दो भारतीय भारोत्तोलक हैं जो विश्व प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। तीनों पटियाला में राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा हैं और अगले सप्ताह बहरीन के लिए रवाना होंगी।

महिला टीम : ज्ञानेश्वरी यादव (49 किग्रा), बिंदिरानी देवी (55 किग्रा), दितिमोनी सोनोवाल (64 किग्रा)।

# कोई खरीददार नहीं मिला तब पृथ्वी को याद आई सचिन की सलाह



मुम्बई । बल्लेबाज पृथ्वी शॉ आजकल खराब दौर से गुजर रहे हैं। पृथ्वी पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। वहीं अब उन्हें मेगा नीलामी में किसी आईपीएल टीम ने भी नहीं खरीदा है। इसके बाद ही पृथ्वी को महान बल्लेबाज सचिन की दी हुई एक सलाह याद आ गयी। पृथ्वी ने कहा कि इस महान बल्लेबाज ने उन्हें सलाह दी थी कि 'अनुशासन प्रतिभा को मात देता है। पृथ्वी पर किसी आईपीएल टीम ने बोली नहीं लगायी जबकि कुछ समय पहले तक उन्हें सभी भविष्य का सितारा कहते थे। पृथ्वी की कप्तानी में ही भारतीय टीम ने 2018 अंडर-19 विश्व कप जीता था पर उसके बाद से वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाये। घरेलू क्रिकेट में भी उनका प्रदर्शन नीचे आया है। ऐसे में अब अब उन्हें अपना करियर बचाना है तो तेंदुलकर की सलाह पर अमल भी करना होगा। महज शब्दों तक सीमित नहीं रहने देना चाहिए और उस पर अमल करना चाहिए। आईपीएल नीलामी में 2 बार उनका नाम आया और 75 लाख रुपए के आधार मूल्य के बावजूद उनके लिए एक भी बोली नहीं लगी। एक टेबल पर सौरव गांगुली थे, दूसरी पर राहुल द्रविड़। आशीष नेहरा, पार्थिव पटेल, जस्टिन लैंगर, रिकी पोंटिंग, स्टीफन फ्लेमिंग और डेनियल विटोरी भी बोली लगाने के लिए सलाह दे रहे थे लेकिन पृथ्वी में किसी की भी रुचि नहीं दिखायी। आईपीएल खेलते हुए पृथ्वी को 6 साल हो चुके हैं। लेकिन इस बार नहीं बिकने पर उनके लिए आगे की राह और कठिन हो गयी है। इससे अब उनके लिए अपने प्रदर्शन को दिखाने का एक अवसर हाथ से निकल गया। एक पूर्व भारतीय चयनकर्ता ने कहा कि पृथ्वी दिल्ली कैपिटल्स में रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स में ही उन्हें अपने अंडर-19 भारतीय कोच राहुल द्रविड़, रिकी पोंटिंग, सौरव गांगुली से बातचीत करने का मौका मिला था। उन्होंने कहा कि मुंबई क्रिकेट में भी यह सभी को पता है कि तेंदुलकर ने भी उनसे बात की है। इसके बाद भी किसी को भी उनमें बदलाव नहीं दिखा। पृथ्वी के मामले में किसी भी ओर से कोई सकारात्मक बात नहीं आ रही थी। यहां तक कि मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने उन्हें अनफिट होने के कारण रणजी ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया। ऐसे में कोई भी टीम उन्हें नहीं लेना चाहती है।

# बुमराह के एक्शन पर सवाल उठाने वालों को ग्रेग चैपल ने फटकारा



**सिडनी (एजेंसी)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ग्रेग चैपल ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर लग रहे अवैध गेंदबाजी एक्शन के आरोपों को खारिज कर दिया है। चैपल ने बुमराह जैसे शीर्ष गेंदबाज पर सवाल उठाने वालों को कड़ी फटकार लगायी है। बुमराह ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के पहले ही मैच में आठ विकेट लेकर भारतीय टीम को बड़ी जीत दिलायी थी।

चैपल ने कहा, ऑस्ट्रेलिया का कमजोर बल्लेबाजी प्रदर्शन अधिक चिंताजनक था। घातक जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में भारत के गेंदबाज अधिक तीखे और खतरनाक दिखे। इसलिए बुमराह की गेंदबाजी की गति पर सवाल उठाने जैसे बेकार की बातें बंद करें। उसका एक्शन अनोखा है पर सही है। इस प्रकार के बेवजह के आरोप खेल को नीचा दिखाते हैं। हमारी बल्लेबाजी के शीर्ष क्रम बिखरना एक बड़ी चिंता है। इसलिए खिलाड़ियों को अब दूसरे टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन भी अभी फार्म में नहीं हैं, उन्होंने जुलाई 2023 से कोई शतक नहीं बनाया है। वे पहले टेस्ट में 52 गेंदों पर 2 और पांच गेंदों पर 3 रन बनाकर आउट हो गए थे। चैपल का मानना ??है कि दाएं हाथ का यह बल्लेबाज रन बनाने के बजाय बचने के लिए खेल रहा है। उन्होंने लिखा, लाबुशेन को पता है कि वह दबाव में है। अपनी पिछली 16 पारियों में केवल 330 रन बनाने के बाद उसे जल्दी से अपना फॉर्म वापस पाना होगा और पुराने तरीके से खेलना होगा, 52 गेंदों पर दो रन बनाना पर्याप्त नहीं है। उसे सबसे पहले मानसिकता में बदलाव करना चाहिए। वह बचने के लिए बल्लेबाजी करता हुआ दिखाई देता है, जबकि उसे वास्तव में रन बनाने चाहिए।

चैपल ने कहा, इस स्तर पर, मुझे उम्मीद नहीं है कि ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता घबराएंगे। हालाँकि अगर वही टीम एडिलेड में मैदान में उतरती है और रोशनी में लड़खड़ाती है तो फिर विचार की जरुरत है! चैपल ने भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की तारीफ की और उन्हें एक निडर क्रिकेटर बताया जो सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे महान बल्लेबाजों की तरह खेलता दिखा है। जायसवाल ने पहली पारी में खराब प्रदर्शन से उबरते हुए दूसरी पारी में 161 रन बनाए और दिखाया कि वह क्या कर सकते हैं। चैपल ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मुकाबले में साधारण दिखे।

# पाक दौरा बीच में ही छोड़कर स्वदेश लौटी श्रीलंका ए टीम

कराची। श्रीलंका ए टीम अपना पाकिस्तान दौर बीच में ही छोड़कर स्वदेश लौट गयी है। श्रीलंका ए टीम ने ये फैसला देश में राजनीतिक विरोध प्रदर्शन और हिंसा की घटनाओं को देखते हुए लिया है। श्रीलंका ए टीम यहां पाकिस्तान शाहीन (ए टीम) के खिलाफ सीरीज खेलने पहुंची थी। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के साथ बात करने के बाद उसने अंतिम दो एकदिवसीयय मैचों को स्थगित कर दिया है। ये मैच रावलपिंडी में होने थे। इस प्रकार के हालातों से पाक के चैम्पियंस ट्रॉफी आयोजन की तैयारियों को भी झटका लगा है। पाकिस्तान शाहीन ने सोमवार को इस्लामाबाद में पहले मैच में श्रीलंका ए टीम को 108 रन से हराया था। पीसीबी ने कहा कि दोनों बोर्ड सीरीज को पूरा करने के लिए आने वाले समय में नई तारीखों की घोषणा करेंगे। गौरतब है कि पाक में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने उनकी रिहाई की मांग करते हुए रविवार से विरोध मार्च शुरू कर दिया था जिसके दौरान जमकर हिंसा हुई जिसमें कई लोगों की मौत हो गयी। हालात काबू में करने के लिए सेना को भी बुलाना पड़ा। इस प्रकार के हालातों से पाकिस्तान में अगले साल होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी में भी बाधा आयेगी।


# चार साल के लिए निलंबित बजरंग पूनिया का बड़ा बयान, भाजपा में शामिल होता हूं तो यह हटा दिया जाएगा

**पर्थ (एजेंसी)।** नई दिल्ली-डोप जांच के लिए नमूना देने से इनकार करने के कारण चार साल के लिए निलंबित ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने बुधवार को कहा कि यह सरकार का प्रतिशोधात्मक कदम है और वह भाजपा में शामिल हो जाते हैं तो यह प्रतिबंध हटा दिया जाएगा। नाडा ने कहा कि बजरंग ने 10 मार्च को राष्ट्रीय टीम के लिए चयन ट्रायल के दौरान नमूना देने से इनकार करके नियमों का उल्लंघन किया।

डोपिंग रोधी संस्था ने सबसे पहले तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान को 23 अप्रैल को इस उल्लंघन के लिए निलंबित किया था। जिसके बाद खेल की विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित कर दिया था। बजरंग ने पत्रकारों से कहा, 'यह चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि ट्रायल का यह मामला पिछले एक साल से चल रहा है। मैंने पहले भी कहा है कि मैंने नाडा को नमूना देने से इनकार नहीं किया है। जब वे डोप जांच के लिए मेरे घर आए थे तो वे एक 'एक्सपायरी किट' (दिसंबर 2023 में) लेकर आए थे। मैंने इसे सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया है।' पूनिया और उनकी साथी पहलवान ओलंपियन विनेश फोगाट इस साल के शुरु में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। बजरंग ने अपने बचाव में कहा, 'आप किसी भी खिलाड़ी को 'एक्सपायरी किट' नहीं दे सकते। जहां तक मेरा सवाल है तो मेरी टीम वहां थी इसलिए उन्होंने यह देख लिया। वे 2020, 2021, 2022 की 'एक्सपायरी किट' लेकर आए थे। मैंने मूत्र का नमूना दिया था लेकिन फिर मेरी टीम ने किट की जांच की और पाया कि यह 'एक्सपायर' (तारीख खत्म होना) हो चुकी थी। इसलिए हमने किट का वीडियो बनाया और हमने नाडा को मेल किया। लेकिन उन्होंने अपनी गलती स्वीकार नहीं की।'

पहलवान ने आरोप लगाया कि सरकार भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय से चल रहे धरने में शामिल होने के लिए उनसे बदला लेना चाहती है। उन्होंने कहा, 'मुझे यह भी लगता है कि महिला पहलवानों के समर्थन में हमारे विरोध प्रदर्शन के कारण वे बदला लेने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि सभी एजेंसियां सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती हैं।'

पूनिया ने दावा किया, 'मैं पिछले 10-12 साल से प्रतिस्पर्धा कर रहा हूं और मैंने सभी टूर्नामेंटों और भारत के शिविरों के दौरान नमूना दिया है। लेकिन सरकार का मकसद हमें तोड़ना और उनके सामने झुकाना है। अगर मैं भाजपा में शामिल हो जाता हूं तो मुझे लगता है कि सभी प्रतिबंध हटा लिये जाएंगे।' इस निलंबन का मतलब है कि बजरंग 22 अप्रैल 2028 तक प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापस नहीं आ पाएंगे। इसके अलावा अगर वह विदेश में कोचिंग की नौकरी के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो वह ऐसा नहीं कर पाएंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया : हेलीकॉप्टर दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के एक सुदूर इलाके से एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना की खबर सामने आई है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं इसमें एक अन्य के घायल होने की खबर है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य की पुलिस ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि हेलीकॉप्टर में मौजूद पुरुष यात्री (40) को तुरंत ही एम्बुलेंस कर्मियों द्वारा उपचार दिया गया, मगर उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं हेलीकॉप्टर पायलट (39) को इलाज के लिए मेलबर्न के एक अस्पताल भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर पायलट को कुछ मामूली चोटें आई थी, जिसका उपचार किया जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई प्रसारण निगम (एबीसी) ने इस हादसे की जानकारी देते हुए कहा कि दोनों व्यक्ति एक अमेरिकी पंजीकृत सुपर प्यूमा हेलीकॉप्टर में यात्रा कर रहे थे। यह विमान शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर के आसपास न्यू साउथ वेल्स में, सिडनी से लगभग 600 किमी पश्चिम और मेलबर्न से 400 किमी उत्तर में वन ट्री नाम के छोटे से शहर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ऑस्ट्रेलियाई समुद्री सुरक्षा प्राधिकरण (एएमएसए) ने कहा कि उसे स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10 बजे हेलीकॉप्टर से संकेत मिला। जवाब में, एएमएसए ने खोज शुरू करने के लिए एक बचाव विमान और एयर एम्बुलेंस हेलीकॉप्टर भेजा। खोज में सहायता करने वाले एक स्थानीय स्काईडाइविंग विमान ने दुर्घटना स्थल का पता लगाया। दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर दुर्घटना के समय न्यू साउथ वेल्स के ब्रोकन हिल और एल्बरी शहरों के बीच लगभग 680 किलोमीटर की यात्रा कर रहा था। वहीं इस मामले में ऑस्ट्रेलियाई परिवहन सुरक्षा ब्यूरो का कहना है कि वह इस दुर्घटना की जांच करेगा।

### नशीली दवाओं की तस्करी के आरोप में सिडनी हवाई अड्डे पर पकड़े गए इतावली नागरिक को हो सकती है उम्रकैद की सजा

**सिडनी, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया में एक इटली के रहने वाले व्यक्ति को नशीली दवाओं की तस्करी के आरोप में आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) और ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल (एबीएफ) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि सिडनी हवाई अड्डे पर अधिकारियों ने एक 18 वर्षीय इतालवी व्यक्ति के सामान में कथित तौर पर 15 किलोग्राम मेथामफेटामाइन पाया था, जिसके बाद उस पर यह कार्रवाई की गई है। उस व्यक्ति को अदालत में नशीली दवाओं के केस में आरोपी बना कर पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि एबीएफ अधिकारियों ने बुधवार को यूरोप से उड़ान भरकर सिडनी पहुंचने पर उस व्यक्ति के सामान की जांच की। अधिकारियों को कथित तौर पर उस व्यक्ति के सूटकेस में बड़े काले प्लास्टिक के पैकेट में छिपे हुए सफेद पदार्थ के पैकेट मिले। शुरुआती जांच में पता चला कि यह पदार्थ मेथामफेटामाइन है। इस दवा पर ऑस्ट्रेलिया में नियंत्रण लगाया गया है। एएफपी ने उस व्यक्ति को सीमा-नियंत्रित दवा की वाणिज्यिक मात्रा आयात करने के आरोप में गिरफ्तार किया। अगर वह दोषी पाया जाता है, तो उसे अधिकतम आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। अधिकारियों के अनुसार, मेथामफेटामाइन की इस मात्रा से 150,000 तक सौदे किए जा सकते हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 13 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 8.4 मिलियन डॉलर) है। एएफपी के डिटेक्टिव सुपरिटेंडेंट मोर्गन ब्लुंडेन ने एक बयान में कहा, सभी जोखिमों के बावजूद, हम अभी भी नियमित रूप से उन लोगों को गिरफ्तार कर रहे हैं, जिन्होंने हमारे हवाई अड्डों के माध्यम से हमारे देश में अवैध ड्रग्स लाने का प्रयास किया है। बता दें कि इस साल नवंबर की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई आपराधिक खुफिया आयोग द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट में मेथामफेटामाइन को ऑस्ट्रेलिया में दूसरी सबसे अधिक खपत की जाने वाली अवैध दवा के रूप में पहचाना गया।

### पाकिस्तान में इमरान खान की पत्नी के सऊदी अरब से जुड़े बयान पर मच गया बवाल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी के इस बयान पर विवाद खड़ा हो गया है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री की परेशानियां सऊदी अरब की यात्रा के बाद शुरू हुई थीं। उप प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इस्हाक डार और पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा ने 'एक्स पर पोस्ट की गई बुशरा बीबी की वीडियो क्लिप को लेकर उनकी आलोचना की। बुशरा बीबी ने बृहस्पतिवार को वीडियो बयान में कहा कि खान की समस्याएं उस समय शुरू हुई जब वह (खान) मदीना गए और उन्हें बिना जूतों के अपने विमान से बाहर आते देखा गया। उन्होंने दावा किया कि घटना के बाद तत्कालीन सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा के पास फोन आने लगे। उन्होंने खान की सितंबर 2018 की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा, खान के लौटने के तुरंत बाद, बाजवा को फोन आने लगे और कहा गया कि 'ये तुम क्या उठा के लाए हो? इस वीडियो का उद्देश्य खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों को रविवार को इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए प्रेरित करना था।

# इजरायली हवाई हमलों से बेहाल हुआ लेबनान राजधानी बेरुत पर आईडीएफ का खतरनाक प्रहार

**बेरुत, एजेंसी।** इजरायल लेबनान में हिजबुल्लाह के गढ़ को खत्म करने की कसम खा चुका है। अपनी इस कसम को पूरा करने के लिए इजरायल लगातार हमले कर रहा है। कई रॉकेटों के साथ किए गए इस इजरायली हमले से लेबनान की राजधानी हिल गई। लेबनान के सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक शनिवार की सुबह तड़के ही इजरायल की तरफ से यह हमला किया गया। इस हमले में कम से कम चार रॉकेट दागे गए थे। इसमें कई इमारतें ध्वस्त हो गई। इमारतों में फंसे लोगों के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक बेरुत के बस्ता इलाके में यह हमला किया गया। विस्फोट के बाद सुरक्षाबलों स्थानीय लोगों की मदद से इलाकें में मदद की व्यवस्था की। लेबनान की मीडिया के मुताबिक इस हमले में कम से कम चार इमारतें नष्ट हो गई हैं, जबकि इसके आसपास की भी कई इमारतें बुरी तरफ क्षतिग्रस्त हो गई। पिछले एक सप्ताह में इजरायल द्वारा बेरूत पर किया गया यह चौथा हमला है। पिछले हफ्ते में हिजबुल्लाह के एक प्रवक्ता की मौत हो गई थी।

इजरायल का लेबनान पर हमला पिछले कई महीनों से जारी है। यह पूरी लड़ाई 7 अक्टूबर 2023 से शुरू हुई थी, जब हमास के आतंकियों ने इजरायल की सीमा के अंदर घुसकर आम नागरिकों की हत्या की और कई नागरिकों को बंधी बनाकर अपने साथ ले गए। इस हमले के बदले में इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमला बोल दिया। गाजा के समर्थन में



उतरे लेबनान में इजरायल पर हवाई हमले करना जारी रखा। शुरुआती समय में इजरायल ने चेतावनी देते हुए लेबनान से कहा कि वह हमला करेगा तो उसे इसका परिणाम भुगतना होगा। इसके बावजूद भी हिजबुल्लाह नहीं रुका। बदले की कार्रवाई करते हुए इजरायल ने गाजा में हमास की कमर तोड़ने के बाद लेबनान का रुख किया। संयुक्त राष्ट्र में अपने भाषण के बाद इजरायली राष्ट्रपति ने कहकर हिजबुल्लाह चीफ को हवाई हमले में मार गिराया। लेबनान में सैन्य कार्रवाई करते हुए इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह को नेस्तानाबूद करने की कसम खाई। वर्तमान में इजरायली सेना और हिजबुल्लाह के लड़ाकों के बीच में लेबनान की दक्षिणी सीमा पर लड़ाई जारी है। दूसरी तरफ इजरायल अपने हवाई हमलों के जरिए हिजबुल्लाह की कमर तोड़ने में लगा हुआ है। इजरायली सेना की मानें तो वह लेबनान में उन सभी जगहों, इमारतों को निशाना बना रहा है, जो हिजबुल्लाह के कंट्रोल में हैं। दूसरी तरफ हिजबुल्लाह भी पीछे ना हटते हुए लगातार इजरायली जमीन पर रॉकेट और मिसाइलों से हमला कर रहा है।

**नेतन्याहू के अरेस्ट वॉरेंट पर अमेरिका हुआ नाराज, इसे जल्दबाजी बताया : वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी करने के अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के फैसले को खारिज कर दिया, जिन पर मानवता के खिलाफ अपराध और युद्ध अपराधों का आरोप है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने एक प्रेस वार्ता में फैसले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी करने के अदालत के फैसले को मौलिक रूप से खारिज करते हैं। उन्होंने वारंट मांगने में अभियोजक की जल्दबाजी की आलोचना की और परेशान करने वाली प्रक्रिया की त्रुटियों की ओर इशारा किया जिसके कारण यह नतीजा निकला।

जीन-पियरे ने यह भी कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस मामले पर आईसीसी के अधिकार क्षेत्र की कमी के बारे में स्पष्ट रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियोजक चाहे कुछ भी कहे, कोई सबूत नहीं है, इज़राइल और हमास के बीच कोई सबूत नहीं है। व्हाइट हाउस अगले कदमों पर चर्चा करने के लिए इज़राइल सहित अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। जीन-पियरे ने फिर से पुष्टि की, हम मौलिक रूप से इस बात को खारिज करते हैं कि स्थिति पर आईसीसी का अधिकार क्षेत्र है, और इसलिए यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में हम बहुत स्पष्ट हैं और हम इसे जारी रखेंगे। यह बयान तब आया है जब अमेरिका अपने नेताओं के खिलाफ आईसीसी के आरोपों के बीच इजरायल के प्रति समर्थन दिखाना जारी रखता है। हेग में आईसीसी ने नेतन्याहू और गैलेंट के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया और उन पर मानवता के खिलाफ अपराध और युद्ध अपराध का आरोप लगाया। आरोपों में गाजा में नागरिकों को निशाना बनाने और भुखमरी की नीतियां लागू करने के आरोप शामिल हैं।

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुटेरेस ने की पाकिस्तान में हुए हमले की निंदा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए घातक हमले की कड़ी निंदा की है. आतंकियों ने गुरुवार को तीन यात्री वाहनों को निशाना बनाकर हमले किए जिसमें कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए. महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को दैनिक ब्रीफिंग में देकर कहा कि नागरिकों के खिलाफ हमले अस्वीकार्य हैं. गुटेरेस ने पीड़ितों के परिवारों और पाकिस्तान सरकार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की. उन्होंने पाकिस्तानी सरकार से जांच कराने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाए. पाराचिनार में शिया और सुन्नी के बीच पहले भी खूनी टकराव हुए हैं. किसी भी आतंकवादी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, जबकि सुरक्षा बलों ने हमलावरों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है. पाकिस्तान के संघीय मंत्री मोहसिन नकवी ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि संघीय सरकार केपी प्रांतीय सरकार के साथ लगातार संपर्क में है. पिछला सप्ताह कठिन और परेशान करने वाला रहा है. उन्होंने कहा, हम हर दिन एक नई घटना देखते हैं और अब केपी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं. पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी इस दुखद घटना की निंदा की और कहा कि निर्दोष यात्रियों पर हमला एक कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य है. शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच भूमि विवाद को लेकर पहले भी हिंसक और जानलेवा झड़पें हो चुकी हैं. पिछले कुछ सालों में इन दोनों के बीच आपसी संघर्ष की कई घटनाएं हुई. इस दौरान दोनों पक्षों के सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है. जनजातियों के बीच पिछले संघर्ष के बाद से स्थानीय लोगों को स्थानीय बुजुर्गों द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार केवल काफिले में यात्रा करने की अनुमति थी. कुर्रम जिले में गुरुवार का हमला शिया और सुन्नी के बीच लंबे समय से चल रहे सांप्रदायिक संघर्ष में सबसे घातक हमलों में से एक है. इस महीने की शुरुआत में हजारों निवासी पाराचिनार में एक शांति मार्च में भाग लेने के लिए एकत्र हुए थे।



## मेरी चीन की यात्रा काफी सफल रहेगी: ओली

**काठमांडू, एजेंसी।** 'मैं दो दिसंबर को चीन की यात्रा पर जा रहा हूं और यह महज एक दौरा नहीं होगा।'' उन्होंने कहा कि वह यात्रा के दौरान लोगों और देश के हित को ध्यान में रखेंगे। ओली ने स्पष्ट किया कि वह यात्रा के दौरान चीन से ऋण मांगने की स्थिति में नहीं हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने शुक्रवार को कहा कि चीन की उनकी आगामी आधिकारिक यात्रा काफी सफल रहेगी। कार्यभार संभालने के बाद किसी पड़ोसी देश की यह उनकी पहली यात्रा होगी। ओली ने कहा, ''मैं दो दिसंबर को चीन की यात्रा पर जा रहा हूं और यह महज एक दौरा नहीं होगा।'' उन्होंने कहा कि वह यात्रा के दौरान लोगों और देश के हित को ध्यान में रखेंगे। ओली ने स्पष्ट किया कि वह यात्रा के दौरान चीन से ऋण मांगने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''उत्पादकता बढ़ाना मेरी प्राथमिकता होगी।' हालांकि, सरकार ने अभी तक आधिकारिक तौर पर ओली की यात्रा और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है।



# ब्राजील के राष्ट्रपति लूला का खुलासा: जहर देने की कोशिश, पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो पर लगाए आरोप

**साओ पाउलो, एजेंसी।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने गुरुवार को खुलासा किया कि 2022 में पदभार ग्रहण करने से कुछ दिन पहले उन्हें और उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन को जहर देने की कथित कोशिश की गई थी. गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, लूला ने कहा, जैसा कि सीएनएन ने उद्धृत किया कि मुझे अब बहुत आभारी होना चाहिए, और भी अधिक इसलिए क्योंकि मैं जीवित हूं. मुझे और (उपराष्ट्रपति) अल्कमिन को जहर देने की कोशिश सफल नहीं हुई, अब हम यहां हैं. सीएनएन ब्राजील के अनुसार, यह खुलासा ऐसे समय में हुआ है जब पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो और 36 अन्य पर 2022 के चुनावों के बाद तख्तापलट की साजिश की जांच में अभियोग लगाया गया है. जांच में आरोप लगाया गया है कि बोल्सोनारो को लूला को उनकी चुनावी जीत के बाद पदभार ग्रहण करने से रोकने की योजनाओं की पूरी जानकारी थी. ब्राजील की संघीय पुलिस ने निष्कर्षों को रेखांकित करते हुए सुप्रीम कोर्ट को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी. सैकड़ों पन्नों की इस रिपोर्ट में उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी



मोरेस की हत्या की योजना का विवरण दिया गया है. सीएनएन ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से बताया कि चर्चा में जहर और विस्फोटक शामिल थे. मंगलवार को, कथित साजिश के सिलसिले में बोल्सोनारो के पूर्व सलाहकार और सेवानिवृत्त जनरल मारियो फर्नांडीस सहित पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया. संदिग्धों ने कथित तौर पर सरकार का नियंत्रण जब्त करने के लिए एक संस्थागत संकट प्रबंधन कार्यालय बनाने की मांग की. अभियोग के जवाब में, बोल्सोनारो ने कहा कि उन्होंने अभी तक आरोपों की समीक्षा नहीं की है. एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने कहा कि हमें देखना होगा कि संघीय पुलिस की ओर से इस अभियोग में क्या है. मैं वकील का इंतजार करूंगा. जाहिर है, यह अटॉर्नी जनरल के कार्यालय में जाएगा. यह पीजीआर में है कि लड़ाई शुरू होती है. मैं उस टीम से कुछ भी उम्मीद नहीं कर सकता जो मेरी निंदा करने के लिए रचनात्मकता का उपयोग करती है. सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने जस्टिस मोरेस की भी आलोचना की. आरोपित लोगों में बोल्सोनारो के पूर्व रक्षा मंत्री वाल्टर ब्रागा नेट्टो, पूर्व सुरक्षा प्रमुख ऑगस्टो हेलेनो और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं. बोल्सोनारो के बेटे, सीनेटर फ्लेवियो बोल्सोनारो ने एक्स पर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी की हत्या के बारे में सोचना भले ही कितना भी घिनौना क्यों न हो, यह कोई अपराध नहीं है. जांच 8 जनवरी के दंगों के बाद चल रहे तनाव को बढ़ाती है, जिसके दौरान बोल्सोनारो समर्थकों ने लूला की जीत के विरोध में सरकारी इमारतों पर धावा बोला था.

# डोनाल्ड ट्रंप ने खारिज की एलन मस्क की सिफारिश, अपने ही करीबी को बड़ा जिम्मा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रेजरी सचिव यानी कैबिनेट में वित्त मंत्री के पद के लिए एलन मस्क की पसंद को खारिज कर दिया है। इसके बजाय उन्होंने अपने करीबी स्कॉट बेसेंट को ट्रेजरी सचिव नियुक्त किया है। ट्रंप के इस कदम के पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। हेज फंड के दिग्गज स्कॉट बेसेंट ट्रम्प के आर्थिक विचारों का समर्थन करते हैं। वहीं मस्क ने परिवर्तनकारी दृष्टिकोण वाले हॉवर्ड लुटनिक के नाम का समर्थन किया था। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने पहले ही इस मामले पर अपने विचार रखते हुए अपना पक्ष रखा था। मस्क ने सार्वजनिक रूप से हॉवर्ड लुटनिक को समर्थन देते हुए कहा था कि वह जरूरी परिवर्तन ला सकते हैं। हालांकि ट्रंप स्क्वायर ग्रुप के संस्थापक बेसेंट ट्रम्प की आर्थिक नीतियों, खास कर उनके टैरिफ समर्थक रुख के बड़े समर्थक रहे हैं।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप के साथ बैठक के बाद 62 वर्षीय बेसेंट



की नियुक्ति की गई है। ट्रंप ने शनिवार को एक बयान में कहा, स्कॉट मेरे साथ मिलकर अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए काम करेंगे। स्कॉट और उनके परिवार को बधाई। इससे पहले एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रंप के कैबिनेट मंत्री चुनने के फैसले पर चर्चा करते हुए लिखा था, इस पर और लोगों की राय सुनना दिलचस्प होगा ताकि डोनाल्ड ट्रंप फीडबैक पर विचार कर सके। उन्होंने आगे लिखा, मेरा विचार यह है कि स्कॉट बेसेंट एक विकल्प हो सकते हैं। हालांकि हॉवर्ड लुटनिक सच में बदलाव ला सकते हैं। आम फैसले लेने की वजह से अमेरिका दिवालिया हो सकता है इसलिए हमें किसी न किसी तरह से बदलाव की जरूरत है।

**कौन हैं स्कॉट बेसेन्ट :** स्कॉट बेसेन्ट ने राष्ट्रपति चुनावी अभियान के दौरान ट्रंप को आर्थिक नीति पर सलाह दी थी। वह की स्क्वायर कैपिटल मैनेजमेंट की स्थापना कर चुके हैं। स्कॉट ब्रिटिश पाउंड और जापानी येन के खिलाफ अपने सफल दांव के लिए जाने जाते हैं। सोरोस फंड मैनेजमेंट में हेज फंड एक्जीक्यूटिव और पूर्व मुख्य निवेश अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका के लिए पहचान बनाने वाले स्कॉट बेसेन्ट ट्रंप की ट्रेजरी सचिव के लिए पहली पसंद थे। ट्रंप का चयन वित्तीय जगत में बेसेन्ट की सफलता और जॉर्ज सोरोस के साथ एमएजीए एजेंडे के लिए उनके समर्थन से भी प्रभावित है।

## पूर्व जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल ने कहा-ट्रंप की वापसी से बहुत दुख हुआ, वो दुनिया के लिए बड़ी चुनौती

**लंदन, एजेंसी।** पूर्व जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल का कहना है कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में लौटने पर उन्हें बहुत 'दुख हुआ क्योंकि वो दुनिया के लिए बड़ी चुनौती हैं। मर्केल ने कहा कि और उन्हें याद है कि उनके साथ हर भेंट ''एक प्रतियोगिता होती थीः आप या मैं। जर्मन साप्ताहिक 'डेर स्पीगेल में शुक्रवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में मर्केल ने कहा कि ट्रंप दुनिया खासकर बहुपक्षवाद के लिए एक चुनौती हैं। उन्होंने कहा, ''अब जो हमारे लिए इंतजार कर रहा है, वह वास्तव में आसान नहीं है क्योंकि दुनिया की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था इस राष्ट्रपति के पीछे खड़ी है एवं डॉलर प्रमुख मुद्रा है।

मर्केल ने जर्मन चांसलर रहते हुए चार अमेरिकी राष्ट्रपतियों के साथ काम किया। वह ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान सत्ता में थीं - यह उनके 16 साल के कार्यकाल में जर्मन-अमेरिका संबंधों के लिए सबसे तनावपूर्ण अवधि थी, जो 2021 के अंत में समाप्त हुई। उन्होंने 'ओवल ऑफिस (अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यालय) में एक चर्चित अजीबोगरीब पल को एक खास दृश्य के रूप में याद किया, जब वह पहली बार मार्च 2017 में व्हाइट हाउस में ट्रंप से मिलने गई थीं। फोटोग्राफर ने आवाज लगायी हाथ मिलाइए। और मर्केल ने धीरे से ट्रंप से पूछाः क्या आप हाथ मिलाना चाहते हैं? ट्रंप की ओर से कोई जवाब नहीं



आया, जो अपने हाथ जोड़कर सामने देखते रहे। मर्केल ने कहा, मैंने फोटोग्राफर के वास्ते हाथ मिलाने के लिए उन्हें मनाने की कोशिश की क्योंकि मैंने अपने रचनात्मक तरीके से सोचा कि शायद उन्होंने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि वे ऐसी तस्वीर चाहते हैं। लेकिन निश्चित रूप से उन्होंने सोच-समझकर यह इनकार किया था। इस यात्रा के दौरान अन्य मौकों पर भी दोनों ने एक दूसरे से हाथ नहीं मिलाया। मर्केल ने कहा,''कमरे में जितने अधिक लोग थे, विजेता बनने की उनकी इच्छा उतनी ही अधिक थी। उन्होंने कहा,''आप उनसे बात नहीं कर सकते। हर भेंट एक प्रतियोगिता हैः आप या मैं। मर्केल ने कहा कि उन्हें पांच नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस के खिलाफ ट्रंप की जीत पर 'दुख महसूस हुआ।

# अपने पार्टनर को धोखा देना अपराध नहीं, अमेरिकी कोर्ट ने बदल दिया 100 साल पुराना कानून

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क की एक कोर्ट ने शुक्रवार को सौ साल से भी ज्यादा पुराने कानून को निरस्त कर दिया है। इसके बाद अब यहां अपने जीवनसाथी को धोखा देना अपराध के तहत नहीं आएगा। गवर्नर कैथी होचुल ने 1907 में बने इस कानून को निरस्त करने वाले एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए। एडल्ट्री यानी अपने साथी के अलावा किसी और से संबंध रखने को लेकर पिछले कई सालों से यह बहस जारी है कि इसे अपराध की श्रेणी में रखा जाए या नहीं। अमेरिका की कई राज्यों में एडल्ट्री पर प्रतिबंध को लेकर सख्त कानून है। इसे उस वक्त बनाया गया था जब पति या पत्नी के धोखा देने को साबित करना ही कानूनी तलाक पाने का एकमात्र तरीका था। कानून का मकसद देश में तलाकों की संख्या को कम करना था। कुछ राज्यों ने बीते कुछ सालों में ऐसे कानूनों को खत्म करने के लिए कदम उठाए हैं। विधेयक को मंजूरी देते हुए गवर्नर ने कहा, मैं अपने पति के साथ 40 साल तक एक अच्छा विवाहित जीवन जीने के लिए भाग्यशाली रही हूं। इसीलिए मेरे लिए एडल्ट्री को अपराध मुक्त करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर करना थोड़ा विडंबनापूर्ण है। मैं जानती हूं कि लोगों के बीच अक्सर जटिल रिश्ते होते हैं। उन्होंने कहा, इन मामलों को आपसी बातचीत से सुलझाने चाहिए न कि




हमारी न्याय प्रणाली द्वारा। आइए इस बेतुके, पुराने कानून को हमेशा के लिए खत्म किया जाए। न्यूयॉर्क में एडल्ट्री की परिभाषा के मुताबिक जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति के साथ उस समय यौन संबंध बनाता है जब उसका कोई जीवित जीवनसाथी होता है, या दूसरे व्यक्ति का कोई जीवनसाथी होता है तो उसे धोखा माना जाता है । न्यूयॉर्क टाइम्स के एक लेख के अनुसार इस कानून का कई बार इस्तेमाल किया जा चुका है जिसमें तीन साल तक जेल की सजा दी जाती थी। बिल लाने वाले विधानसभा सांसद चार्ल्स लैविन ने कहा कि 1970 के दशक से इस कानून के तहत लगभग एक दर्जन लोगों पर आरोप लगाए गए हैं और उनमें से केवल पांच मामलों में दोष साबित हुआ है। उन्होंने कहा, कानून हमारी रक्षा करने और असामाजिक व्यवहार को रोकने के लिए होते हैं। यह कानून किसी भी उद्देश्य को पूरा नहीं करता है। इसका आखिरी बार 2010 में इस्तेमाल किया गया था।

**रूस-यूक्रेन जंग को रुकवाने के लिए ग्रेनेल को विशेष दूत चुन सकते ट्रंप, समर्थक नाराज : वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप, जो अमेरिका के अगले राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं, रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए एक विशेष दूत नियुक्त करने की योजना बना रहे हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस पद के लिए उनके पूर्व खुफिया प्रमुख रिचर्ड ग्रेनेल को चुना जा सकता है। रिचर्ड ग्रेनेल 2017-2021 के दौरान ट्रंप प्रशासन में अमेरिका के जर्मनी में राजदूत और खुफिया विभाग के कार्यवाहक निदेशक रह चुके हैं। ट्रंप के चुनाव अभियान में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई थी और वे अमेरिका के विदेश मंत्री बनने के प्रबल दावेदार भी थे। यदि उन्हें यह पद मिलता है, तो वह रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के ट्रंप के प्रयासों में अहम भूमिका निभाएंगे। हालांकि, अभी यह तय नहीं है कि ट्रंप यह पद बनाएंगे या किसी और को इसके लिए चुनेंगे।

## 20 रुपये के लिए कलयुगी बेटे ने की मां की हत्या

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में मालदा के केंदुआ गांव में एक रिश्ते को तार-तार कर देने का मामला सामने आया है। यहां एक लड़के ने अपनी मां की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना की जानकारी लगते ही गांव वालों ने युवक को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी लड़के का नाम चयन सिंह है। वहीं मृत महिला का नाम आरती सिंह है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक चयन सिंह मजदूरी का काम करता है और उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। रोज काम से आने के बाद वह अपनी मां से झगड़ा करता था। हालांकि, 26 नवंबर को दोनों के बीच लड़ाई चरम पर पहुंच गई। ऐसे में बेटे ने गुस्से में आकर मां को मौत के घाट उतार दिया। पड़ोसियों ने घर से तेज आवाजें सुनने के बाद अंदर झांककर देखा तो महिला खून से लथपथ पड़ी थी और बेटा मौके पर मौजूद था। पड़ोसियों ने बताया कि दोपहर में उसने अपनी मां से 20 रुपये मांगे थे, लेकिन महिला ने उसे देने से मना कर दिया था। इस वजह से युवक ने ऐसा किया है। पड़ोसियों ने तुरंत ही वारदात की सूचना पुलिस को दी। गुजरात के सूरत से भी ऐसी ही दिल दहला देने वाली घटना आई थी। पंचशील नगर में एक बेटे ने अपनी 85 साल की बुजुर्ग मां की हत्या कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक महिला बंगाली बिस्वाल उड़ीसा के गंजाम की रहने वाली थी और सूरत में अपने बेटे और बहू के साथ रहती थी। पुलिस को आरोपी से पूछताछ में पता चला कि मां ने उसकी पसंद का खाना नहीं बनाया, जिससे वह गुस्से में आ गया।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन में किराये का दूल्हा पकड़ाया

बागपत । यूपी के बागपत में इंद्रदेव इंस्टीट्यूट में सरकारी की ओर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादियों का आयोजन किया गया था। इस दौरान आयोजित सामूहिक विवाह सम्मलेन में किराये का दूल्हा पकड़ाया है। इस समारोह में 252 जोड़ों की शादी हो रही थी, जिसमें 193 हिंदू और 59 मुस्लिम जोड़े शामिल थे। इस दौरान एक ऐसा भी दूल्हा प्रशासन को मिला, जिसे किराए पर लाया गया था। मामले का पता चलते ही अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में दूल्हा-दुल्हन और उनके परिजन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे हुए थे। सभी लोग शादी की तैयारियों में लगे हुए थे। जिला प्रशासन अपनी कागजी कार्रवाई को पूरा कर रहा था। शादी समारोह मे सब कुछ बिल्कुल ठीक चल रहा था। इसी दौरान जिला प्रशासन की टीम को फेरों के समय एक युवक के फर्जी होने पर शक हुआ। पुलिस ने युवक के फेरे को रोककर जांच की तो, पता चला की युवक दूल्हा नहीं है। पुलिस ने युवक से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह किराया पर आया हुआ है। हालांकि, फर्जी साबित होने के बाद भी युवक के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। जांच में सामने आया है कि युवक दो हजार में नकली दूल्हा बनकर आया था। वहीं, युवक ने शादी के लिए फर्जी आधार कार्ड भी बनवाया था।

## दुनिया में बोहो कैफे...जहां एक लाख रुपये में मिलती हैं चाय

नई दिल्ली । हमारे देश में ज्यादात्तर लोगों के दिन की शुरुआत चाय की चुस्की के साथ होती है। वहीं शाम में चाय पीते-पीते कुछ बातों पर चर्चा भी होती है। इतना ही नहीं हमारे देश में चाय छोटे-मोटे सिर दर्द को भगाने के लिए एक दवा के रुप में इस्तेमाल होती है। लोगों के सिर में दर्द होता है, तब वें दवाई नहीं लेते बल्कि चाय पीना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी कोई ऐसी चाय पी है जिसने आपकी जेब और आपको, दोनों को बहुत ही तगड़ा झटका दिया हो। दरअसल सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें नजर आ रहा है कि एक लड़की कैफे में बैठकर चाय पी रही है। वे जिस चाय को पीती दिखती है उसका नाम गोल्ड करक है और उसकी कीमत 5000 एईडी है। इस भारतीय मुद्रा में बदलने पर 1 लाख 14 हजार 750 कीमत हो जाएगी। जी हां, लड़की जिस कैफे के चाय के बारे में बात रही है उसका नाम बोहो कैफे है। वहां चाय चांदी के कप में लोगों को सर्व किया जाता है। चाय भी काफी हटके है क्योंकि चाय के सबसे ऊपर एक 24 कैरेट गोल्ड की एक शीट होती है। वीडियो में लड़की बताती है कि चाय पीने के बाद चांदी के कप-प्लेट को साथ में ले जाया भी जा सकता है।

## संभल के पत्थरबाजों के लगेंगे पोस्टर, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों से होगी वसूली

लखनऊ। संभल में हुए बवाल के बाद योगी सरकार सार्वजनिक स्थानों पर पत्थरबाजों और उपद्रवियों के पोस्टर लगाएगी और उनसे वसूली भी करेगी। यूपी की योगी सरकार पूर्व में उपद्रवियों और अपराधियों के खिलाफ नुकसान की वसूली और पोस्टर का अध्यादेश जारी कर चुकी है। यानि स्पष्ट है कि उपद्रवियों से सरकार को हुए नुकसान की वसूली की जाएगी। अपराधियों की वजह से किसी भी सार्वजनिक संपत्ति को हुए की भरपाई कराई जाएगी। इसके अलावा, सरकार ने यह भी कहा है कि इन अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में मदद करने वालों को इनाम भी दिया जाएगा। बता दें कि बीते दिनों उत्तर प्रदेश के संभल में स्थित मस्जिद में सर्वे के दौरान हुए पथराव किया गया था। पत्थरबाजी का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कई युवक पुलिस पर पथराव कर रहे हैं। युवकों ने अपना मुंह कपड़े से ढक रखा है, ताकि पुलिस में उनकी पहचान न हो सके। वीडियो में कई लोग हाथों में पत्थर लिए दिख रहे हैं। ये पत्थर वे लोग पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर फेंक रहे हैं। यह लोग एक के बाद एक लगातार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर ईंट, पत्थर सहित तमाम चीजें बरसाते दिख रहे हैं। संभल हिंसा मामले में 20 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पहले ही उपद्रवियों और अपराधियों के खिलाफ नुकसान की वसूली और उनके पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगाने के लिए अध्यादेश जारी किया था। इस फैसले के तहत, उन अपराधियों की पहचान सार्वजनिक की जाएगी, जिन्होंने राज्य में हिंसा या उपद्रव किया हो, ताकि उन्हें समाज से बहिष्कृत किया जा सके और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

# चिराग पासवान ने कहा- कांग्रेस और उनके साथियों को संविधान पर बोलने का कोई हक नहीं



**पटना (एजेंसी)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि कांग्रेस और उनके साथियों को संविधान पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने की वजह बताते हुए कहा कि ये वही कांग्रेस है जिसने 1975 में आपातकाल लगाकर संविधान की धज्जियां उड़ाई थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को सम्मान देने का काम किया। पीएम मोदी ने बाबा साहेब अंबेडकर से जुड़े स्थलों को पंचतीर्थ के तौर पर विकसित कर उनको सम्मान दिया। इसके बाद कांग्रेस और उनके घटक दलों को भीमराव अंबेडकर की याद आई।

उन्होंने कहा कि जिस संविधान की प्रति को आज कांग्रेस नेता हाथ में लेकर घूम रहे हैं, उस संविधान के निर्माता की एक तस्वीर तक संसद में नहीं थी। जबकि कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं की तस्वीर थी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एक ही परिवार के तीन-तीन नेताओं की तस्वीर पार्लियामेंट के सेंट्रल हॉल में लगी हुई थी। यह वही कांग्रेस पार्टी है, जिन्होंने बाबा साहेब को हरवाने का काम किया। आज वही उनको संविधान के निर्माता के तौर पर याद आते हैं और वही संविधान याद आता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने झूठ बोला कि नरेंद्र मोदी अगर तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे तो संविधान की हत्या हो जाएगी, आरक्षण खत्म हो जाएगा, लोकतंत्र समाप्त हो जाएगा। आज सरकार बने लगभग 6 महीने होने को है, बताइए किसका आरक्षण छीन लिया गया? कौन से लोकतंत्र की हत्या कर दी गई? सिर्फ झूठ बोलना कांग्रेस और उनके घटक दलों का काम है और यही कारण है कि महाराष्ट्र जैसे राज्य में उनकी इतनी बड़ी हार होती है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की विपक्ष की मांग पर चिराग पासवान ने कहा कि जब उनकी पार्टी की सरकार केंद्र में और बिहार में भी थी, तो क्यों नहीं दर्जा दिलवा दिया? कथनी और करनी में समानता होनी चाहिए, लेकिन विपिक्ष के पास यही नहीं है। झारखंड में पार्टी के एक विधायक के चुने जाने पर पासवान ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों में भी हमारी पार्टी का विस्तार हो रहा है। नागालैंड के बाद अब झारखंड में भी हमारा विधायक है।

## मुसलमानों से छीना जाए वोट देने का अधिकार, वक्फ नहीं छीन सकता किसानों की जमीन : चंद्रशेखरनाथ स्वामी



बेंगलुरू। देश में ऐसा कानून लाना चाहिए, जिसके तहत किसी भी मुस्लिम को वोट देने का अधिकर न हो। पाकिस्तान ने भी ऐसा किया हुआ है, जहां दूसरे धर्म के लोगों के पास वोट डालने का अधिकार नहीं है। उन्होंने आगे किसानों की जमीनों को लेकर बात की और बोले कि कहा जाता है कि वक्फ किसी की भी जमीन पर दावा कर सकता है। ऐसे में हमें किसानों की जमीनों के लिए लड़ना चाहिए, जिससे के उनकी जमीनें उनके पास ही रहें। किसी की जमीन छीनना कोई धर्म नहीं है। किसानों पर हो रहे जुल्म के खिलाफ हमें लड़ने की जरूरत है। यह बात विश्व वोक्कालिगा महासमस्तन मठ के महंत कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामी ने कही। उन्होंने वक्फ बोर्ड को खत्म किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें सुनिश्चित करना होगा कि वक्फ बोर्ड न हो, क्योंकि नेता वोटों के लिए सब कुछ करते हैं। चंद्रशेखरनाथ स्वामी ने ये सारी बातें बेंगलुरु में कहीं, जहां वह भारतीय किसान संघ की ओर से आयोजित विरोध सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में ये भी कहा कि पाकिस्तान की तरह भारत में भी ऐसा ही होना चाहिए। हम अगर यह सुनिश्चित करते हैं कि उन्हें वोट देने का अधिकार नहीं होगा तो मुसलमान अपने आप सीमित रहेंगे।

## लॉरेंस गैंग की धमकी के बाद पप्पू यादव कर रहे बुलेटप्रूफ कार की सवारी



**-रॉकेट लॉन्चर और ग्रेनेड का भी नहीं होगा कार पर असर**

**पटना (एजेंसी)।** कुख्यात गैंगेस्टर लॉरेन्स विश्नोई गैंग से धमकी मिलने के बाद पूर्णिया सांसद पप्पू यादव अब बेहद सुरक्षित बुलेटप्रूफ लैंड क्रूजर गाड़ी की सवारी करने लगे हैं। पप्पू यादव ने बताया कि यह गाड़ी उनके एक दोस्त प्रकाश ने 15 दिनों के अंदर विदेश से मंगवाई है। इस गाड़ी को रॉकेट लॉन्चर या ग्रेनेड से कोई फर्क नहीं पड़ता। पप्पू यादव ने कहा कि सिर्फ सरकार को छोड़कर उनकी सुरक्षा की चिंता उनके मित्रों, पूरे बिहार को है। सरकार को जब कोई चिंता नहीं हैं तो खुद से सुरक्षा का प्रबंध करना अपना कर्म है। पप्पू यादव ने कहा कि दुनिया की सबसे शक्तिशाली बख्तरबंद कारों में से एक को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। बुलेटप्रूफ टोयोटा लैंड क्रूजर 200 की कीमत करीब 2.50 करोड़ रुपये हैं। लॉरेन्स विश्नोई से धमकी मिलने के बाद अभिनेता सलमान खान भी इसी गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं। यह गाड़ी दुनिया की सबसे सुरक्षित गाड़ियों में से एक है। जानकारी के मुताबिक पप्पू यादव को अब तक लगभग 22 धमकी देश और विदेश से मिल चुकी हैं। धमकियों से परेशान पप्पू यादव ने अब खुद धमकी देने वाले को मैदान में फरिया लेने की बात कह रहे हैं। धमकी देने वाला अगर कहता है कि आपकी रेकी हो रही हैं, अभी कहां हो यह भी बता सकता हूं तो पप्पू यादव अपने अगले कार्यक्रम की भी जानकारी दे देते हैं और कहते है कि मां का दूध पिया है तो आओ।

## खड़गे के बयान पर बीजेपी का पलटवार, संबित पात्रा बोले- ईवीएम हटाओ या न हटाओ, जनता ने कांग्रेस को साइड कर दिया




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी सांसद संबित पात्रा ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर सवाल उठाने को लेकर बुधवार को कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि जनता ने कांग्रेस पार्टी को किनारे कर दिया है। उन्होंने कहा कि कल (26 नवंबर को) संविधान दिवस था। संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने कांग्रेस कार्यालय में ईवीएम को कोसा है और कहा कि हमें ईवीएम हटाना है और बैलेट पेपर को फिर से लेकर आना है।

कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए पात्रा ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी, आप ईवीएम हटाओ या न हटाओ, लेकिन जनता ने कांग्रेस को साइड में रख दिया है। करीब हर राज्य के चुनाव में कांग्रेस साइड लाइन कर दी गई है। महाराष्ट्र में तो नेस्तनाबूद हो गई है। उन्होंने कहा कि एक ओर महाराष्ट्र में महायुति की प्रचंड जीत हुई है तो वहीं कांग्रेस का सफाया हो गया है। उन्होंने कहा कि हर राज्य के चुनाव में कांग्रेस को किनारे कर दिया गया है, यहां तक कि झारखंड में भी। आज कांग्रेस बीजेपी से काफी पीछे है।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कांग्रेस का सफाया हो गया है। महाराष्ट्र में उन्हें महज 16 सीटें मिली हैं। महायुति ने भारी बहुमत से जीत हासिल की है, लेकिन कांग्रेस का महाराष्ट्र से सफाया हो गया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और अन्य लोगों सहित कांग्रेस पार्टी के नेताओं के चेहरे पर निराशा स्पष्ट रूप से लिखी हुई है। भाजपा नेता ने कहा कि मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ, मल्लिकार्जुन खड़गे जी जैसे एक वरिष्ठ नेता ने कल एक वाक्य कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी, और गरीबों का वोट ईवीएम के कारण खराब हो रहे हैं।

उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या सोचते हैं मल्लिकार्जुन खड़गे जी और कांग्रेस पार्टी के लोग कि एससी, एसटी, ओबीसी, समाज इतना अनपढ़ है कि उन्हें ईवीएम में वोट करना नहीं आता? कांग्रेस की ऐसी सोच एससी, एसटी, ओबीसी,समाज का अपमान है। मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि कमजोर तबकों का वोट जाया हो रहा है और ऐसे में मतपत्रों के जरिए मतदान होना चाहिए तथा इस मांग को लेकर 'भारत जोड़ो यात्रा' की तरह एक मुहिम शुरू करनी है। उन्होंने कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों की ओर से आयोजित 'संविधान रक्षक अभियान' कार्यक्रम में यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जाति जनगणना कराने से डरते हैं क्योंकि इन्हें लगता है कि ऐसा करने से सभी वर्ग अपनी हिस्सेदारी मांगने लगेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी, गरीब तबके के लोग अपनी पूरी शक्ति लगाकर वोट दे रहे हैं, उनका वोट फिजूल जा रहा है...हमें मतपत्र के जरिये वोट चाहिए। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी जी के घर, या अमित शाह के घर में मशीन रखने दो, अहमदाबाद के किसी गोदाम में रखने दो। लेकिन हमें मत पत्र चाहिए। खरगे ने कहा कि पार्टी की तरफ से एक मुहिम शुरू करनी चाहिए। सभी पार्टियों को कहेंगे। जैसे राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाली गई थी, वैसे ही 'मत पत्र चाहिए' की मुहिम शुरू करनी होगी।'

## गिरिराज का अखिलेश और राहुल गांधी पर तंज, संभल जाने वाले बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर कुछ कहे



नई दिल्ली । उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान पथराव की घटना ने स्थिति को तनावपूर्ण कर दिया है, इस हिंसा में 4 लोगों की मौत हो गई और 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस हिंसा पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जो लोग संभल जाने की बात कर रहे हैं, उन्हें बांगलादेश में हो रही हिंदुओं पर हिंसा पर भी बोलना चाहिए। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा, राहुल गांधी और अखिलेश बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को नजरअंदाज कर रहे हैं, जबकि बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय दास को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया है। मेरा सुझाव है कि हिंदुओं को बांगलादेश में हो रहे अत्याचार का विरोध करना चाहिए। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा को उत्तर प्रदेश के हालात की जानकारी है और वे संभल जाने की योजना बना रही हैं। उनका दावा है कि गांधी परिवार ही वह परिवार है, जो हिंसा में पीड़ित परिवारों का दर्द समझ सकता है।

# बांग्लादेश में चिन्मय की गिरफ्तारी मामले में केंद्र सरकार करे हस्ताक्षेप

**-दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की मोदी सरकार से अपील**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में इस्कॉन के प्रमुख नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी से भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव बढ़ गया है। चिन्मय पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के ऊपर भगवा झंडा लगाने का आरोप है, राष्ट्रीय ध्वज के अपमान में ढाका पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार में लिया। इस मामले को लेकर भारत में तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार से इस मामले में दखल देने की मोदी सरकार से अपील की है। उन्होंने कहा कि चिन्मय कृष्ण दास को जल्द रिहा किया जाना चाहिए। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी इस घटना पर आपत्ति जताई है। भारत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा और दमन की निंदा करते हुए चिन्मय दास की गिरफ्तारी को अस्वीकार्य बताया है। वहीं, बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने इसे आंतरिक मामला बताया और भारत से इस मामले में हस्तक्षेप न करने को कहा है। इस्कॉन ने इस घटना को लेकर गहरी नाराजगी जाहिर की और कहा कि बांग्लादेश में सनातन धर्म के लोगों के साथ भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन ने बांग्लादेश सरकार से तीन प्रमुख मांगें रखी हैं, जिसमें चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई, अल्पसंख्यकों पर हमले के दोषियों पर कार्रवाई और देश में शांति और सद्भाव तय करने के लिए कदम उठाना। ढाका पुलिस ने बताया कि चिन्मय दास पर 25 अक्टूबर को चटगांव में एक रैली के दौरान बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया है। यह शिकायत पूर्व बीएनपी नेता फिरोज खान ने दर्ज कराई थी, जिन्हें बाद में पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण निष्कासित कर दिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस घटना ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बीते साल 95 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक भारत आए, सरकार ने जारी किया आंकड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेशी पर्यटकों का भी भारत की जीडीपी में योगदान है। पिछले साल करीब 5 फीसदी जीडीपी में योगदान देने वाले पर्यटकों के लिए भारत सरकार ने कुछ सहूलियतें भी उपलब्ध कराई हैं। 2023 में भारत में आने वाले विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या 9.52 मिलियन (95.2 लाख) रही। इनमें से 46.2 प्रतिशत पर्यटक छुट्टियों, मनोरंजन और यात्रा के उद्देश्य से भारत आए थे, जबकि 26.9 प्रतिशत पर्यटक भारतीय प्रवासियों के रिश्तेदार थे जो भारत यात्रा पर आए थे। इसके अलावा कुछ लोग विदेशों से इलाज के लिए भी भारत आए थे।

यह जानकारी केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में दी। मंत्री ने आगे कहा कि 2023 में भारत में आने वाले विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या 9.52 मिलियन (95.2 लाख) रही। इनमें से 46.2 प्रतिशत पर्यटक छुट्टियों, मनोरंजन और यात्रा के उद्देश्य से भारत आए थे, जबकि 26.9 प्रतिशत पर्यटक भारतीय प्रवासियों के रिश्तेदार थे जो भारत यात्रा पर आए थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2015-16 में पर्यटन क्षेत्र के सैटेलाइट अकाउंट के अनुसार 2018-19 में पर्यटन का जीडीपी में योगदान 5.01 प्रतिशत था। इसके बाद, 2020-21 में यह घटकर 1.5 प्रतिशत और 2021-22 में 1.75 प्रतिशत रहा था। उन्होंने बताया कि 2022-23 में फिर से पर्यटन क्षेत्र का जीडीपी में योगदान 5 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्षों से सुधार दर्शाता है। एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि भारत में चिकित्सा उपचार के लिए विदेशियों के आने को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने ई-मेडिकल वीजा और ई-मेडिकल अटेण्डेंट वीजा की सुविधा 167 देशों के नागरिकों के लिए लागू कर दी है। यह कदम विदेशों से आने वाले मरीजों और उनके साथ यात्रा करने वालों के लिए सहूलियत बढ़ाने के लिए उठाया गया है।

# जम्मू में पहली बार एनएसजी कमांडो तैनात, आतंकियों के खिलाफ होगी तुरंत कार्रवाई

**श्रीनगर (एजेंसी)।** बढ़ती आतंकी बारदातों पर लगाम लगाने केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने जम्मू में एनएसजी कमांडो तैनात किया है। यह फोर्स अब आतंकियों के खिलाफ तुरंत एक्शन लेगी। एनएसजी कमांडो जम्मू में रहेंगे।

टास्क फोर्स की तैनाती किसी भी बड़ी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए किया गया है। पिछ्ले कुछ दिनो में जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा बलों पर आतंकी हमलों का ध्यान में रखत हुए गृह मंत्रालय ने यह कदम उठाया है। इससे पहले आतंकवादियों को खत्म करने के लिए एनएसजी की जरूरत महसूस होती थी, तो इन्हें नई दिल्ली या चंडीगढ़ से हवाई मार्ग से बुलाना पड़ता था, जिसमें काफी वक्त लगता था। अब एनएसजी कमांडो जम्मू शहर में आसानी से उपलब्ध होंगे। एनएसजी कमांडो की तैनाती जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी योजना का हिस्सा है, खासकर ऊंची इमारतों, सुरक्षा प्रतिष्ठानों और संवेदनशील प्रकृति के सार्वजनिक स्थानों पर अगर किसी तरह का आतंकवादी हमला होता है, तो यह टीम पूरी तरह से एक्टिव रहेगी। हाल के दिनों में जम्मू, कठुआ, उधमपुर, किश्तवाड़, डेडा, रियासी, राजौरी और पुंछ इलाके में कई आतंकी घटनाएं देखने को मिली थी, जिसकी वजह से केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एनएसजी को जम्मू में तैनात किया है।

### क्या है एनएसजी

एनएसजी कमांडो एडवांस्ड हथियारों और तकनीक का उपयोग करते हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावी हो जाती है। एनएसजी को ब्लैक कैट कमांडो कहा जाता है, क्योंकि ये काले रंग की वर्दी और हेलमेट पहनते हैं, जिससे इनकी पहचान यूनिक और सबसे छिपी रहती है। इनका प्रतीक चिन्ह भी एक काली बिल्ली है, यह गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाली आतंकवाद रोधी इकाई है। एनएसजी कमांडो को आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन, और बडे जोखिम वाली स्थितियों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

